सुप्रभात
रांची, गुरुवार
18.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 08



12 श्रुति हेगड़े ने जीता मिस यूनिवर्सल का खिताब

## भगवान जगन्नाथ लौटे अपने धाम



## राजधानी में निकला मुहर्रम जुलूस



फोटो : समीर

### राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता
# अपराध नियंत्रण में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधि-व्यवस्था, नयी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, झारखंड आरक्षी एवं झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा समेत चल रही अन्य नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। सीएम ने महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि- व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे राज्य में भय मुक्त वातावरण बना रहे, इसके लिये अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिये सभी ठोस कदम उठायें। उन्होंने कहा कि



आपराधिक कांडों में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अपराध नियंत्रण की दिशा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था पुख्ता रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान वैसे असामाजिक तत्वों की विशेष निगरानी की व्यवस्था करें, जो अशांति फैलाने की साजिश रचने की कोशिश करते हैं।

**नयी योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र शुरू करें :** सीएम ने कहा कि राज्य सरकार कई नयी कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इनमें 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की एक महत्वपूर्ण योजना भी शामिल है।

(शेष पेज 11 पर)

### नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूरी करें

श्री सोरेन ने बैठक में झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा, झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 चल रही प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द पूरी की जाये। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता और गोपनीयता बरती जानी चाहिए। किसी भी तरह की अनियमितता और गड़बड़ी ना हो, इसे इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस, होमगार्ड, फॉरेस्ट और एक्साइज जैसे यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में एकरूपता लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में गति लाने के लिये यह काफी जरूरी है। इससे युवाओं को भी यूनिफॉर्म सर्विसेज की होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में सहूलियत होगी।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले की आज शीर्ष कोर्ट में सुनवाई
### 40 से अधिक याचिकाएं, 23 लाख बच्चों को फैसले का इंतजार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। यह परीक्षा 5 मई को आयोजित की गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर 18 जुलाई की अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है। सर्वोच्च न्यायालय ने 8 जुलाई को अपनी सुनवाई के दौरान एनटीए को यह खुलासा करने का आदेश दिया था कि प्रश्नपत्र लीक कब हुआ कैसे लीक हुआ आदि। शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को परीक्षा



रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित गड़बड़ी की जांच की मांग वाली याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी थी।

**23.33 लाख से अधिक बच्चे बैठे थे परीक्षा में :** उल्लेखनीय है कि 5 मई को 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर 23.33 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। केंद्र और एनटीए ने शीर्ष अदालत में दायर अपने पहले के हलफनामों में कहा था कि परीक्षा को रद्द करना सही नहीं होगा। बड़े पैमाने पर गोपनीयता के उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को 'गंभीर रूप से खतरे में डाल देगा'।

### केन्द्र ने किया था गड़बड़ी से इनकार

पिछली सुनवाई में शीर्ष कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में केंद्र सरकार ने किसी बड़ी गड़वड़ी से इनकार किया था। केंद्र की ओर से कहा गया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा किये गये डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि न तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का कोई संकेत है और न ही उम्मीदवारों के एक स्थानीय समूह को लाभ होने का जिससे असामान्य अंक आये हैं।

### अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में बोले शिवराज
# झारखंड की अस्मिता खतरे में

- मूलवासियों को बनाया जा रहा अल्पसंख्यक
- राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर
- घुसपैठिये हमारी बेटियों से शादी कर जमीन कब्जा रहे हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री सह भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने राज्य को बर्बाद कर दिया। आज योजनाबद्ध तरीके से यहां के मूलवासियों को अल्पसंख्यक बनाया जा रहा। ये सरकार झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को मिटाने पर तुली है। ये गठबंधन की सरकार अगर पांच साल और आ गयी तो झारखंड बचेगा नहीं। इसलिए ये चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। झारखंड की जनता का सम्मान बचाने का चुनाव है। झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बेईमानों की सरकार को उखाड़ कर फेंकना है और झारखंड को बचाना है। श्री चौहान बुधवार को हटिया विधानसभा में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कर दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और घोटालों से जनता त्राहिमाम कर रही है। राज्य में अपराध भी चरम सीमा पर है।

(शेष पेज 11 पर)

## सारंडा में मुठभेड़, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**रांची, चाईबासा।** सारंडा के जराइकेला थाना क्षेत्र के घने जंगलों में बुधवार को सुरक्षाबलों और एक करोड़ के इनामी नक्सली पतिराम दस्ते के नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। जंगली क्षेत्र में झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों से पुलिस का आमना सामना हो गया। सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला और गोलीबारी से नक्सलियों को पस्त कर दिया। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगलों की तरफ भाग गये। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया है।

पश्चिमी सिंहभूम एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि एक करोड़ के इनामी नक्सली पतिराम मांझी उर्फ अनल के दस्ते के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल कर फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में गोला और बारूद बरामद किये हैं।

## पकड़ा गया साइबर अपराधियों का सरगना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** क्रिप्टोकरंसी के नाम पर झारखंड के दर्जनों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले साइबर अपराधी अमित जायसवाल को सीआइडी साइबर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

क्रिप्टोकरंसी के नाम पर अमित जायसवाल ने केवल झारखंड से ही पांच करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार अमित जायसवाल बेहद शातिर है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है अमित ने झारखंड में ही केवल ठगी की है या अन्य राज्यों में ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

**पटना का रहनेवाला है अमित :** पटना के रहने वाला अमित पढ़ाई लिखाई में भी काफी तेज है। इसी क्रम में वह एक बेहतरीन इन्फ्लुएंसर बन गया। एक तरह से कहा जाये तो वह लोगों को सम्मोहित कर ठगी कर लेता था। सीआईडी डीजी के अनुसार दिल्ली में रहने के दौरान ही अमित का क्रिप्टो करेंसी के जरिये ठगी करने वाले गिरोह से संपर्क हो गया, जिसके बाद एक बेबसाइट बना कर क्रिप्टोकरंसी में निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने लगा।

**साइबर थाना में दर्ज हुआ था मामला :** साल 2023 में अमित जायसवाल के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत सीआईडी के साइबर क्राइम ब्रांच में ठगी का मामला दर्ज किया गया था। मामले को लेकर वादी ने बताया था कि शुरूआत में गोल्ड बॉन्ड के माध्यम से कांड के एक अन्य आरोपी शशि शंकर और विक्की के द्वारा निवेश करने पर काफी अच्छा पैसा दिया गया था।

(शेष पेज 11 पर)

झारखंड में ठगा था पांच करोड़ क्रिप्टो में निवेश पर देता था प्रलोभन



### झारखंड के कई इलाकों में मुहर्रम जुलूस में लहराया विदेशी झंडा
# गिरिडीह में तजिया में फैला करंट, एक की मौत, दो घायल

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** बिहार के दरभंगा, नवादा और मोतिहारी के बाद झारखंड के दुमका, लोहरदगा समेत कई जिलों में भी मुहर्रम जुलूस के दौरान युवकों ने फिलिस्तीन का झंडा लहराया। लोहरदगा के एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि यह मामला पुलिस के संज्ञान में है। विदेशी झंडा पहराने पर विहिप और बजरंग दल ने इसे राष्ट्रद्रोह बताया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र में ताजिया निशान 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से हैदर अंसारी



(25) नामक एक युवक की मौत हो गयी। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं झारखंड के कई इलाकों में तजिया जुलूस को ले कर कई गुटों में आपसी झड़प की खबरे आयी हैं।

**एसपी बोले, देशद्रोह का मामला :** लोहरदगा के कचहरी पथ पर कुछ असामाजिक तत्वों ने सोमवार की रात्रि में फिलिस्तीन का झंडा फहराते हुए फलस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाये।

(शेष पेज 11 पर)

### बगोदर में पथराव, धारा 163 की लागू

गिरिडीह के बगोदर थाना इलाके के बालक गांव के तिवारी टोला में बुधवार को बगोदर सरिया एसडीएम बिपिन दुबे ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 को लागू कर दिया है। सरिया एडीएम दुबे ने बताया कि बुधवार को अखाड़ा रूट को लेकर पहले से दोनों पक्षों में विवाद था। दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी और से पत्थरबाजी के कारण यह कदम उठाना पड़ा।

### धनबाद में अखाड़ा कमेटियों में भिड़ंत

धनबाद जिले के झरिया में मुहर्रम के दिन सुबह-सुबह तीनअखाड़ा कमेटियों में भिड़ंत हो गयी। एक-दूसरे पर कमेटियों के सदस्यों ने ईंट-पत्थर बरसाये। आपस में जमकर मारपीट भी हो गयी। पत्थरबाजी में एक दर्जन से अधिक लोगों के सिर में गंभी चोटें आयी हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सिंदरी डीएसपी खुद मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

## बजट सत्र से पहले आज मोदी कैबिनेट की बैठक

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक गुरुवार को होने वाली है। यह बैठक सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगी। खबरों के अनुसार यह बैठक 23 जुलाई को पेश किये जाने वाले केंद्रीय बजट 2024 से ठीक पहले हो रही है। इसके अलावा प्रधानमंत्री गुरुवार शाम 6 बजे भाजपा मुख्यालय भी जा सकते हैं। इस दौरान वह पार्टी कार्यकताओं को भी संबोधित करेंगे।

**सरकार ने 21 को बुलायी सर्वदलीय बैठक :** मालूम हो कि 22 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है। वहीं, इस सत्र में बीते सत्रों की सरह हंगामा न हो इसके लिए सरकार ने 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मानसून सत्र के दौरान ही बजट पेश किया जाना है। ये सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलने वाला है। इसी दौरान केंद्र सरकार अपना पूर्ण बजट पेश करेगी। 23 जुलाई को केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करने वाली हैं।

### भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे मोदी



## न्यूज डायरी

### महिला एशिया कप में पहले ही दिन भारत- पाक भिड़ंत

**नयी दिल्ली।** 19 जुलाई से एसीसी वुमेंस एशिया कप टी-20 2024 की शुरूआत होने जा रही है। भारत की पहली ही भिड़त चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगी। श्रीलंका के दाम्बुला में पूरा टूनार्मेंट खेला जायेगा। 10 दिन में पूरा टूनार्मेंट समाप्त हो जायेगा। टूनार्मेंट में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, यूएई, मलेशिया और थाईलैंड समेत आठ टीमें शामिल है। फाइनल समेत कुल 15 मुकाबले खेले जायेंगे।

### 29 तक केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे

**नयी दिल्ल।** सीएम अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे। उनकी जमानत याचिका पर अगली सुनवाई अब 29 जुलाई को होगी। बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### डेमोग्राफी चेंज जीने-मरने का मुद्दा : हिमंता

**रांची।** झारखंड दौरे पर आये असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने डेमोग्राफी चेंज को लेकर चल रही सियासत के बीच बड़ा बयान दिया है। रांची में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि असम में 1951 में मुस्लिम आबादी 12% थी और वर्तमान समय में 40% हो गयी है। डेमोग्राफी चेंज मेरे लिए जीने और मरने का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कुछ इसी तरह का बदलाव झारखंड के संथाल परगना में भी हो रहा है।

### नीतीश को झटका, कोर्ट ने पलटा पुराना फैसला

**नयी दिल्ली।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार को विधानसभा चुनाव से पूर्व सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने नीतीश सरकार के 9 साल पुराने एक फैसले को निरस्त कर दिया है। 2015 में जब नीतीश सरकार ने तांती-तंतवा जाति को अनुसूचित जाति में शामिल कर लिया था। मामले की सुनवाई करते कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी राज्य सरकार को नाम जोड़ने या हटाने का अधिकार नहीं है।

### डोडा में हमलावर पाक के पूर्व सैनिक थे

**नयी दिल्ली।** डोडा में 15 जुलाई को आतंकियों के हमले में 5 जवान शहीद हो गये थे। सूत्रों के मुताबिक सामने आ रहा है कि डोडा में हमला करने वाले पूर्व पाकिस्तानी सैनिक हो सकते हैं ये वो सैनिक हो सकते हैं जो पहाड़ों में छिपने और घात लगाकर हमला करने में माहिर हैं। पूर्व पाकिस्तानी सैनिक स्पेशल ट्रेनिंग ले चुके हैं।

### जीतन सहनी हत्या मामले में चार लोग हिरासत में

दरभंगा/पटना। बिहार पुलिस ने (वीआइपी) के अध्यक्ष मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की जघन्य हत्या की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कुल 4 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 98000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## झारखंड में एक माह में विस्थापन आयोग का हो गठन : सीपी चौधरी

**गिरिडीह सांसद ने कहा–हजारों विस्थापित परिवार परेशान हैं, मुख्यमंत्री इस मामले में शीघ्र संज्ञान लें**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह लोस क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड के हजारों विस्थापित परिवार के हितों की रक्षा को लेकर आवाज उठाई है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड विस्थापन आयोग का एक माह के अंदर गठन करने की मांग की है। उन्होंने सीएम को अवगत कराया कि झारखंड में वर्षों से कोयला खनन परियोजना से प्रभावित पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए केंद्र सरकार के तत्कालीन कोयला मंत्री के अलावा कोयला सचिव एवं कोल इंडिया के चेयरमैन को लिखित ज्ञापन सौंपकर कोयला क्षेत्र (अधिग्रहण व विकास) अधिनियम 1957 की धारा 14(2) के तहत अभिकरण (ट्रिब्यूनल) की स्थापना करने की मांग की, जो मौजूदा समय में कैबिनेट के पास विचाराधीन है। साथ ही तत्काल राहत के लिए राज्य के 7 जिलों में अल्पकालीन जिला स्तर अभिकरण की स्थापना का आदेश कोयला मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को दिया गया है। इससे जिला स्तर पर कोयला खनन परियोजना से प्रभावित परिवारों को न्याय मिलने का रास्ता प्रशस्त हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस बात से भी अवगत कराया कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा कोल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया में केंद्र सरकार के उपक्रम कंपनियों तथा निजी कंपनियों को कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ है जिसमें स्थानीय ग्रामीणों की वर्षों से कब्जे वाली भू-भाग का अधिग्रहण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इससे गैर मजरूआ व अन्य भूमि पर कृषकों को वर्षों से दाखिल खारिज होने पर भी राजस्व का भू-रिकॉर्ड के अभिलेख में दर्ज जमीन के किस्म से कृषकों को मुआवजा मिलने में कानूनी अड़चन है क्योंकि गैर मजरूआ भू-भाग खास के संबंध में राज्य में अब तक स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं है। इस कारण विस्थापितों की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से एक माह में इस समस्या के समाधान की मांग की है।

### पारा शिक्षकों ने की नियमाली में संशोधन की मांग तो बीआरपी-सीआरपी ने अपने को बताया श्रेष्ठ

# नियमावली में मॉनिटरिंग शब्द जोड़े से जाने से बीआरपी-सीआरपी व पारा शिक्षक भिड़े

**दोनों संगठनों के बीच शुरू हो गये बयानों के तीर, बचाव में उतरे दोनों संगठन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से लंबे संघर्ष के बाद बीआरपी-सीआरपी के लिए नियमावली बनायी गयी है। विभाग ने इसका संकल्प जारी कर दिया है। विभाग की ओर से संकल्प जारी होते ही पारा शिक्षक और बीआरपी-सीआरपी के बीच बयानी जंग शुरू हो गया है। पारा शिक्षक जहां, नियमावली से मॉनिटरिंग शब्द को हटाने की मांग कर रहे हैं। वहीं बीआरपी-सीआरपी का कहना है कि वह हमेशा से पारा शिक्षकों से उपर रहे हैं। उनका मानदेय हमेशा पारा शिक्षकों से ज्यादा रहा है। वह पारा शिक्षकों का अनुश्रवण करते हैं। इसी बात को लेकर दोनों संगठनों के बीच जुवानी जंग शुरू हो गयी है।

**बीआरपी-सीआरपी ने की पारा शिक्षकों के बयान की निंदा :** बीआरपी सीआरपी महासंघ झारखंड प्रदेश के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पारा शिक्षक संघ के उस बयान की कड़ी शब्दों में निंदा की गई है, जिसमें उन्होंने बीआरपी सीआरपी के नियमावली के संकल्प के कुछ बिंदुओं का विरोध किया है। बीआरपी सीआरपी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि नियुक्ति काल से ही बीआरपी सीआरपी का मानदेय सभी कोटि के पारा शिक्षकों से ज्यादा रहा है। प्रारंभ से ही बीआरपी सीआरपी का मानदेय कक्षा 6 से 8 के प्रशिक्षित पारा शिक्षकों के कोटी से ज्यादा रहा है। 2021 में जब पारा शिक्षकों की नियमावली बनी एवं मानदेय में 50% की वृद्धि की गई उस समय बीआरपी सीआरपी का मानदेय पारा शिक्षकों से कम हो गया जिस पर महासंघ ने राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव को मांग पत्र सौंप कर ध्यान आकर्षित कराया था। तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमिटी का गठन किया गया था उसके बाद राज्य सरकार द्वारा अनुबंध कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली के मुद्दे पर बनाई गई विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति के सिफारिश पर वित्त विभाग, विधि विभाग एवं कार्मिक विभाग द्वारा अनुमोदन होने के उपरांत राज्य सरकार के द्वारा कैबिनेट से बीआरपी सीआरपी के नियमावली को पारित किया गया। श्री शुक्ला ने कहा कि बीआरपी सीआरपी का मुख्य कार्य अनुश्रवण का है एवं बीआरपी सीआरपी की नियुक्ति के समय ही इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया था।

श्री शुक्ला ने कहा कि पारा शिक्षक संघ के नेतृत्व मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, विकास आयुक्त, शिक्षा सचिव, वित्त सचिव, विधि सचिव, कार्मिक सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, प्राथमिक शिक्षा निदेशक एवं परियोजना निदेशक के फैसले को गलत ठहरा रहे हैं, जो हास्यास्पद है क्योंकि बीआरपी सीआरपी की नियमावली पर इन सभी लोगों का अनुमोदन प्राप्त है। पंकज शुक्ला ने बीआरपी सीआरपी के नियमावली को लागू करने पर राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

**बीआरपी-सीआरपी का मानदेय वृद्धि पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| बीआरपी प्रशिक्षित 17500/- से 26000/- | वृद्धि 48.57%. |
| बीआरपी अप्रशिक्षित 16500/- से 24500/- | वृद्धि 48.48%. |
| सीआरपी प्रशिक्षित 16500/- से 24200/- | वृद्धि 46.66%. |
| सीआरपी अप्रशिक्षित 15500/- से 22600/- | वृद्धि 45.80%. |

**झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने किया विरोध**

बीआरपी सीआरपी के लिए बनायी गयी नियमावली का झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने विरोध किया है। मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने कहा है कि चूंकि बीआरपी–सीआरपी पारा शिक्षकों की मॉनिटरिंग करते हैं इसलिए इनका मानदेय पारा शिक्षकों से कम नहीं होना चाहिए। शकील का कहना है कि बीआरपी–सीआरपी सरकारी स्कूलों का अनुश्रवण करते हैं और रिपोर्टिंग करते हैं। इसके अलावे बीआरपी–सीआरपी का जो संबंध पारा शिक्षकों से है ठीक वही संबंध सरकारी शिक्षकों से भी है। ऐसे में शिक्षा विभाग के द्वारा नियमावली में सिर्फ पारा शिक्षकों के मानदेय का जिक्र किया जाना कहीं से वाजिब नहीं है। सरकार बीआरपी–सीआरपी को मानदेय जितना देना है दे, हमें कोई आपत्ति नहीं है, परंतु पारा शिक्षकों के लिए मानदेय बढ़ोतरी में बंदिश लगाना झारखंड के पारा शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर शिक्षा विभाग त्वरित संज्ञान लेते हुए उस पंक्ति में संशोधन नहीं करती है तो आने वाले समय में मजबूरन राज्य के 62000 पारा शिक्षक रांची की सड़क में उतरेंगे ।

### असम के सीएम ने हेमंत सोरेन पर जेल से बाहर आकर चंपाई सोरेन का पॉलिटिकल मर्डर करने का लगाया आरोप

# इंडी एलायंस विस चुनाव भी हारेगी : हिमंता

- राहुल गांधी की खटाखट बुद्धि से सरकार नहीं चलती
- जनता को महीना का एक हजार देना है तो 5 साल के बकाये के साथ 60 हजार दीजिये



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व सरमा ने बुधवार को हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में रांची विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने बूथ स्तर से कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सम्मान करते हुये कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार यह पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के परिश्रम का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें अभी हेमंत सरकार की नाकामियों, वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार,ध्वस्त विधि व्यवस्था, खान खनिज, बालू, पत्थर की लूट को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जनता का विकास नहीं चाहिये, उन्हें केवल अपनी कुर्सी चाहिय। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने जेल से बेल पर बाहर आते ही अपनी ही पार्टी के एक योग्य आदिवासी नेता चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री से हटाकर उनका पॉलिटिकल मर्डर किया। हेमंत सोरेन को दूसरा आदिवासी नेता मंजूर नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य की खनिज संपदा की लूट हो रही, बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन ने जिस प्रकार पति को जेल से छुड़ाने के लिए संघर्ष किया, उसी तरह राज्य की मां बहन बेटियों के लिए संघर्ष करके उनके इज्जत, संपत्ति बचाने की कोशिश करनी चाहिए।

**हेमंत सोरेन ने 5 साल में केवल जनता को लूटा**

हेमंत सोरेन ने 5 साल में केवल जनता को लूटा। बंगला देशी आदिवासी बेटियों से शादी कर रहे, उनकी जमीन लूट रहे हैं। राज्य की डेमोग्राफी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी शादी अवैध है। इसे रोकने केलिए सख्त कानून बनना चाहिये। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन फिर सत्ता में नहीं आने वाले हैं इसलिये अनाप–शनाप घोषणा कर रहे हैं। ऐसी ही घोषणा खटाखट पैसे भेजने की थी। उन्होंने कहा कि मोदी तो प्रतिवर्ष किसानों, मजदूरों को पैसे दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब 8500 की जगह प्रति माह 1000 देने की बात कर रहे हैं लेकिन एक महीना, दो महीना का प्यार नहीं चलेगा। देना है तो 60 महीना का हिसाब जोड़कर 60 हजार प्रति व्यक्ति भेजिये। तब जनता मानेगी की आपकी नियत कुछ देने की है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड की जनता को बालू नही मिल रहा है लेकिन यूपी बिहार बालू भेजा जा रहा है। दलाल–बिचौलिये मालामाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने के लिये संकल्पित हैं। जनता के आशीर्वाद से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनायेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, बालमुकुंद सहाय, वरूण साहू, केके गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### झारखंड में भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत होगी चरितार्थ

# झारखंड में भाजपा की नैया डूबो देंगे तीनों बयान बहादुर : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत चरितार्थ होगी। यह बातें प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बुधवार को कही। भाजपा पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान और लक्ष्मीकांत वाजपेई को उनके केंद्रीय नेतृत्व ने डूब रही भाजपा की नैया को पर लगाने के लिए भेजा था, लेकिन ये तीनों झारखंड में भाजपा को डूबो देंगे। वैसे भी कहावत है, जो इन पर पूरी तरह फिट बैठता है -तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। उन्होंने कहा किउनकी कोई कुटील चाल यहां सफल नहीं होने वाली है।

**सफल मुख्यमंत्री थे तो फिर क्यों नहीं बने**

उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान देश के कृषि मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने आंदोलनरत किसानों की मांगों पर एक शब्द भी नहीं बोला है। आदिवासियों के हितों की बात करने से पहले उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि झारखंड में लाखों आदिवासी परिवार किसान वर्ग से आते हैं। पिछड़ों के आरक्षण को झारखंड में भाजपा सरकार ने क्यों घटाया और जातिगत जनगणना कराने में भाजपा को क्या परेशानी है, इसका जवाब जनता जानना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हटने के संबंध में सवाल करने वाले शिवराज सिंह चौहान से झारखंड की जनता जानना चाहती है कि अगर वो मध्यप्रदेश में सफल मुख्यमंत्री थे तो इन्हें पुनः प्रदेश में मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया गया?

**देश की सीमाएं अगर सुरक्षित हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही :** श्री शांति ने कहा कि फर्जी आंकड़ों के सहारे संथाल परगना की डेमोग्राफी में बदलाव की बात की जा रही है। हिमंता बिस्वा सरमा को बताना चाहिए कि इस मामले में उन्होंने असम में क्या किया है? उन्हें देश के गृह मंत्री से पूछना चाहिए कि देश की सीमाएं अगर सुरक्षित है, तो घुसपैठ कैसे हो रही है? बाढ़ से जूझ रही असम की जनता को राहत पहुंचाने की बजाये झारखंड में आग लगाने की कोशिश बंद करें।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ विद्युत रंजन षाडंगी ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राजभवन ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है।

### प्रमोशन रोक नहीं सकते : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में 75 प्रतिशत तक शारीरिक रूप से असमर्थ हो चुके कमांडेंट को प्रमोशन से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल वर्ष 2012 में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट पद पर प्रतिनियुक्ति पर झारखंड आये रवि शंकर मिश्रा एक नक्सल हमले में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इसके बाद लंबे समय तक उनका इलाज दिल्ली एम्स में चला। 10 अगस्त 2022 को मेडिकल बोर्ड को उनके स्वास्थ्य का रिव्यू करना था लेकिन उस दिन इनसे जूनियर पद पर पदस्थापित अफसरों को प्रमोट कर दिया गया और उनकी वरीयता नीचे चली गयी। इसके बाद रवि शंकर मिश्रा हाईकोर्ट गये।

### महुदी की घटना की जांच के लिए बाबूलाल मरांडी ने बनायी टीम

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने महुदी–बड़कागांव के हिंसक घटना की जांच के लिये भाजपा की टीम गठित की है। इसके अनुसार नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में 18 जुलाई को 1 बजे घटना की जांच एवम हालात की जानकारी के लिये महूदी जायेगा भाजपा प्रतिनिधिमंडल। इस टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही, सांसद मनीष जायसवाल, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, केदार हाजरा, किशुन कुमार दास शामिल हैं।

### एटीएस ने अपराधी विकास, गुलशन और माहताब के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**रांची।** ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट स्थल पर फायरिंग मामले में अपराधी अमन साहू गैंग के तीन अपराधियों विकास कुमार, गुलशन कुमार एवं माहताब आलम के खिलाफ एटीएस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इससे जेल में बंद आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। एंटी टेरेरिस्ट स्कवाड की टीम ने तीनों अपराधियों को चार मई को पतरातू के संकुल और जयनगर के आसपास इलाके में छापेमारी करके गिरफ्तार किया था तभी से तीनों जेल में बंद है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान नहीं लिया है। अदालत ने जांच अधिकारी को अभियोजन स्वीकृति लाने का निर्देश दिया है। इसके लिये अदालत ने 25 जुलाई की तारीख निर्धारित की है।

### दक्षिण अफ्रीका में फंसे कामगारों के सुरक्षित वापसी का आग्रह

**रांची।** झारखंड सरकार ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन विदेश जाने वाले भारतीय कामगारों के हितों की रक्षा के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण से दक्षिण अफ्रीका में फंसे 27 कामगारों की सुरक्षित वापसी के लिए आग्रह किया है। इसके लिये सचिव, श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने प्राधिकरण को पत्र लिखा है। पत्र में प्राधिकरण को बताया गया है कि श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को गिरिडीह, बोकारो के 27 कामगारों ने सूचित किया है कि वे सभी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड, फेस जेंडरमेरी, एप्रेस ऑडिटोरियम जीन पॉल, मबैंकलो, याउंडे, कैमरून, दक्षिण अफ्रीका में विनायक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट पर 29 मार्च, 2024 से काम कर रहें हैं। कामगारों ने बताया है कि उनका भुगतान बकाया है और वे झारखंड लौटना चाहते हैं।

# झारखंड के लोगों में अपराधियों के प्रति बढ़ रहा खौफ : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि हेमंत है तो हिम्मत है, अरे भाई किसको हिम्मत है, अपराधियों को या चोरों को या राज्य संरक्षण में पल रहे हिम्मत वाले गुंडों को। झारखंड में अपराधियों का खौफ इतना बढ़ गया है कि झारखंड की जनता के पास दो ही उपाय बचते हैं। या तो जान दे देने का या रंगदारी देने का। गठबंधन सरकार में दबंगों का आतंक और साहस इतना बढ़ गया है कि वह सिर्फ अब धमकी भर नहीं देते हैं बल्कि रंगदारी न देने वालों को मौत के घाट तक उतार रहे हैं।

ट्वीट में आगे लिखा है कि सरकार और उसकी पुलिस चुप है। क्योंकि रंगदारी का बड़ा हिस्सा उनको भी प्राप्त हो रहा है। लेकिन, क्या प्रदेश की जनता ने इसलिये गठबंधन सरकार को चुना था। ताकि वो अपराधियों के साथ हाथ मिलाकर जनता के साथ ही अपराध, हत्या और रंगदारी को अंजाम दें। प्रदेश के लोगों की जान अब अपराधियों और दबंगों के हाथों में है। सरकार का हाथ अपराधियों के माथे पर है। अब ऐसे में प्रदेश में कोई भी कैसे सुरक्षित रह सकता है। अब वक्त आ गया है अपराधियों को सरंक्षण देने वाली इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का, ताकि लोगों का तथा झारखंड का भविष्य सुरक्षित रह सके।

दूसरे ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में झामुमो का भ्रष्टाचार और कुशासन धरातल पर दिखने लगा है। दुमका के शिकारीपाड़ा विस क्षेत्र में लगातार सात बार से झामुमो के विधायक हैं। पिछले 5 सालों से राज्य में सरकार है। फिर भी सड़क की स्थिति चलने लायक नहीं है। पिछले साल ही उक्त सड़क के निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया जा चुका है। लेकिन दुर्भाग्य से अब तक हेमंत सोरेन की सरकार ने सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान नहीं की है। आदिवासियों को बरगला कर, उन्हें झूठे सपने दिखाकर दशकों से दिग्भ्रमित करने वाले झामुमो-कांग्रेस की दाल अब नहीं गलने वाली है।

## आम की गुठली से बीज निकालने वाले यंत्र पर बीएयू वैज्ञानिक को मिला पेटेंट





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार पांडेय ने आम की गुठली से बीज निकलने वाला हस्तचालित यंत्र विकसित किया है। इस यंत्र को भारत सरकार ने पेटेंट प्रदान किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत महानियंत्रक पेटेंट, डिजाइन एवं व्यापार चिन्ह ने इस आशय का प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन से युक्त आम की गुठली का प्रयोग बहुत से बेकरी उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं कॉस्मेटिक उद्योग में किया जाता है। इस यंत्र के प्रयोग से समय एवं श्रम लागत की बचत होगी। इन उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। डॉ सुशील कुमार पांडेय ने बताया कि इसे बनाने में प्रति यंत्र लागत 15 से 20 हजार रुपये आएगी। प्रति घंटा 15 से 18 किलो गुठली से बीज अलग किये जा सकेंगे। इस उपलब्धि पर बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने डॉ सुशील को बधाई दी है।

## हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव अगस्त में, अगले साल काउंसिल चुनाव की उम्मीद

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की नयी कमिटी के लिए अगस्त में चुनाव होने के आसार हैं। स्टेट बार काउंसिल ने मौजूदा कमिटी से वोटर लिस्ट मांगी है। वोटर लिस्ट मिलने और उसकी स्क्रूटनी के बाद चुनाव की अन्य प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जायेगा। हाईकोर्ट में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव समेत कुल 18 पदों पर चुनाव होते हैं। पिछली बार हाईकोर्ट के करीब 2500 वकीलों ने मतदान कर कमिटी का चुनाव किया था।

दूसरी ओर स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की भी तैयारियां चल रही है। झारखंड में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद स्टेट बार काउंसिल का चुनाव कराया जायेगा। काउंसिल का चुनाव हर पांच वर्ष में कराये जाने का प्रावधान है। मौजूदा कमिटी का कार्यकाल पिछले वर्ष ही खत्म हो चुका है।

## आंदोलनरत झारखंड सहायक पुलिस बल की मांगों पर ध्यान दें सीएम : नायक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनरत झारखंड सहायक पुलिस बल की मांगों पर गंभीरता दिखा कर उनकी मांगों को पूरा कर आंदोलन को समाप्त करायें। ये बातें बुधवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी कांके विधानसभा क्षेत्र विजय शंकर नायक एवं उलगुलान मोर्चा के अध्यक्ष रवि पीटर ने संयुक्त बयान जारी कर कही। इन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा 12 नक्सल प्रभावित 12 जिलों में वर्ष 2017 को सहायक पुलिस बल की नियुक्ति की गई थी। सहायक पुलिस बल 17 दिनों से वे मोराबादी में आंदोलनरत है। ऐसे में आदिवासी मूलवासी की बात करने वाली झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार को उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक गंभीरता दिखानी चाहिए।

# खराब मॉनसून से झारखंड के किसान हुए निराश अब तक 22 जिलों में सामान्य से भी कम बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में वर्ष 2024 ऐसा लगातार तीसरा वर्ष साबित होने जा रहा है जब राज्य में कृषि पिछड़ गयी है। देर से आए मॉनसून और औसत से लगभग आधी बारिश से वर्षाजल पर आधारित राज्य की खेतीबाड़ी पर प्रभाव पड़ रहा है। कृषि निदेशालय से जारी ताजा अपडेट के अनुसार राज्य में अभी तक सिर्फ लक्षित क्षेत्रफल के सिर्फ 9.82% में ही खरीफ फसल का आच्छादन (कवरेज) हो सका है। 16 जुलाई तक धान का आच्छादन 71 हजार 351 हेक्टेयर में, मक्का का आच्छादन 86 हजार 406 हेक्टेयर, दलहन का आच्छादन 74 हजार हेक्टेयर, तिलहन का आच्छादन 10 हजार 257 हेक्टेयर और मोटे अनाज एवं अन्य का आच्छादन 04 हजार 457 हेक्टेयर में हो सका है।

राज्य में वर्षा जल पर ही खेती मुख्य रूप से आधारित है। ऐसे में पहले सामान्य से काफी देर से राज्य में मॉनसून आना और फिर अपेक्षा से काफी कम वर्षा ने राज्य में कृषि को काफी प्रभावित किया है। राज्य में अभी तक सामान्य 359.8 मिमी वर्षा की जगह 188.1 मिमी ही वर्षा हुई है।

राज्य में गोड्डा और साहिबगंज को छोड़ अन्य सभी जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है। इसमें से भी चतरा, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और पाकुड़ ऐसे पांच जिले हैं जहां औसत से काफी कम वर्षा हुई है। वर्षा आधारित खेती में मानसून की कम वर्षा की वजह से आच्छादन काफी कम हुआ है।

**2022 और 2023 में भी लक्ष्य से पीछे रह गया था खरीफ का आच्छादन**

अगर राज्य में खरीफ फसल के आच्छादन की बात करें तो वर्ष 2022 और 2023 में भी मानसून की बेरुखी से झारखंड लक्ष्य से काफी पीछे रह गया था। राज्य में 28 लाख 27 हजार 460 हेक्टेयर में खरीफ फसल की खेती का लक्ष्य 2022 से रखा जा रहा है, जिसमें अकेले 18 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का हिस्सा है। 2022 में लक्ष्य का 50 .63 प्रतिशत यानी 14 लाख 31 हजार 609 हेक्टेयर में ही खेती की जा सकी थी। उस वर्ष धान की लक्षित 18 लाख रकबा में 855084 (47 .50 प्रतिशत) हेक्टेयर में ही आच्छादन हो सका था। वहीं 2022 की तरह वर्ष 2023 में भी मानूसन ने झारखंड को धोखा दिया था तब राज्य में वर्ष 2022 की अपेक्षा खरीफ फसलों के आच्छादन में थोड़ा सुधार जरूर हुआ था बावजूद इसके लक्षित 28 लाख हेक्टेयर में से 11 लाख हेक्टेयर खेती योग्य जमीन में आच्छादन नहीं हो सका था।

**स्थिति में अभी भी है सुधार की उम्मीद**

राज्य के उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा ने राज्य में अभी तक बेहद कम खरीफ फसल के आच्छादन के सवाल पर कहा कि राज्य में देर से आये मानसून और जून महीने में बेहद कम वषार्पात से अभी आच्छादन बहुत कम हुआ है। मुकेश सिन्हा ने बताया कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान से यह उम्मीद बनती है कि आने वाले दिनों में अच्छी वर्षा पूरे राज्य में होगी और आच्छादन की स्थिति में सुधार होगा।

सुप्रभात
गुरुवार 18.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 90
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में शेड निर्माण की मांग



**धनबाद।** गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक के लिए आनेवाले लोग बारिश को लेकर शेड निर्माण की मांग कर रहें है। ग्राउंड में सुबह सैकड़ों की संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आते है। मॉर्निंग वॉक के लिए जगह तो है, पर अचानक बारिश आ जाने पर सिर छुपाने के लिए स्थान नही है इसलिए यहां आने वाले लोग नगर निगम से शेड निर्माण की मांग कर रहे है। पुर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, समाजसेवी आनंद चौरसिया, अजय अग्रवाल ने कहा की बारिश का मौसम है, बारिश होने पर लोग भींग जाते है। इससे बचने के लिए नगर निगम से मॉर्निंग वॉक पथ पर शेड निर्माण की मांग की है, शेड निर्माण हो जाने से बारिश हो या धूप लोगो को परेशानी नहीं होगी प्रतिदिन लोग सुरक्षित होकर मॉर्निंग वॉक कर सकेंगे।

### कोल इंडिया खनन विभाग की प्रोमोशन नीति में हुआ बदलाव

**मैथन।** निरसा के पूर्व विधायक, बीसीकेयू के महासचिव एवं जेबीसीसीआइ सदस्य अरूप चटर्जी के निरंतर प्रयास से कोल इंडिया के कर्मियों में खुशी का माहौल है। कोल इंडिया खनन विभाग में गैरअधिकारी वर्ग से अधिकारी वर्ग के प्रोमोशन में ग्रेड ए में तीन साल के अनिवार्य अनुभव की बाध्यता को निरस्त कर पुरानी प्रोमोशन पॉलिसी, जिसमें कि सेकंड क्लास मैनेजर सर्टिफिकेट के सीनियरिटी पर प्रोमोशन होता था, फिर से लागू कर दिया गया। बताते चलें कि पिछले माह 25 जून को श्री चटर्जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं निदेशक विनय रंजन से मुलाकात की थी और पुरानी प्रोमोशन पॉलिसी को लागू करने के संबंध में बात की थी, जिसपर कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने आश्वस्त किया था कि एक माह के अंदर प्रोमोशन पॉलिसी में संशोधन हो जाएगा, जो 17 जुलाई को हो गया। प्रोमोशन पॉलिसी में बदलाव से खनन विभाग के मजदूरों का भविष्य उज्वल होगा।

### हीरापुर में गोकुल बास्केट प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**धनबाद।** बुधवार को हीरापुर में गोकुल बास्केट नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन हुआ ।इस प्रतिष्ठान में होलसेल में पाइन वुड ट्रे,मेटल ट्रे,जुट ट्रे ,प्लास्टिक ट्रे, इम्पोर्टेड फ्लावर,सभी प्रकार के पेपर वैरायटी,रिटर्न गिफ्ट,ड्राई फ्रूट्स बॉक्स,स्वीट बॉक्स और भी अन्य सभी प्रकार के गिफ्ट और सजावटी समान उपलब्ध है। इस प्रतिष्ठान के मालिक दीपक मोदी और मेघा मोदी ने बताया कि किफायती दर पर ग्राहक यहां से अपनी पसंद की चीजें खरीद सकते हैं।

### सीएम आवास के पास 20 से धरना देंगे 60 हजार पारा शिक्षक

**धनबाद।** 20 को रांची में मुख्यमंत्री आवास पर जोरदार प्रदर्शन करने के लिए राज्यभर के पारा शिक्षकों का बैठक शुरू हो गई है। आंदोलन को धारदार बनाने की कड़ी में बुधवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पारा शिक्षकों ने बैठक की। पारा शिक्षक सहायक संघर्ष मोर्चा के जिला सदस्य सुधीर कुमार पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपना वादा भूल गई है।

# असामाजिक तत्व मंदिर से भगवान की प्रतिमा को उखाड़ कर ले भागे

**दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी**

**ग्रामीणों में आक्रोश, अधिकारियों ने समझा-बुझाकर किया शांत**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार की देर रात नुनुडीह हनुमान मंदिर में भगवान की प्रतिमा असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और प्रतिमा लेकर भाग गए। सूचना पाकर बुधवार की सुबह ग्रामीण इकट्ठा हो गए और प्रतिमा की खोजबीन शुरू की। परन्तु प्रतिमा का कोई पता नहीं चला। सूचना मिलने पर सुदामडीह पुलिस पहुंची और कार्रवाई में जुट गई। ग्रामीणों ने प्रतिमा को खंडित करने वाले को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। ग्रामीणों ने मूर्ति खंडित करने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर सिटी एसपी अजित कुमार सिंह, सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत, झरिया अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद, जोड़ापोखर अंचल निरीक्षक उषा रानी, सुदामडीह थानां प्रभारी सूरज कुमार रजक, पाथरडीह थाना प्रभारी पवन चन्द्र पाठक घटना स्थल पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। मंदिर के समीप रहने वाली रीता देवी न्और गायत्री देवी ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे प्रतिमा थी। किंतु सुबह करीब 4 बजे देखा तो प्रतिमा नहीं थी। कहा कि बस्ती में कई स्थान पर अवैध महुआ शराब बेची और पिलाई जाती है, जहां अहले सुबह से शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय युवा सुलेशन आदि नशे का सेवन करते हैं। लोगों ने आशंका जताई कि कुछ असामाजिक तत्वों ने ही प्रतिमा को खंडित कर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम किया है। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में अवैध शराब व नशा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की साथ ही अपराधियों को भी गिरफ्तारी की मांग की। प्रशासन ने समाज के लोगों के साथ बात कर अविलंब प्रतिमा स्थापित करने व पूजन करने पर सहमति जताई। सिंदरी डीएसपी, सीओ, सुदामडीह थाना व ग्रामीणों ने सहयोग कर मूर्ति स्थापित करने की बात कही। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद रावत ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही दोषी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बस्ती में अवैध शराब व नशा के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**हनुमान जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने की है खंडित : सीओ**

झरिया अंचल अधिकारी राम सुमन प्रसाद ने कहा कि असामाजिक तत्वों ने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित किया है। इसके खिलाफ प्रशासन कार्रवाई कर रहाहै। उन्होंने कहा कि लोगों से मिलकर प्रतिमा स्थापित करने के लिए समिति बनी है। धनबाद बजरंग दल के संयोजक आनंद महतो ने सुदामडीह थाने में लिखित शिकायत कर कहा कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए, अन्यथा बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा।

## प्रतिमा उखाड़ने की खबर पर बिफरे लोग, पुलिस ने सूझबूझ से संभाला



**असामाजिक तत्व प्रतिमा ले भागे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** नुनुडीह हनुमान मंदिर में भगवान की प्रतिमा को उखाड़ कर ले भागने के बाद असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते भीड़ जमा होने लगी और लोग आक्रोश जताने लगे। हालांकि पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए लोगों को समझा-बुझा कर शांत किया। विश्व हिन्दू परिसद बजरंग दल धनबाद महानगर की ओर से सुदामडीह पुलिस को एक लिखित आवेदन देकर 24 घंटे के अंदर असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की गई है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। स्थिति को देख सूझबूझ का परिचय देते हुए सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी का साथ चाहिए। इस घटना के बारे में कोई सूचना मिले तो तुरंत हमें सुचित करें, ताकि आरोपी जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। सिटी एसपी अजित कुमार ने कई आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस महकमे को देते हुए जल्द से जल्द कार्वाई की बात कही। मौके पर जोड़ापोखर सर्किल इंस्पेक्टर उषा रानी, एएसआई उमेश राय, पाथरडीह पुलिस दिलीप कुमार तिवारी, मासस नेता शबुर गोराई, भाजपा नेता बाबू जैना,अभिषेक पांडेय, बजरंगदल के उमाशंकर तिवारी, आनंद महतो, सोनू गोराई सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## सिंदरी से 21 जुलाई को रवाना होगी नि:शुल्क बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के रांगामाटी जय माता दी मंदिर प्रांगण में बुधवार को मंदिर कमेटी, जन अधिकार मंच और सिंह ट्रेवल्स ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में बताया गया कि शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण से लगभग 45 कांवरियों का जत्था एसी बस से नि:शुल्क सेवा यात्रा के तहत आगामी 21 जुलाई को बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन के लिए प्रस्थान करेगा। यह यात्रा 25 जुलाई को बाबा बासुकीनाथ में जलाभिषेक के बाद सिंदरी वापस लौटेगी। जन अधिकार मंच अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पिछले दो वर्षों की तरह इस वर्ष भी नि:शुल्क बाबा बैद्यनाथ धाम कांवरिया यात्रा का आयोजन किया गया है। जत्था 22 जुलाई को सुल्तानगंज से गंगा जल भरकर बाबा की नगरी की ओर बढ़ेगी। कांवरियों की सेवा के लिए छः सेवादलों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की यात्रा में आर्थिक व अन्य कारणों से बाबा बैद्यनाथ के दर्शन नहीं कर पानेवाले नये कांवरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रेसवार्ता में सिंह ट्रेवल्स संचालक अंकित सिंह, जय माता दी मंदिर के पी सी हुई उर्फ भाई दा, कुमार राजेश, नवीन रजक, सुरेश सिंह, गौरव, अतुल, असीम बनर्जी, मनीष सिन्हा, प्रिय रंजन सिंह, तेजु सिंह शामिल थे।

### चिटाही मामले में दूसरे पक्ष की महिला ने आयोग को लिखा पत्र

**कतरास।** चिटाही जमीन विवाद से चर्चा में आई दूसरे पक्ष की केन्दुआडीह निवासी नगीना भूईंया की पत्नी पूजा देवी ने राष्ट्रीय अनुसुचित जाति, जनजाति आयोग को पत्र लिखकर जाति का भेदभाव कर प्रताड़ित करने एवं कार्रवाई नहीं होने के संबंध में शिकायत की है। आयोग को भेजे पत्र में उन्होंने कहा है कि रामराज मंदिर चिटाही धाम परिसर के पास वह प्रसाद बेचकर जीवन यापन करती है। मंदिर परिसर के पास रहने वाले डोमन महतो, सोहन महतो एवं उनके परिजन उन्हें नीच जाति बोलकर प्रताडित करते हैं। उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हरिजन बोलकर भेदभाव करते हैं। विगत जुलाई को मारपीट भी की, जिसकी इसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय थाना में भी की है।

## करतब दिखाने को लेकर तीन अखाड़ा दलों में मारपीट

**पत्थरों की बरसात में कई लोग घायल, कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुहर्रम के जुलूस में करतब दिखाने को लेकर थाना मोड़ के समीप तीन अखाड़ा दलों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से पत्थरों की बरसात हो गई। पत्थरबाजी की जद में आए करीब आधा दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए। वही कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि झरिया पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू पा लिया। लेकिन इस घटना से शांति समिति और झरिया पुलिस पर लोग सवाल उठा रहे हैं। थाना मोड़ के समीप स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। स्थिति को शांत करने के लिए खुद सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र राउत घटना स्थल पर कैंप कर रहे हैं। सिंदरी डीएसपी ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह करीब पांच बजे जुलूस में करतब दिखाने को लेकर दो अखाड़ा दलों के बीच मारपीट व पत्थरबाजी हुई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात ईदगाह अखाड़ा के कुछ युवक सड़क पर तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। सोलह आना अखाड़ा के युवकों ने तेज गति से बाइक नही चलाने की हिदायत दी। इस पर दोनों ही अखाड़ा के युवकों में हल्की बहसबाजी हुई। पुलिस की मुस्तैदी को देख ईदगाह अखाड़ा के युवक वहां से लौट गए। लेकिन बुधवार की सुबह थाना मोड़ के समीप करतब दिखाने के दौरान रात में हुई बहसबाजी को ध्यान में रखते हुए शहंशाह अखाड़ा, ईदगाह अखाड़ा और सोलहआना अखाड़ा के युवकों में जमकर मारपीट हो गई। सभी पक्षों ने झरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

## चिटाही विवाद आपसी समझौते से सुलझायें

**विवाद से आस्था को पहुंच रही है चोट**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के चिटाही में जमीन विवाद को लेकर विगत बुधवार को श्री राम राज मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में सदस्यों ने आपसी सुलहनामे के जरिये विवाद को सलटाने की अपील की। प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के अध्यक्ष चंदन महतो, सचिव राजकुमार साहू , परमेश्वर साहू, सोनाराम महतो, हराधन महतो, राजेश रंजन साहू आदि मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि आस्था का केंद्र बन चुके इस राम राज मंदिर में रोजाना सैकड़ों लोग दर्शन के लिए आते हैं। इसके निर्माण के बाद से प्राय झगड़ा झंझट होता आया है। यहां किसी भी तरह के विवाद से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मंदिर को भी क्षति पहुंच रही है। मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। सदस्यों ने कहा कि उत्पन विवाद को किसी भी तरह का राजनीतिक रंग न देकर निपटारा का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रहे। मंदिर समिति के सदस्यों ने कहा कि इस संदर्भ में उनलोगों ने उपायुक्त, एसपी, बाघमारा अंचलधिकारी व बरोरा थाना को आवेदन देकर मामले को सुलझाने की अपील की है। सदस्यों ने कहा कि जिला प्रशासन से भी यह मांग करते हैं कि इस मामले में पहल कर मामले की शांति व्यवस्था के लिए उचित कदम उठाएं। मामले की निष्पक्ष जांच कर जमीन विवाद को सलटाने का प्रयास करें।

## पंचेत के अवैध खनन स्थल पर छापा, पिकअप वैन किया जब्त



**मैथन।** पंचेत ओपी क्षेत्र के कारगिल नामक अवैध कोयला खनन स्थल पर सीआईएसएफ और पंचेत पुलिस ने संयुक्त रूप से बुधवार को छापेमारी कर पिकअप वैन पर लदा जनरेटर सेट जब्त किया है। इस संबंध में सीआईएसएफ ने पंचेत ओपी में लखित शिकायत भी दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कोयला चोरों की टीम इस अवैध उत्खनन स्थल पर कोयला निकालने के लिए पूरी तैयारी के साथ जुटी हुई थी। किसी तरह इसकी सूचना सीआईएसएफ को मिली और सीआईएसएफ ने पंचेत पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी कर दी और अवैध उत्खनन स्थल से सारा सामान जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद से कोयला चोरों के इस बड़े सिंडीकेट में खलबली सी हुई है।

**एक नजर में**

### रागिनी सिंह ने जमसं बरारी कोलियरी शाखा की कमेटी का किया गठन



**जोड़ापोखर।** जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने लोदना एरिया अंतर्गत बरारी कोलियरी शाखा की कमेटी का गठन किया। कमेटी में अध्यक्ष दिलीप राम, उपाध्यक्ष दिनेश राम, रोहित पासवान, सचिव राधेश्याम यादव,संयुक्त सचिव सिक्को भुइयां, राजेश नोनिया,सहायक सचिव शहजाद अली, अंजन कुमार ओझा,कोषाध्यक्ष डब्लू महतो सहित 12 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने कमेटी के सदस्यों से बरारी कोलियरी क्षेत्र में मजदूर हित में बेहतर कार्य करने की अपील की।

### एग्यारकुंड बीडीओ ने कम वोट वाले क्षेत्रों में किया हाउस टू हाउस सर्वे

**मैथन।** एग्यारकुंड बीडीओ मधु कुमारी ने बुधवार को मेढ़ा पंचायत के बूथ नंबर 281, 282, 283, 284 285 एवं 286 क्षेत्र में डोर टू डोर और हाउस टू हाउस सर्वे किया। इसके अलावा चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के 10 बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने नए वोटरों का नाम जोड़ने की बात कही। सर्वे के दौरान काफी नए वोटर जो दूसरे जगह से आए हैं, उनको जोड़ने हेतु बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया। फार्म 6 भरने को भी कहा गया। बीडीओ ने कहा कि 9 अगस्त से पहले मतदाता सूची में मतदाता सुधार करा सकता है और अपना नाम जोड़वा सकता है। यह 24 जुलाई तक हो सकेगाा। बीडीओ ने कम परसेंटेज वाले बूथों पर विशेष रूप से भ्रमण किया। बीडीओ के साथ मेढा पंचायत मुखिया मनोज रावत, बीएलओ अन्ना राय, पंकज कुमार सिंह, राजीव गोप आदि थे।

### बगोदर बाजार पहुंचा झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी, जमकर मचाया उत्पात

**गिरिडीह।** विगत कई दिनों से जंगल से सटे ग्रामीण इलाकों में उत्पात मचा रहे जंगली हाथियों का झुंड अब आबादी की और बढ़ने लगा है। इसी क्रम बीती रात को जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी बगोदर के बाजार पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत बनी हुई है। कुछ हाथियों ने बगोदर के खेतको में पहुंचकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने खेतको के मुखिया प्रतिनिधि लालेश्वर प्रसाद की दुकान में रखे मकई को बर्बाद कर दिया। लालेशवर प्रसाद के अनुसार उनकी दुकान में हाथियों के दल ने करीब 50 हजार का नुकसान किया है। खेतको के नावाडीह टोला में सरस्वती देवी के घर में घुसकर चावल, गेहूं चट कर गए।

## झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन और चापापुर प्रबंधन के बीच सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की चापापुर कोलियरी में बुधवार को प्रबंधक एवं झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में यूनियन की ओर से 9 सूत्री मांगें की गई। यूनियन के केंद्रीय सचिव उमेश गोस्वामी ने चापापुर सीवी ग्रुप में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों युवकों को योग्यता के आधार पर रोजगार देने, हाई पावर कमेटी के निर्देशानुसार कार्यरत श्रमिकों को वेतन का भुगतान करने तथा आसपास के गांवों में सीएसआर योजना के तहत पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा की समुचित व्यवस्था करने की मांग रखी गई। कोलियरी के अभिकर्ता एसएन शर्मा ने यूनियन की सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। कहा कि जल्द ही स्थानीय बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिलाकर कम्पनी में रोजगार मुहैया कराने के साथ अन्य कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से अभिकर्ता एसएन शर्मा, पीएम केके विश्वकर्मा शामिल हुए।

## दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जदयू का दामन थामा

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में बुधवार को जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल फटामहुल पंचायत की सीमा देवी के नेतृत्व में लालचक एवं खेपचाटांड़ के दर्जनों समाजिक महिला कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंजु देवी, यशोदा देवी, बिल्लु देवी, मालती देवी, ममता देवी, नमिता देवी, देवकी देवी, गीता देवी,चायना देवी,अनिता देवी, रीता देवी, लीला देवी, सुलोचना देवी, मोहीनी देवी, सेफाली देवी, आरती देवी, रुबी देवी, सोनाली देवी, बसंती देवी,बबीता कुमारी और मीना देवी ने जदयू का दामन थामा। मौके पर जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास, गंगा प्रसाद शर्मा, सीमा देवी, सरिता देवी,सुभाष सिंह आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ताजिया के साथ निकला मुहर्रम जुलूस



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को कर्बला पर फतेहाख्वानी के साथ मुहर्रम संपन्न हो गया। हरिहरगंज शहर में मिल्लते हुसेनी कमिटी मेन रोड, इतिहाद कमेटी संडास, नूरी हुसेनी कमेटी सियरभुका, बच्चा हुसेनी कमेटी बंजारी, अररूआ खुर्द, बेलौदर, सतगांवा सहित कई स्थानों से मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ताजिया व डीजे के साथ मुहर्रम का जुलुस निकाला। साथ ही कर्बला की जंग में शहीद हुए इमाम हुसेन की याद में मातम किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पथरा पिकेट प्रभारी मंटू कुमार, एसआई विगेश कुमार राय सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान, कई जनप्रतिनिधि व लोग शामिल थे।

### जीतन सहनी की हत्या पर जताया दुख



**उंटारी रोड पलामू।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या पर वीआइपी के वरिष्ठ नेता मनोज चौधरी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या की खबर सुन काफी मर्माहत हूं। यह घटना बेहद दुखद व निंदनीय है। कहा कि बिहार के एनडीए सरकार में अभी भी जंगल राज कायम है, अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

### दरभंगा बिहार में जीतन सहनी की हत्या की ओबीसी मंच ने की निंदा



**मेदिनीनगर।** बिहार के दरभंगा में ओबीसी के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या का ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कड़ी निंदा करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने ओबीसी एकता अधिकार मंच बिहार सरकार व दरभंगा के प्रशासन से मांग की है कि 24 घंटे में हत्यारे की गिरफ्तारी कर हत्या के कारणों का उद्भेदन किया जाये तथा उन्हें फांसी की सजा दिलायी जाये, अन्यथा ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश दरभंगा जाकर घेराव करेगा।

### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के विनोद तिवारी ने किया सतबरवा प्रखंड का दौरा



**सतबरवा।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश नेता बिनोद तिवारी ने बुधवार को सतबरवा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सहायक अध्यापकों के साथ बैठक कर अपने हक अधिकार के लिए मोर्चा ने पूर्व घोषित अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 20 जुलाई को रांची चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जो सहायक अध्यापकों के साथ वादा किया था उसे पूरा करे। अन्यथा राज्य के 61 हजार सहायक अध्यापक रघुवर सरकार के जैसा हेमंत सरकार को भी सता से बेदखल करने में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। मौके पर अशोक कुमार, मो कैशर, अजय पाठक, बिनोद चौधरी, राजेंद्र मिश्रा, सुभाष प्रसाद, अमरेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### लक्ष्मीनारायण मुहर्रम जुलूस में शामिल



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने जनसंपर्क यात्रा में पोखराहा, जमुने, बड़कागांव, रजवाडीह समेत कई गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान ब्रजभूषण पांडेय, मुखिया अनुज त्रिपाठी, हनीस मोहम्मद, निजामुद्दीन अंसारी, बाबूलाल ओझा, राज कुमार मोची, धनंजय भुइयां आदि से मिले। पोखराहा में मुहर्रम के अवसर पर बढकी चौकी आयोजन में निकाले जा रहे जुलूस में शामिल हुए।

### सदर थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**मेदिनीनगर।** मुहर्रम शांति व भाईचारे के साथ मनाने को लेकर सदर थाना पुलिस ने कौड़िया तीनकोनिया, तेलियाबांध समेत कई जगहों पर फ्लैग मार्च निकाली। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने सदर थाना क्षेत्र के लोगों से मुहर्रम भाईचारे व शांति के साथ मनानी की अपील की। फ्लैग मार्च में एसआई तिलेश्वर रजक समेत सदर थाना पुलिस शामिल थे।

### रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी के खिलाफ छह पंचायत समिति सदस्यों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव लाया। प्रस्ताव से संबंधित आवेदन सदर एसडीओ के नाम बीडीओ को सौंपा। पंसस ने प्रमुख पर सरकार द्वारा निर्धारित कार्य निष्पादन में जवाबदेही का सही ढंग से निर्वहन नहीं करने एवं उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। बता दें कि रामगढ़ प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 10 है, जिसमें से प्रमुख के खिलाफ 6 पंससों ने अच्छा व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया है तथा किसी भी योजना में पैसे लिए बगैर कार्य नहीं करने की बात कही है। हुटार की पंसस चांदनी देवी ने कहा कि फोन करने के बावजूद प्रमुख फोन नहीं उठाती है। इसलिए प्रमुख के खिलाफ हम लोग अविश्वास प्रस्ताव के लिए रामगढ़ बीडीओ को आवेदन दिया है। पुनः निर्वाचित कर नये प्रमुख का चयन करने का अनुरोध किया गया है। नावाडीह की पंसस पिंकी सोरेन ने कहा कि रेकड़ में बिना पैसे लिए साइन नहीं करती है और डेढ़ साल तक रेकड़ अपने घर पर रखी रही। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचायत समिति सदस्यों में रामगढ़ टू की कमला देवी, रामगढ़ वन के उदय यादव, चोरहट की गुड्डी देवी, नावाडीह की पिंकी सोरेन, हुटार की चांदनी देवी एवं उलडंडा की लीलावती देवी शामिल हैं।

# सत्य, न्याय और इंसानियत की लड़ाई का प्रतीक है मुहर्रम पर्व : अरुणा शंकर

- चैनपुर सदर जेनरल ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को सम्मानित किया
- शहादत को याद कर मनाया गया मोहर्रम का पर्व : जेनरल सदर आमीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर बाजार स्थित मोहर्रम इंतजामिया कमिटी जनरल ने किया नवयुवक जनरल को सम्मानित। वहीं मौके पर प्रथम अरुणा शंकर ने कहा कि सत्य न्याय और इंसानियत की लड़ाई का प्रतीक है मोहर्रम का त्यौहार। हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल चैनपुर में हमेशा रहा है यहां के लोग आपस में मिलजुल कर चाहे वह मोहर्रम हो या रामनवमी दोनों पक्षों के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। यह दर्शाता है कि यह त्यौहार एकता का प्रतीक है। वहीं अरुणा शंकर मोहर्रम के उपलक्ष्य में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जनरल के सम्मान समारोह में शामिल हुई। उन्हें शॉल व तलवार देकर सम्मानित किया गया। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल सदर आमीर अफजल खान ने कहा कि पर्व किसी भी धर्म का हो, सभी आपसी सौहार्द और एकता का ही सन्देश देते हैं। इस दौरान समिति के लोगों ने जनरल कमेटी को सम्मानित किया। महावीर नवयुवक दल जनरल के द्वारा मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं मोहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय में एक से बढ़कर एक करतब दिखायें। इस जुलूस में चैनपुर, डुमरी, कंकारी, आदणीय, पठान मोहल्ला, दर्जी मोहल्ला, थाना रोड आदि से समिति के लोगों ने एक से बढ़कर एक ताजिया सिपर का प्रदर्शन किया।

# आंबेडकर स्मृति भवन सह पुस्तकालय लोगों के लिए लाभप्रद : डॉ शशिभूषण

- पांकी विधायक ने अंबेडकर स्मृति भवन सह पुस्तकालय भवन का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर में अंबेडकर स्मृति भवन सह पुस्तकालय भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि अंबेडकर स्मृति भवन सह पुस्तकालय भवन बन जाने से लोगों के लिए लाभप्रद होगा। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के अधूरे सपने को सामूहिक प्रयास से पूरा किया जायेगा। देश के संविधान निर्माता बाबा साहब डा भीमराम अंबेडकर ने समाज में फैली कुरीतियों, भेदभाव मिटाकर एक मुलक समाज का निर्माण किया था। उन्होंने गरीबों, दलितों व शोषितों को एक समान अधिकार दिलाया था। कहा कि पुस्तकालय भवन में पुस्तकालय खुल जाने से क्षेत्र में युवक युवतियों समेत अन्य लोगों को पुस्तक आसानी से उपलब्ध होगा। साथ ही पढ़ने में हो रही परेशानी भी दूर होगी। क्षेत्रवासियों के लिए अंबेडकर स्मृति भवन वरदान साबित होगा। अंबेडकर के बताये गये मार्ग पर चलकर ही देश का सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर डॉ बिरेंद्र बौद्ध, प्रमुख सुनील पासवान, मुनि व्यास, उपेंद्र राम, मिथिलेश जी, अरविंद जी लाला प्रसाद यादव, चेम्बर्स अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, पुर्व मुखिया अजय पासवान, बसंत वर्मा, विनोद राम, अरविंद जी, कमेश यादव भी थे।

### शोले ग्राम में दो ताजिया कमिटी के बीच तलवारबाजी, कई घायल

# नहीं निकला मुहर्रम जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के शोले ग्राम में मुहर्रम पर्व के दौरान दो तजेया कमीटी के लोगों में तलवार बाजी किया गया। जिसमें मेनुम अंसारी एवं ऐलुम अंसारी पिता असपताली मियां ,मनान मियां पिता मुख़्तार मियां तथा दुसरे पक्ष के अमानत मियां छोटु मियां पिता हैदर अली घायल हो गये। विवाद होन के बाद ग्राम शोले में मुहर्रम की जुलूस नहीं निकाली गयी।

जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष मुहर्रम पर्व में मेनुम अंसारी एवं ऐलुम अंसारी के द्वारा मस्जिद के पास टेंट लगाया गया था जिसमें आपसी विवाद के दौरान दुसरे पक्ष के अमानत मियां एवं छोटु मियां तजेया मिलान के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिससे एक पक्ष के तजेया कमेटी के लोगों में गुस्सा था इसी बात को लेकर इस वर्ष मुहर्रम पर्व के दौरान बीते रात्रि दोनों पक्षों में तलवारबाजी किया गया। जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गये । दोनों पक्षों के घायल व्यक्ति को पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज किया गया है । इधर दोनों पक्षों के द्वारा पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### ताजिया कमेटी ने पगड़ी बांध किया संग्राम सिंह को सम्मानित



**पाटन पलामू।** पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व के दौरान तजेया जुलुस में भाग लिये। श्री सिंह ने लोगों से मिलकर मुहर्रम पर्व का शुभकामना दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को तजेया कमीटी के लोगों ने पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। मुहर्रम पर्व के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम करता है इसलिए सभी लोग मुहर्रम का पर्व शांति पूर्वक मनायें। उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय का पर्व आपस में प्रेम मोहब्बत लाता है। पर्व के दौरान दोनों समुदायों के लोग एक दूसरे का सहयोग करें तथा अपने पर्व को मनायें।

### चियांकी मोड़ पर सैकड़ों इस्लाम धर्मावलंबियों ने दिखाये करतब

# मानवता की राह में कुर्बानी सिखाता है मुहर्रम : दीपक

- सदर थाना प्रभारी और दीपक तिवारी ने किया गोल का शुभारंभ
- समाज को सुरक्षित रखने के लिए दिया भाईचारा का संदेश



मुहर्रम जुलूस के दौरान लाठी खेलते दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सच्चाई, इंसानियत और मानवता को जिंदा रखने में हुई शहादत के मर्म को मुहर्रम सिखलाता है। इसी दिन इस्लाम धर्मावलंबियों का अटूट आस्था का समागम देखने को मिलता है। हम समरसता, सद्भाव, एकता का मिसाल पेश कर वैमनस्यता को छोड़ अमन में भाईचारगी का संदेश फैलायें। मुहर्रम मानवता की राह में कुर्बानी सिखाता है। ये बातें झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कही। जब चियांकी में मुहर्रम पर निकली जुलुस में मुख्य अतिथि सदर थाना प्रभारी उत्तम राय के साथ शामिल हुए। इस दौरान गदका खेलकर दोनों अतिथियों ने गोल का शुभारंभ किया। सदर प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ स्थित चियांकी मोड़ पर सैकड़ों इस्लाम धर्मावलंबियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान एकजुटता एवं भाईचारगी को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। मुहर्रम एक महीना है जिसमें दस दिन इमाम हुसैन के शोक में मनाये जाते हैं। इसी महीने में मुसलमानों के पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब, मुस्तफा सल्लाहों अलैह व आलही वसल्लम ने पवित्र मक्का से पवित्र नगर मदीना में हिजरत किया था।

## जुलूस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले व ताजिया बनाने वाली कमेटी पुरस्कृत

- पाटन समेत आसपास के क्षेत्रों में निकाला गया मुहर्रम की जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** प्रखंड में मुहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया गया। पाटन के विभिन्न क्षेत्रों से तजेया कमेटी के लोगों ने गाजे बाजे व ताजिया के साथ जुलूस निकाला एवं आपस मिलते हुए एक दूसरे को मुहर्रम पर पर्व पर गले लगाया। पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आकर तजेया कमेटी के लोगों ने पाटन थाना में एकत्रित हुए जहां पर जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमित झा, पाटन इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह एवं पाटन थाना प्रभारी लालजी ने उपस्थित तजेया कमेटी के लोगों को सम्मानित किया तथा मुहर्रम पर्व कि शुभकामनाएं दी। मुहर्रम को लेकर पाटन पुलिस, नावा जयपुर एवं पाटन ओपी पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रही। पाटन प्रखंड के नावा जयपुर एवं किशुनपुर में भी विभिन्न क्षेत्रों से तजेया कमीटी के लोगों ने जुलूस निकाला एवं एक दुसरे को मुहर्रम पर्व की शुभकामना दी।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ताजिया के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस शाहपुर से मिलन के बाद संपन्न

- या अली या अली हुसैन जिंदाबाद के नारे से गूंजा शहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम पहलाम का जुलूस बाजे गाजे व ताजिया के साथ निकाली। जुलूस पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला से निकलकर बाद शाह मुहल्ला, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर, दाल पट्टी, घाड़ा पट्टी, जैन मुदिर रोड़, पंच मुहान होते हुए छह मुहान पहुंचा। छः मुहान से चलकर महिंद्रा, शिवाला घाट पहुँच कर मेदिनीनगर और शाहपुर के अलम की मिलान कोयल नदी तट पर हुई जिसमें हुसैनी जज्बा के साथ हुसैनी भाइयों ने खूब मातम किये। जुलूस मिलान के बाद शिवाला घाट होते हुए बम पटाखा मोड़, घास पट्टी, कन्नी राम चौक, शाह मुहल्ला होते हुए पहाड़ी मुहल्ला स्थित कर्बला के मैदान पहुंच संपन्न हो गया। इसके पूर्व जुलूस में लोगों ने या अली या अली हुसैन जिंदाबाद समेत कई नारे लगाये इससे पूरा शहर गूंजायमान हो गया। जुलूस में निकले आकर्षक ताजिये व सिपड़ को देखने के लिए काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चे शामिल थे।

### श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण



**मेदिनीनगर।** गारू प्रखंड के कोयल नदी तट पर 30 वर्ष बाद श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर मंगलवार को महान संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र वशिष्ठ नारायणा चार्य ने ध्वजारोहण व हनुमत पूजा की। यज्ञ कार्तिक में होगा। मौके पर सीआरपीएफ के सेवानिवृत कमान अधिकारी अवधेश पांडेय, रोहित गुप्ता, निर्मलचंद्र पांडेय, शिवशंकर सिंह, उमाशंकर मिश्रा, नागेंद्र चौबे, जगत सिंह थे।

### लक्ष्मीनारायण तिवारी ने दी मुहर्रम की शुभकामना



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी चैनपुर प्रखंड के शाहपुर, चैनपुर, बांसडीह, वभंडी आदि गांवों में मुस्लिम भाइयों के मुहर्रम जुलूस में शामिल हुए। अपने पैतृक आवास महुगावां में परंपरा का निर्वहन कर मुहर्रम की शुभकामना दी। मौके पर विद्या सिंह चेरो, उपाध्यक्ष अमरेश पांडेय, मंसूर अंसारी, इस्माइल मियां, रुस्तम मियां समेत सैकड़ों गांववासी उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर सतबरवा पुलिस ने का फ्लैग मार्च



**सतबरवा पलामू।** मोहर्रम को लेकर सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें कई पदाधिकारी तथा पुलिस बल के जवान भाग लिये। फ्लैग मार्च सतबरवा थाना परिसर से निकल मां काली मंदिर मेला टांड़ पुरानी मस्जिद महावीर चौक रामघाट, पुराना बस स्टैंड, बकोरिया, तुमबागड़ा, बारी, लहलहे, पोल पोल, झाबर समेत कई गांव में गया। मौके पर एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई रामकुमार उपाध्याय, बसंत दुबे मौजूद थे।

### देवरी में शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** देवरी कला पंचायत में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वावधान में मुहर्रम नौ को शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर आरजू खान ने की, संचालन देवरी मदरसा के हफीज ने किया, जलसे की शुरूआत कुरआन पाक की तिलावत के साथ किया गया। मौलाना जुनैद मिसबाही ने कहा की ईमान हुसैन ने इस्लाम की खातिर अपनी और अपने खानदान की कुर्बानी कर्बला के मैदान में दे दी।

## कर्बला की जंग में हुए शहीदों की याद गम का त्योहार मुहर्रम

- सिया समुदाय के लोगों ने जंजीर मातम से अपने शरीर को लहूलुहान कर इमाम हुसैन की शहादत मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना के आज दशवें दिन मुहर्रम मनाया गया, जिसमें सभी सिया समुदाय व इमाम हुसैन के लोगों ने कर्बला के जंग में हुए शहीदों के याद में मातम किया एवं विलाप करते हुए अपने को लहूलुहान कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत हजारों की संख्या में शिया समुदाय के लोगों शहर के सदर इमामबाड़ा से शुरू होकर कर्बला की ओर रवाना किया गया। जहां शहर के मुख्य स्थल गांधी चौक पर पंहुच कर डॉ सैयद जहीर हैदर नकवी ने अवाम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मुहर्रम सत्य असत्य की एक याद को ताजा कर देता है। जहां हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद है, वहां सत्य का बोध स्वय हो

## छः मुहान पर ट्रैफिक प्रभारी ने संभाली यातायात व्यवस्था

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम का जुलूस शहर के छः मुहान पर पहुची तो ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गया। जिसको देखते ही ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद तत्परता दिखाते हुए सड़क पर उतर गये और यातायात व्यवस्था को क्लियर करवाया। ट्रैफिक प्रभारी ने रूट क्लियर करा कर रूट को डायवर्ट करवाया, जिसके बाद सुचारु ढंग से गाड़ी का आवागमन हुआ। ट्रैफिक क्लियर करवा रहे एएसआई संतोष तिवारी समेत कई पुलिस के जवान सक्रिय रहे।

## पत्रकार की मां का निधन, अंतिम संस्कार में कई जनप्रतिनिधि शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के हरतुआ पंचायत सोनेसरई गांव निवासी 95 वर्षीय दुखनी देवी का निधन 16 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे तीन बेटे और पांच बेटियों सहित दर्जनों नाती पोते से भरा पूरा परिवार को छोड़ गयी हैं। पत्रकार एसके रवि की मां दुखनी देवी सोनेसरई स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुन क्षेत्र के कई जन-प्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं पड़ोस के लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़े। मंगलवार की शाम पांच बजे सोनेसरई बिट्ठू भाठ्ठा कुंदरहीया नदी घाट पर विधि-विधान से दुखनी देवी के शव का अंतिम संस्कार किया गया। दुखनी देवी के अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विस कांग्रेस मंत्री प्रतिनिधि वित्त सह योजना एवं विकास विभाग युवा नेता रूद्र शुक्ला, आप नेता ओंकारनाथ जायसवाल थे।

# मुहर्रम: सतबरवा और सदर प्रखंड क्षेत्र से निकला पहलाम का जुलूस



मुहर्रम को लेकर निकाले गये जुलूस में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** मुहर्रम के पहलाम के दिन बुधवार के सुबह सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सतबरवा, ताबर, मुक्ता, करमा बारी, सेहरा, बोहिता, चांपी, चेतमा तथा सदर प्रखंड क्षेत्र के झाबर, पोलपोल समेत कई गांवों में ताजिया कमेटी ने जुलूस निकाला। जिसमें ताजिया तथा अखाड़ा के साथ मुस्लिम समुदाय के लोग पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल हुए। कई युवाओं ने करतब दिखाया। सतबरवा में या अली या हुसैन के नारों के साथ पहलाम की सुबह जुलूस निकाला गया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान करमा गांव की ताजिया कमेटी ने उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, लेस्लीगंज के थाना प्रभारी राजू गुप्ता, मुखिया रिंकी यादव, जिप सदस्य पति अजय उरांव, राजेश मिश्रा, सतबरवा थाना के ए एस आई राजीव कुमार टू के अलावा मुहर्रम इंतेजामिया समिति ताबर मुक्ता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह पोंची पंचायत के गिरवर राम, पूर्व उप प्रमुख सह पंसस अशोक राम, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, सेहरा गांव के ताजिया कमेटी ने बोहिता मुखिया कलावती देवी, मुखिया पति लाल बिहारी प्रसाद तथा चेतमा गांव की ताजिया कमेटी ने पूर्व पंसस धीरज कुमार, रामलाल चौकीदार, ताजिया कारीगर यमुना सिंह को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार, बीडीओ रौशन रंजन पाठक, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, एस आई विश्वनाथ कुमार राणा, जुम्मन मियां, मो शाहनवाज खान, हारुण रशीद, कामरान रशीद, मोहम्मद अफजल अंसारी, मो साबिर, अनीस अंसारी, कलाम अंसारी, वारिस अंसारी, परवेज अंसारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी तथा मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## युवा भाजपा नेता रामाशीष यादव ने भरी हुंकार, कहा- विश्रामपुर के सर्वांगीण विकास के लिए आगे आयें युवा

- सिडहा स्थित आवास पर भाजपा नेता रामाशीष ने विस क्षेत्र से आये 500 लोगों के साथ किया संवाद
- आगामी विधानसभा चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे : रामाशीष यादव



सिडहा स्थित आवास पर लोगों को संबोधित करते रामाशीष।

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड, पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए आगे आये युवा पीढ़ी, आपके सहयोग से आगामी विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा। उक्त बातें युवा भाजपा नेता रामाशीष यादव ने कही। वे बुधवार को सिडहा स्थित अपने आवास पर विस क्षेत्र के लगभग 500 लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम कर रहे थे।

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले विस चुनाव 2024 में भाजपा से मुझे विश्रामपुर विधानसभा के लिए टिकट मिला तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ने जा रहा हूं। आप सबकी भागीदारी और प्यार आशीर्वाद के बिना आगे चलना संभव नहीं है। इसलिए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मुझे मौका दें। इस पर मौजूद लोगों ने एक स्वर में कहा कि आप संघर्ष कीजिये हम सभी लोग आपके साथ हैं। वहीं कई बिंदुओं पर भी विशेष रूप से चर्चा किया गया। जिसके पश्चात रामाशीष ने विस क्षेत्र से आये लोगों से संवाद कर अपनी बात को अवगत कराया। साथ ही आने वाले चुनाव में जनता से भारी मतों में वोट कर भाजपा सरकार बनाने का आग्रह किया। उन्होंने विस क्षेत्र की युवा पीढ़ी को आगे आकर चुनाव में सहयोग करने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि रामाशीष पिछले कई वर्षों से लोगों से मुलाकात कर अपार समर्थन हासिल करने की कवायद शुरू कर दिये हैं। श्री यादव ने लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में कड़ी मेहनत कर अपना सराहनीय योगदान दिया है।

# मुहर्रम जुलूस में दिखाये हैरतअंगेज करतब

## दुमका के विभिन्न प्रखंड में निकला मोहर्रम जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका के शहर समेत विभिन्न प्रखंड में उत्साहपूर्व मोहर्रम पर्व मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगो ने तीन दिवसीय मोहर्रम पर्व में विभिन्न प्रकार का कर्तव्य, खेल दिखाते हुए बुधवार को संपन्न किया। शहर के राखाबानी, कुम्हारपाड़ा, दुधानी, बंजरजोड़ी, डंगालपाड़ा समेत विभिन्न करबला से मोहर्रम जुलूस निकाल शहर भ्रमण किया। बुधवार लोगो ने हरर्वे-हथियार से लैश जुलूस में शामिल होकर शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए टीन बाजार चौक पहुंचे। जहां करतब व खेल दिखाया। देर शाम मोहर्रम का जुलूस पुनः शहर भ्रमण कर करबला पहुंच समापन हुआ। वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। टीन बाजार चौक पर नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद दिखे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन पुरी तरह है। किसी प्रकार के अनहोनी से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है।



## खेतको मे आज अहले सुबह दिखा ताजिया मिलन का भव्य नजारा

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत मे आज यानी मुहर्रम के दसवीं तारीख को खेतको पंचायत मे ताजिया मिलन के दौरान भव्य नजारा देखने को मिला। परम्परा के अनुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेतको गांव में निर्मित एक से बढ़कर एक ताजिया निकाला गया जो जुलूस के शक्ल में असनापानी गांव के समीप गया और वहां से लौट सभी ताजियाओ को खेतको कर्बला मैदान में स्थापित कर दिया गया जहां आज दोपहर से ही मुहर्रम का जुलूस का जुटान होगा और हजारों हजार लोग यहां जमा होकर मोहर्रम के हैरतअंगेज खेलो को देखने के साथ साथ खुबसूरत ताजियाओ का दिरार करेगे। ज्ञात हो कि बीते वर्ष आज के ही दिन ताजिया मिलन जुलूस के दौरान बिजली से करंट लगने की घटना ने गांव ही नहीं आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया था इस घटना मे कई लोगो ने अपनी जान गंवाई थी। बहरहाल आज जुलूस के दौरान उत्साह मे कोई कमी देखने को नही मिली।



## मोहर्रम जुलूस में मुस्लिम युवक ने लहराया फिलिस्तीन का झंडा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मोहर्रम जुलूस के दौरान उपराजधानी दुमका में मुस्लिम समुदाय के युवकों ने फिलिस्तीन का झंडा लहराया। जिसकी वीडीओ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडीओ दुमका शहर के दुधानी टावर चौक का है। जहां मोहर्रम जुलूस में एक युवक टावर चौक के समीप एवं जुलूस में डीजे ममें शामिल डीजे वाहन के उपर फिलिस्तीन के समर्थन में झंडा लहराते दिखा। जिसका विश्व हिंदू परिसद एवं बजरंग दल ने विरोध किया है। संगठन सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर दूसरे देश फिलिस्तीन का झंडा फहराने को राष्ट्र द्रोह का मामला बताया है। विहिप एवं बजरंग दल जिला इकाई ने इसकी घोर निंदा करते हुए दुमका जिला प्रशासन से और भारत सरकार से दोषी को चिन्हित कर जल्द से जल्द इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। साथ ही जिस जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराया है, उस जुलूस के जिम्मेवार लोगों पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का मांग किया है। केस लगाया जाए। संगठन ने कहा कि जिस देश में हम रहते हैं, उस देश से गद्दारी करके किसी आतंकवादी देश का झंडा लहराना कतई बर्दाश्त नहीं है। आंतरिक सुरक्षा का मामला बताते हुए भारत में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने से जोड़ देखा जा रहा है। जिला प्रशासन एवं भारत सरकार जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करने का मांग किया है। अन्यथा बजरंग दल इस विषय को लेकर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है।

## स्पीड न्यूज

### जारंगडीह में धूमधाम से निकला मोहर्रम जुलूस

**बेरमो /जारंगडीह।** यूं तो पुरे बेरमो कोयलांचल में हर तरफ धुमधाम, हर्षोल्लास तथा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हर जुलूस के साथ प्रयाप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसी क्रम में जारंगडीह मे पुरे धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया जो अपने निर्धारित स्थल पर पहुची। यहां लगभग आधा दर्जन जुलूस का जमावड़ा लगा था। वही आयोजन कमेटी द्वारा जारंगडीह सब्जी बाजार स्थित बाली बाल ग्राउंड में जुलूसो को जमा होकर खेल दिखाने की व्यवस्था के साथ साथ अतिथियों के लिए मंच का भी इंतजाम किया गया था। इस आयोजन में पुलिस के अधिकारियों के अलावे जारंगडीह पंचायत के सभी पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस आयोजन में विभिन्न जगह से आये मोहर्रम कमेटी के खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़कर एक हौरत अंगेज खेल दिखाया गया। जुलूस में अनेको ताजिया भी शामिल थे जो लोगो के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

### खेत जोतने के दौरान ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत

**तालझारी।** तालझारी थाना क्षेत्र के निपानिया सोगले के समीप बुधवार दोपहर बैहियार में खेत जोतने के दरमियान ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजमल थाना क्षेत्र के डेढगामा गांव निवासी विनोद मंडल उर्फ मंगरा मंडल निपानिया सोगले के समीप बुधवार दोपहर बैहियार में खेत जोतने गए थे। खेत जोत कर बाहर निकालने के दरमियान खेत के अड्डा मेड पर चढ़ते वक्त ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलटी मार दिया। जिसके नीचे दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना तालझारी थाना पुलिस को दी गई। मौके पर थाना के एस आई सियाराम पंडित घटनास्थल पर पहुंच और मामले की छानबीन में जुट गई।विनोद मंडल के परिजनों द्वारा थाना पुलिस को पोस्टमार्टम नहीं करने को लेकर लिखित आवेदन दिया। थाना पुलिस द्वारा शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रूबी देवी के साथ 10 वर्षीय एक पुत्र और 8 वर्षीय एक पुत्री को छोड़ गए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### गोमियाः काम करने के दौरान गिरने से राजमिस्त्री की मौत

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड के आइइएल थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिद कालोनी में मंगलवार को एक पोल्ट्री फार्म निर्माण करने के दौरान गिरने से राजमिस्त्री सहदेव रविदास 50 वर्ष की मृत्यु हो गई. सूचना मिलते हीं आइइएल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्डम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजमिस्त्री सहदेव रविदास रोज की तरह मस्जिद कालोनी में निमार्णाधीन पोल्ट्री फार्म बनाने का कार्य कर रहा था, इस दौरान एकाएक वह गिर गया है और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई. सूचना पर मृतक के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे और मुआवजा की मांग करने लगे। वहीं सूचना पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य डा सुरेंद्र राज, भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंदौरी राम आदि पहुंचे और मृतक के परिजन एवं संबंधित ठेकेदार के बीच एक लिखित समझौता हुआ. जिसमें संबंधित ठेकेदार महादेव मांझी द्वारा मुआवजा के रूप में अस्सी हजार रुपए एवं पोल्ट्री फार्म मालिक विजय कुमार द्वारा एक लाख रुपए मृतक के परिजन को देने पर सहमति बनी। वहीं जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज ने मृतक के परिजन को विधवा पेंशन, अबुआ आवास आदि दिलवाने की बात कही. उसके पश्चात पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया। मौके पर जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज,भाजपा नेता गंदौरी राम सहित रामलखन रविदास, लेखराज चौहान, दिनेश रविदास, सुरेश रविदास, राजकपूर, धनेश्वर रविदास, भूजनारायण मौजूद थे।

## आजसू महिला मोर्चा का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज।** बुधवार को आजसू महिला मोर्चा चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह तालझारी प्रखंड के जमुनी फाटक के समीप जिला महिला मोर्चा की सचिन श्रीमती दुर्गा देवी के आवासीय परिसर में संपन्न हुआ सम्मेलन में सर्वप्रथम उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुख महिला कार्यकताओं का शपथ दिलाया गया सम्मेलन का संचालन प्रखंड सचिव कलावती मुंडा ने किया एवं सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष माला माला देवी द्वारा किया गया सम्मेलन में प्रखंड के सभी पंचायत एवं गांव से चूल्हा प्रमुख महिला कार्यकताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया कि हर घर तक महिला संगठन को पहुंचाया जाएगा एवं प्रत्येक गांव से एक महिला नेतृत्व खड़ा किया जाएगा सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री चतुरानंद पांडे जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा जिला कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पासवान राम प्रवेश महिला चूल्हा प्रमुख नेत्री चैती देवी प्रियंका कुमारी मनिया देवी अंगद देवी अरुणा देवी चांदनी देवी खुशबू कुमारीडोली कुमारी चिंता देवी आरती देवी राजकुमारी देवी सोनी देवी उर्मिला देवी शकुंतला देवी गुड़िया देवी लक्ष्मी देवी सुचिता देवीअनीता देवी परणन कुमार मंडल बुलाकी सिंह भोला चौधरी गौतम मंडल रामेश्वर मंडल सरवन ठाकुर पप्पू सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## कोटपा कानून के तहत लगाया गया 2390 रुपये का अर्थदंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास थाना प्रभारी मो खुरशीद आलम के निर्देशन में चास थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत नियमित जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड विवेकानन्द रोड तेलीडीह मोड क्षेत्र के कुल 82 दुकानों की जांच की गई जिसमें 17 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुए पाया गया। उनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2390 रुपए की वसूली की गई। मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं जो कि कोटपा 2003 की धारा 5 के तहत प्रतिबंध है। छापामारी के दौरान सभी दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर हटाया गया। जिला परामर्शी के अनुसार कोटपा-2003 की धारा 6ए के तहत 'सभी तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है' का पोस्टर अपने दुकान मे लगाना है लेकिन बहुत ही कम लोग इसका अनुपालन कर रहे है। इस अवसर पर चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मैनेजमेंट एवं बिजनेस क्विज में बोकारो स्टील ने मरी बाजी



**बोकारो।** एमटीआई रांची में आयोजित मैनेजमेंट एवं बिजनेस क्विज कम्पटीशन समृद्धि 2023 के ग्रैंड फिनाले क्विज कम्पटीशन में सेल के विभिन्न प्लांट व इकाइयों से कुल 80 टीमों ने भाग लिया जिसमें से 12 टीमों को फाइनल के लिए चयनित किया गया। बोकारो इस्पात संयंत्र की तरफ से ग्रैंड फिनाले में चयनित वरीय प्रबंधक मानव संसाधन अंकिता देव तथा उप प्रबंधक मानव संसाधन सुश्री सोनाक्षी प्रिया की टीम ने पहला स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में बोकारो इस्पात संयंत्र का परचम लहराया। बोकारो स्टील प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए टीम के सदस्यों को बधाई दी है।

### बोकारो संयंत्र के अधिकारियों हेतु सुरक्षा पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में बोकारो स्टील के मुख्य महाप्रबन्धकगण तथा विभागाध्यक्षों के लिए सुरक्षा पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी कर्मचारियों के बीच सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। यह पहल एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने संभावित खतरों की पहचान करने और प्रभावी सुरक्षा उपायों को लागू करने के महत्व पर केंद्रित है। कार्यक्रम में विभिन्न इंटरैक्टिव सत्र प्रायोगिक प्रदर्शन और विशेषज्ञ वार्ता शामिल है जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को कार्यस्थल सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान करना है। सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के महाप्रबंधक विकास गुप्ता तथा सहायक प्रबन्धक अमित बड़ोले ने एक प्रस्तुतीकरण द्वारा सभी प्रतिभागियो को सेफ्टी सर्किल से संबन्धित सभी पहलुओ की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक देवाश्री रानी टोप्पो ने किया।

### बरहरवा साहिबगंज रेल खंड के तालझारी और करणपुरा स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान

**साहिबगंज।** तालझारी मालदा डिवीजन अंतर्गत मिशन जीवन रक्षा जागरूकता अभियान के तहत साहिबगंज आरपीएफ के ए एस आई प्रसेनजीत दास के नेतृत्व में बुधवार की संध्या बरहरवा साहिबगंज रेल खंड के तालझारी व करणपुरा स्टेशन परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया ए एस आई प्रसनजीत दास ने बताया कि चलती ट्रेन में कभी भी पत्थर नहीं मारनी हैं इससे किसी की जान जा सकती है। चलती ट्रेन या रेलवे लाइन के पास , रेलवे स्टेशन पर सेल्फी नहीं लेना है, रेलवे लाइन पर करते समय कभी भी मोबाइल का प्रयोग नहीं करना है, रेलवे लाइन पर कूड़ा करकट व गंदगी नहीं फैलाना है और नहीं रेलवे लाइन पर कूड़ा करकट फेंकना है, रेलवे पर करते समय हमेशा पैदल पुल का इस्तेमाल करें , रेलवे परिसर को हमेशा साफ सुथरा रखने की कोशिश करें, ट्रेन में सहयात्री से किसी खाने की चीज को देने पर उसे सेवन न करें और ना आना ही दूसरे को खाने दें इससे आपको को खतरा हो सकता है, । यात्रियों को किसी प्रकार के साहायता के लिए आर पी एफ हेल्प लाइन नम्बर 139 पर फोन करें। मौके पर आर पी एफ के पी एम उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

### तेनुघाट कॉलेज में शासी निकाय की बैठक

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट महाविद्यालय में सांसद गिरिडीह सह अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी एवं पूर्व विधायक सह सचिव माधव लाल सिंह की उपस्थिति में शासी निकाय के जीवी सदस्यों की बैठक की गई । बैठक के बाद नव निर्वाचित सांसद श्री चौधरी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गाय। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महोदय को पुष्प गुच्छ और सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सचिव श्री सिंह,जिप सदस्या माला कुमारी,मुखिया नीलम श्रीवास्तव एवं पंसस अजीत कुमार पांडेय को भी पुष्प गुच्छ और सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साशी निकाय की बैठक गर्म जोशी और गरमा गरमी के साथ प्रारंभ हुआ।

### माइंस दुर्घटना का शिकार श्रमिक न्याय से वंचित : अजय

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्घटना के समय जारंगडीह कोलियरी में कार्यरत श्रमिक शिवलाल टुडू माइंस मे दुर्घटना का शिकार हुआ था। यह दुर्घटना वर्ष 2014 में हुई थी। श्रमिक का इलाज वर्ष 2016 तक चला परिणाम स्वरूप दुर्घटना के कारण दाहिने पैर की छोटी उंगली काटा गया। इलाजरत अवधि का कंपनी द्वारा आयोडी दिया गया लेकिन वर्क मैन कंपनसेशन एक्ट के तहत क्षतिपूर्ति योजना के तहत पैसे का भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित श्रमिक के द्वारा लंबे समय से प्रबंधन को अपने अधिकार और हक के तहत मिलने वाला राशि का भुगतान के लिए प्रयासरत है।

## जिम्मेदारी निभाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बच्चों को स्कूल से जोड़ने की मुहिम के तहत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला शिक्षा परियोजना बोकारो द्वारा स्कूल रूआर 2024 कार्यशाला का आयोजन कैंप टू स्थित न्याय सदन के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे ने किया। कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने कहा कि स्कूल रूआर 2024 सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। इसके तहत 31 जुलाई 2024 तक जिले के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा ताकि बच्चों का नामांकन और ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यशाला बच्चों को स्कूल में उनके नामांकन और शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित उपस्थिति बनाए रखना एक चुनौती है। इस जिम्मेदारी को समुचित रूप से निभाने हेतु सामूहिक प्रयास जैसे जन प्रतिनिधि समाज सेवी पंचायत प्रतिनिधि विद्यालय प्रबंध समिति माता समिति अभिभावक माता-पिता शिक्षक एवं शिक्षा से जुड़े कर्मी पदाधिकारी एवं स्वयं से भी संस्थाओं की भागीदारी अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ अतुल कुमार चौबे ने कहा कि शत प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने अप्रवासी, अनामांकित और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करने पिछले वर्ष में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगले कक्षा में शत प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति की पुष्टि करने का कार्य करना है। मौके पर एडीपीओ ज्योति खलखो सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी सभी प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीआरपी सीआरपी सहित अन्य उपस्थित थे।





## ग्रामीणों ने लिया हर साल तीन पौधे लगाने का संकल्प

### ग्राम सभा की बैठक में महिलाओं की भागीदारी और गांव के बुनियादी समस्याओं के निदान पर किया चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र ने सदर प्रखंड के करमाटांड गांव के ग्रामीणों के बीच मंगलवार को बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया। बैठक कर संचालित एंसरिंग सोशल प्रोटेक्शन बिल्डिंग एंड क्लाइमेट रिसिलिएंट यानी जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बनाये रखने के ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम सभा सशक्तिकरण, कृषि विभाग द्वारा जारी कल्याणकारी योजनाएं, शिक्षा, भोजन का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वछता, आवास जलवायु परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार और ग्रामीणों व सामुदायिक नेताओं द्वारा गांव के बुनियादी समस्या को चिन्हित करते हुए निदान करने के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जोहार के डायरेक्टर जॉन फेलिक्स ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि जलवायु परिवर्तन होने से मानवीय जीवन पर कई तरह के प्रभाव देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम अत्यधिक खनन होने से वायु, मिट्टी और ध्वनी प्रदूषण से कई तरह के गंभीर बीमारी और रोग उत्पन होते हैं। उन्होंने बताया कि खेतों में ज्यादा मात्रा में रसायनिक खाद का उपयोग से खाने वाले हरेक खाद्य पदार्थों जहर बन जाते हैं। लोगों को जागरुक व सचेत करते हुए प्राकृतिक खाद उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सामुदायिक नेता सलोमी, शीला, श्रीनिला मरांडी, भीम टुडू आदि ने गांव के बुनियादी समस्या पेयजल किल्लत, निरंतर बिजली ठप, कल्याणकारी योजनाओं से वंचित होना, जर्जर सड़क और ग्राम सभा बैठक में महिलाओं को सम्मिलित नहीं करने जैसे मुद्दों को उठाते हुए निदान की रणनीति तैयार किया गया। बेडियो पाल ने वर्तमान समय में सरकार द्वारा संचालित विभिन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। सामाजिक कार्यकर्ता सुशांत सोरेन ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि समय पर बारिश नहीं होने से खेती कार्य ठप हो गए हैं। लोगों के मुख्य जीविका साधन की रीढ़ टूट चुकी हैं। खेती नहीं होने से रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। आर्थिक आमदनी बढ़ने के उद्देश्य से कई लोग प्रवासी मजदूरों के रुप में बाहर राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाहर राज्यों में प्रवासी मजदूरों को कई तरह के समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभावों और प्रदुषण कम या निजात पाने के लिए हरेक परिवार साल में तीन फलदार वृक्ष लगाने के लिए संकल्प दिलाया। पौध रोपण बढ़ावा देने के लिए 40 परिवारों के बीच में सागवान पौधा वितरण किया गया।



# अग्निवीरों के हित में

केंद्र की मोदी सरकार की तर्ज पर हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल, फोरेस्ट व माइनिंग गार्ड, जेल वार्डन व एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की भर्ती में सेना से चार वर्ष बाद लौटने वाले अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सीधी भर्ती में अग्निवीरों को यह सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं, सरकारी नौकरियों में प्रवेश के लिए तय उम्र सीमा में भी अग्निवीरों को छूट मिलेगी। अग्निवीरों के पहले बैच को उम्र में पांच वर्षों की छूट दी जाएगी। इसके बाद के बैच के लिए यह छूट तीन वर्षों के लिए होगी। इतना ही नहीं, सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी यानी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों में भी अग्निवीरों के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर बड़ा दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पीएम नरेंद्र मोदी की लोकहित की योजना है और इसके माध्यम से स्किल और एक्टिव युवा तैयार होंगे। 14 जून, 2022 को लागू की गई इस योजना के तहत भारतीय सेनाओं में चार वर्षों के लिए अग्निवीर भर्ती किए जा रहे हैं। चार वर्षों की सर्विस के बाद कुल अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत स्थाई होंगे और बाकी के रिटायर हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों ही फैसला किया है कि चार वर्षों के बाद रिटायर होने वाले अग्निवीरों को अर्द्ध-सैनिक बलों की भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार पुलिस में कांस्टेबल, वन विभाग में फोरेस्ट गार्ड, माइनिंग गार्ड, जेल विभाग में जेल वार्डन तथा स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। यहां बता दें कि एसपीओ के तहत सेना व अर्द्ध-सैनिक बलों के सेवानिवृत्त जवानों को नियुक्त किया जाता है।

# माता-पिता का ख्याल

वृद्ध माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं।

दरअसल, नये विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिये विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।

# कहीं पाक के कटोरे में भीख देना बंद ना कर दे चीन





**- आरके सिन्हा**

> पाकिस्तान से मिल रही खबरों पर यकीन करें तो कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। लेकिन, हो कुछ नहीं रहा है। चीनियों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है।

**पाकिस्तान** लगातार भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देता रहा है। मुंबई में 2008 में हुए हमलों से लेकर कठुआ, पठानकोट और उरी वगैरह में उसने आतंक फैलाया है। पर अब पाकिस्तान खुद ही अपने द्वारा लगाये आतंकवाद की आग में स्वाहा हो रहा है। वह भयभीत है। डर का कारण चीन का नाराज होना है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के मारे जाने के कारण चीन सरकार उससे सख्त नाराज है। इसलिए सारे पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को अब खास सुरक्षा दी जा रही है, जो पाकिस्तान में चीन की मदद से चल रही परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए इस्लामाबाद में एक नया पुलिस बल भी बनाया गया है। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि चीनी वित्त पोषित मेगा परियोजनाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इनमें काम करने वाले चीनियों को आतंकवादी चुन-चुन कर मार रहे हैं। इन हमलों के कारण ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाएं खतरे में हैं।

चीन ने पाकिस्तान में अपना बड़े स्तर पर निवेश करना 2015 शुरू किया था। चीन की योजना थी कि वह पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश विभिन्न परियोजनाओं में करे। इस वक्त हजारों चीनी कामगार और इंजीनियर पाकिस्तान में हैं। पाकिस्तान को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त होने के बाद अमेरिका से मदद मिलनी बंद हो गई थी। उसके बाद, उसे चीनी निवेश का ही एक मात्र सहारा था। उस पर भी फिलहाल तो ग्रहण लग गया दिखता है।

पिछले तीन वर्षों में, पाकिस्तान में आतंकवादी समूह फिर से उभरे हैं। इस दौरान आतंकवादी हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर चीनी परियोजनाओं पर खूब ज्यादा हुआ है। इस कारण से चीन से पोषित परियोजनाओं पर काम ठंडा पड़ने लगा है। पिछले मार्च के महीने के अंत में, सशस्त्र आतंकियों ने अरब सागर के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ग्वादर में चीनी निर्मित और संचालित बंदरगाह को निशाना बनाया, जिसमें दो पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। कुछ दिनों बाद, आतंकवादियों ने देश के दूसरे सबसे बड़े एयर बेसपर हमला किया। यह बलूचिस्तान में है। यहाँ भी चीनी नागरिक सक्रिय थे। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कुछ समय पहले पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें पांच चीनियों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया था। ये परियोजनाए थीं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। चीनियों पर हमले खैबर पख्तूनख्वा के अलावा बलूचिस्तान में भी हो रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सटे हुए अफगानिस्तान से।

पाकिस्तान के मशहूर अखबार दि डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, इस साल के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है।

पाकिस्तान से मिल रही खबरों पर यकीन करें तो कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। लेकिन, हो कुछ नहीं रहा है। चीनियों पर हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन अब पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान इलाकों को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये क्षेत्र हत्याओं, लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण कुख्यात रहे हैं। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा अंधकार युग में जा चुका है। सवाल यह है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो यह वहां पर वे विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं। दरअसल बलूचिस्तान और खैबर के लोगों का कहना है कि उनके यहां लगने वाली परियोजनाओं का स्थानीय जनता को लाभ नहीं मिलता। सारी मलाई पंजाब का खा जाता है। इसका विरोध करने के लिए ही चीनियों पर हमले हो रहे हैं। पाकिस्तान की सेना और सरकार का मतलब पंजाब ही है।

बलूचिस्तान में पंजाबी विरोधी आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की नींद बुरी तरह उड़ी हुई है। उसका इस बलूचों के आंदोलन के कारण परेशान होना समझ भी आता है। बलूचिस्तान के अवाम को यह नहीं लगता है। उसका मानना है कि ग्वादर पोर्ट बनने से सिर्फ पंजाब के हितों को ही लाभ होगा। बलूचिस्तान की जनता को लगता है कि उनके क्षेत्र के संसाधनों से पंजाब और पंजाबियों का ही पेट भरा जाएगा। इसलिए ही बलूचिस्तान में पंजाबियों से घोर नफरत की जाती है। बलूचिस्तान पाकिस्तान से शुरू से ही अलग होना चाहता है। वह 1947 में ही भारत का अंग बनना चाहता था जिसे नेहरू जी ने जबर्दस्ती पाकिस्तान की झोली में डाल दिया था।

पाकिस्तान सेना की ताकत ने ही उसे पाकिस्तान का हिस्सा बनाकर रखा हुआ है। पिछले महीने, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, शहबाज शरीफ, बीजिंग गए थे। वे चीन के शिखर नेता शी जिनपिंग से मिले। लेकिन, इस यात्रा का कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। क्योंकि चीन से पाकिस्तान में निवेश करने को लेकर कोई वादा नहीं किया।

## खास बात

### एलर्जी की समझ

**अच्छी** सेहत के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी जाती है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरों का कारण भी बन सकती है। फूड डिपेंडेंट एक्सरसाइज इंड्यूस्ड एनाफिलैक्सिस (एफडीईआईए) वह अवस्था है, जिसमें कसरत से पहले कोई खाद्य पदार्थ खाने से कसरत के बाद एलर्जी की शिकायत हो जाती है।

सर गंगा राम अस्पताल में हाल में ऐसे ही एक मामले में 12 साल के एक स्वस्थ लड़के ने क्रिकेट मैच खेलने के लिए घर से बाहर निकलने से पहले झींगा सलाद खाया था। मैच शुरू होने के महज 10 मिनट बाद उसे जबरदस्त खुजली, सूजन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। लड़के को फौरन पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसमें एनाफिलैक्सिस के लक्षण देखे। बाद में जांच से पता चला कि लड़के में यह समस्या शारीरिक सक्रियता से पहले झींगा सलाद खाने की वजह से उभरी थी और यह स्पष्ट रूप से एफडीईआईए का मामला है। एफडीईआईए के बारे में समझाते हुए डॉ. गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, एफडीईआईए वह अवस्था है, जिसमें कसरत से पहले कोई खाद्य पदार्थ खाने से कसरत के बाद एलर्जी की शिकायत होने लगती है। सामान्य खाद्य एलर्जी के लक्षण आमतौर पर खाने के तुरंत बाद उभरने लगते हैं, जबकि एफडीईआईए में लक्षण व्यायाम या किसी अन्य तीव्र शारीरिक गतिविधि से पहले एलर्जी के लिए जिम्मेदार खाद्य वस्तुओं के सेवन के कारण उभरते हैं। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यूं तो एफडीईआईए किसी भी खाद्य वस्तु के सेवन से उभर सकता है, लेकिन ज्यादातर मामलों में घोंघा, मेवा, गेहूं और डेयरी उत्पाद इसके उभार का कारण बनते हैं। एफडीईआईए पीड़ितों को पित्त चढ़ने और पेट में ऐंठन से लेकर एनाफिलैक्सिस जैसे जानलेवा लक्षणों का सामना करना पड़ सकता है।फूड डायरीह्न बनानी चाहिए, एलर्जी की जांच और निदान के लिए एलर्जिस्ट से संपर्क करना चाहिए, कसरत से पहले एलर्जी का कारण बनने वाली खाद्य वस्तुओं के सेवन से बचना चाहिए और एफडीईआईए की पुष्टि होने पर एपिनेफ्राइन ऑटो-इंजेक्टर साथ लेकर चलना चाहिए।

# धार्मिक विश्वास

## विचार-प्रवाह

**बद्रीनारायण सिंह**

**यात्रा** चाहे पंढरपुर की हो, अमरनाथ या वैष्णो देवी की। बिहार में देव के सूर्य मंदिर की हो, बैद्यनाथ की या विंध्यांचल और मैहर देवी की। सभी यात्राएं स्थानीय स्तर पर ही शुरू हुईं।

इनपर आस-पास के लोग ही जाते रहे। धीरे-धीरे दूर रहने वाले पहले एक-दूसरे से सुनकर, फिर अखबारों और मीडिया की खबरो से जानकर वहां पहुंचने लगे। लोगों का विश्वास बढ़ता गया। इस तरह तीर्थों की महिमा फैलती गई।

ये धार्मिक विश्वास सदियों से हमारे समाज में एक पीढ़ी से दूसरी में जाते रहे हैं। परंपरा का हिस्सा बन हमारे जीवन और संस्कृति की रीढ़ बनते गए हैं। विद्वान वासुदेव शरण अग्रवाल की किताब ह्यभारत की मौलिक एकताह्न में ह्यतीर्थ और पुण्य क्षेत्रह्न नाम का एक निबंध है। वह बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र भारतीयों के मातृभूमि के प्रति प्रेम से उपजे हैं। नदी, तालाब, पर्वत को लोगों ने देवी-देवताओं की स्मृति से जोड़कर तीर्थ बना लिया। उनका मानना है कि तीर्थ यात्रा में लोग पैदल चल देश की धरती के तिल-तिल से परिचित होते हैं। यह यात्राएं दो तरह की होती हैं। एक तो समूहों और समुदायों में हम इन तीर्थों का दर्शन करने जाते हैं। दूसरा, साल में किसी खास दिन या महीने में असंख्य भीड़ वहां उमड़ने लगती है। कांवड़ियों की यात्राएं ऐसी ही होती हैं।बिहार में बैधनाथ धाम, उत्तर प्रदेश में काशी और अनेक शिव स्थानों पर कांवर लेकर जाने की परंपरा धीरे-धीरे फैलती गई। इन जगहों पर जाकर परिक्रमा करने का भी चलन बढ़ता गया। चित्रकूट में कामदगिरि, अयोध्या की चैरासी जैसी परिक्रमाओं के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

**संथालपरगना** में आदिवासी समाज को भगाकर अब घुसपैठियों का मन इतना बढ़ गया है कि झारखंड की उप राजधानी दुमका जो हेमंत सोरेन जी का कर्म क्षेत्र है वहाँ आज मुहर्रम के जुलूस में फि लिस्तीन का झंडा लहराया गया ।

**- डॉ निशिकांत दूबे सांसद**

## आपके ट्वीट

**हजरत** इमाम हुसैन साहब की शहादत मानवजाति को भाईचारे का संदेश देता है, इंसाफ, त्याग और बलिदान का संदेश देता है।

हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत को नमन।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





भारत मजबूत ग्रामीण खपत के कारण वित्त वर्ष 2015 के लिए 7% जीडीपी वृद्धि पूवार्नुमान के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# मुस्लिम महिलाओं के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है

## सामयिक

**प्रो. मनीषा शर्मा**

**सुप्रीम** कोर्ट का 10 जुलाई को अहम फैसला आया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता ) की धारा 125 के तहत पति से तलाक के बाद भरण पोषण पाने की हकदार हैं।न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उसे फैसले को चुनौती देने वाली एक मुस्लिम व्यक्ति की याचिका को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि उसे अपनी तलाकशुदा पत्नी को हर महीने 20000 रुपये देने चाहिए। उसकी याचिका में कहा गया था कि मुझसे महिला धर्मनिरपेक्ष कानून के तहत भरण पोषण की मांग नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजारा भत्ता दान का मामला नहीं है बल्कि विवाहित महिलाओं का मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि हमारे संविधान में हर धर्म की महिला को समान हक देने का कानून है। इसलिए मुस्लिम महिला को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है जितना अन्य धर्म की महिलाओं को है।

क्या है मामलाः अब्दुल समद नाम के एक मुस्लिम शख्स ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इसने दलील दी थी कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत ही चलना होगा। जस्टिस बीवी नागरत्नाऔर जस्टिस आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिलायें गुजारा भत्ते के लिए कानून का इस्तेमाल कर सकती है । वह सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। ऐसा ही फैसला 1985 में शाहबानो केस में सुनाया गया था । यह फैसला शाहबानो केस की याद ताजा कर गया। शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने 1985 में कहा था कि सीआरपीसी की धारा 125 में मुस्लिम महिलाओं को भी पति से भरण पोषण पानी का अधिकार है। उस समय कट्टरपंथी मौलवियों के विरोध, रोष और प्रदर्शन बाद तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम तलाकशुदा महिला के भरण पोषण के लिए नया कानून लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया था और पति से गुजारा भत्ता पाने की अवधि इद्दत तक अर्थात 3 महीने सीमित कर दी थी। इद्दत एक इस्लामी परंपरा है इसके अनुसार अगर किसी महिला को उसका पति तलाक दे देता है या उसकी मौत हो जाती है तो महिला इद्दत की अवधि तक दूसरी शादी नहीं कर सकती इद्दत की अवधि करीब 3 महीने तक रहती है। इस अवधि के पूरा होने के बाद तलाकशुदा मुस्लिम महिला दूसरी शादी कर सकती है। देश की मुस्लिम महिलाओं ने जहां एक और इस फैसले का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसे शरीयत के विरुद्ध बताया है। इस संदर्भ में मौलानाओं का कहना है कि तलाक के बाद शरीयत में सिर्फ तीन महीने तक भरण पोषण भत्ते का अधिकार है। उसके बाद बीवी की जिम्मेदारी शौहर की नहीं बनती है। मुस्लिम पर्सनल बोर्ड का कहना है कि इससे बड़ा व्यापक असर हमारे समाज पर पड़ेगा। उन्होंने दलील दी कि अगर शौहर के पास पैसे नहीं है तो वह गुजारा भत्ता किस तरह दे सकता है। इसी के साथ कहा कि इससे तलाक के मामले कम होंगे और गुजारा भत्ता से बचने के लिए पुरुष तलाक नहीं लेंगे । महिलाएं शादी के बाद दोनों में नहीं बनने या किसी तरह की दिक्कत आने पर भी दर्द सहती रहेंगी और ताउम्र दर्द में रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड में भारी रोष है। वे इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन डालने पर विचार कर रहे है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सख्त कदम उठाएं

**नाइजीरिया** सरकार ने ट्विटर को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर अपने सख्त इरादे जाहिर कर दिए हैं। अगर भारत के कानून को देश में ही अहमियत नहीं मिले तो सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने चाहिए। यह उचित ही है कि कोई देश अपनी संप्रभुता और अखंडता पर पैदा होते खतरे के मद्देनजर चुप कैसे बैठ सकता है?

**-अमृतलाल, रांची**

### रूसी यात्रा के मायने

**मोदी** को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी प्रदान किया गया जो कि देश के लिए गौरव की बात है। मोदी की रूस यात्रा से चीन, पाकिस्तान को संदेश मिल गया है कि रूस भारत का सबसे घनिष्ठ मित्र है। इसके साथ ही रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी मोदी ने युद्ध से शांति नहीं हो सकती वाली अपनी बात दोहराई।

**-विभूति, हजारीबाग**

# जम्मू-कश्मीर में हिन्दू मंदिरों की पुनर्प्रतिष्ठा का सदियों का संघर्ष आखिरकार विजित हुआ

## इतिहास

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

जम्मू-कश्मीर में फिर एक बार वही प्राचीन संस्कृति एवं ज्ञान धारा का प्रवाह दिखाई देगा, जिसकी स्थापना ऋषियों ने वर्षों तक गहरी साधना के बाद इस धरती पर की थी। जम्मू का उल्लेख भारत के हर हिन्दू घर में सदियों से देवपूजा में गूंजता रहा है, फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह हिन्दू भारत के किस क्षेत्र में निवास करता है, अपने असतित्व और पूर्वजों की लम्बी श्रृंखला को नमन करते हुए लिया जाने वाला हर संकल्प जम्मूद्वीप के भरतखण्ड से शुरू होता है। निश्चित ही इससे जम्मू-कश्मीर के अति प्राचीन महत्व को सहज ही समझा जा सकता है। कश्मीर का नामकरण कश्यप ऋषि के नाम पर हुआ है। कश्यप ऋषि कश्मीर के पहले राजा थे। कश्मीर को उन्होंने अपने सपनों का राज्य बनाया। कैस्पियन सागर से लेकर कश्मीर तक ऋषि कश्यप के कुल के लोगों का ही सर्वत्र राज फैला हुआ था। उनकी एक पत्नी कद्रू के गर्भ से नाग वंश असतित्व में आया, जिनमें प्रमुख आठ नाग हुए-अनंत (शेष), वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख और कुलिक। कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही अनंतनाग जैसे स्थान हैं।

फिर हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पा कालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास की गहराइयों का पता चल ही जाता है। राजतरंगिणी तथा नीलम पुराण की कथा के अनुसार कश्मीर की घाटी कभी बहुत बड़ी झील हुआ करती थी। कश्यप ऋषि ने ही यहां सबसे पहले अपना वह प्रयोग किया जिसके कारण से झील का पानी हटा और यह क्षेत्र एक मनोरम प्राकृतिक स्थल में बदल गया। जहां मनुष्यों को बसाया जाना संभव हुआ। इतिहास के पन्नों में यहां शैव और बौद्ध दर्शन का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। कश्मीर के हिन्दू राजाओं में ललितादित्य, अवन्तिवर्मन जैसे अनेक राजा हुए हैं, जिनका राज्य पूर्व में बंगाल तक, दक्षिण में कोंकण, उत्तर-पश्चिम में तुर्किस्तान और उत्तर-पूर्व में तिब्बत तक फैला था। साहित्यकारों और संस्कृत आचार्यों की लंबी परंपरा यहां देखने को मिलती है । प्रसिद्ध वैयाकरणिक रम्मत, मुक्तकण, शिवस्वामिन और कवि आनंदवर्धन, रत्नाकर, भीम भट्ट, दामोदर गुप्त, क्षीर स्वामी, रत्नाकर, वल्लभ देव, मम्मट, क्षेमेन्द्र, सोमदेव, मिल्हण, जयद्रथ हों या कल्हण जैसे संस्कृत के अपार विद्वानों की एक लम्बी परम्परा भारत को इसी कश्मीर की देन है । कुल मिलाकर जम्मू-कश्मीर की एक सांस्कृतिक, भौगोलिक और अति प्राचीन हिन्दू विरासत है, जिसे कि आगे नष्ट करने के अनेक प्रयास हुए।

कहना होगा कि कश्मीर में इस्लाम के आगमन के बाद जैसे यहां सब कुछ बदलना शुरू हो गया था। इस्लाम या मौत चुनाव किसी एक का ही किया जा सकता था। कई लोग पहाड़ों में छिपते-छिपाते रहे तो कई अनुनय-विनय से तो कुछ अपने शक्ति-पराक्रम के बल अपने धर्म की रक्षा करते रहे, लेकिन शाह हमादान के समय में जो यहां इस्लामीकरण शुरू हुआ वह आगे सुल्तान सिकन्दर के वक्त तक आते-आते अपने चरम पर पहुंच चुका था । कश्मीर के लिए यह वह दौर था, जब यहां की संस्कृति बलात बदली जा रही थी, इस काल में हिन्दुओं को बड़ी संख्या में इस्लाम कबूल करवाया गया और इस तरह धीरे-धीरे कश्मीर के अधिकतर लोग मुसलमान बन गए। समय बीतने के साथ कई पीढ़ियां अपने मूल असतित्व को भूल गईं और इस्लाम अब इनके सिर पर चढ़कर बोलने लगा था। यहां के लिए यह युग सनातन हिन्दू संस्कृति के लिए उसके ह्रास का युग था। मंदिर नष्ट किए जा रहे थे। साहित्य और संस्कृति के प्राचीन ज्ञान खजाने से जुड़ी पाण्डुलिपियां जलाई जा रही थीं। ऐसे में यहां प्राचीन सनातन परंपरा को माननेवाले हिन्दुओं और विदेशी धरती से आए इस्लाम के बीच संघर्ष जारी था और तभी इसी संघर्ष के बीच राजा रणजीत सिंह ने 15 जून 1819 को कश्मीर में सिख शासन की स्थापना की और गुलाब सिंह को जम्मू-कश्मीर का शासन सौंप दिया, लेकिन रणजीत सिंह की मृत?यु के बाद पैदा हुई परिस्?थि?तियों में एक नया दौर अंग्रेजी सत्ता का भारत में आया।

तब जम्मू के राजा गुलाब सिंह की सत्ता सुदूर उत्तर में कराकोरम पर्वत श्रेणी तक फैली हुई थी। उत्तर में अक्साई चिन और लद्दाख भी इस राज्य के अंतर्गत था।

स्पीड न्यूज

## मजदूरों के हित से समझौता नहीं : देवेंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बिरसा परियोजना कार्यालय में बुधवार को प्रबंधन के साथ परिचय बैठक हुई। बिरसा पीओ डी शिवा दास, कोलियरी मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, पर्सनल मैनेजर विकास रंजन और यूनियन की ओर से यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र सिंह, मोती सिंह, विमल बिहारी श्रीवास्तव, मो. नौशाद हुसैन, सुभाष चंद्र मोदी, राम सिमरण, तारा प्रसाद, तेज नारायण सिंह, प्रेम कुमार, गोविंद महतो, रंजीत कुमार मुख्य रूप से शामिल थें। बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र की उन्नति में राकोमयू प्रबंधन को हर संभव मदद करती रही है और आगे भी करती रहेगी। श्री सिंह ने उत्पादन के दौरान मजदूरों के लिए सुरक्षा का पूरा ख्याल रखने की बात कही।

## दर्जनों महिलाएं कांग्रेस में शामिल



कुजू। कांग्रेस मांडू प्रखंड कमिटी की बैठक दिगवार स्थित मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। बैठक में सभी लोगों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। मांडू विधानसभा में कांग्रेस कैसे मजबूत हो और हर बूथ में कैसे जीत हो इसपर चर्चा हुई। वही बड़गांव पंचायत के दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। सभी महिलाओं का विधायक ने स्वागत किया। मौके पर धर्मराज राम, ताहिर अली, अमित करमाली, विनोद बिहारी महतो, अर्जुन, बसंत महतो, ललित राम, प्रदीप कुमार, हरि महतो, अमरदीप राम, मंसूर अली, मासूम कुमार, विकास राम, प्रभात कुमार, शंकर गंझू, आशु कुमार, जावेद हुसैन, सावित्री देवी, शिल्पा देवी, बसंती देवी, शांति देवी, सागर महतो, दशमी देवी, शल्को देवी, लालको देवी, सलवा देवी, सीता देवी, गीता देवी आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने 150 बच्चों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में बुधवार को लायन विजय वर्णवाल के 50वॉं जन्मदिन मनाया गया। रामगढ़ डिवाईन ओंकार मिशन में लायंस पदाधिकारियों ने 150 जरूरतमंद बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराकर जन्मदिन सेलिब्रेट किया। अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा कि जरूरतमंदो को मदद करने से आत्मसंतुष्टी मिलती है। लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि डिवाईन ओंकर मिशन के संचालक राजेश नेगी की देन है कि अनाथ बच्चों को नई उर्जा और राह मिल रहा है। उन्होंने सामर्थ्यवान लोगों से सामाजिक कार्यों में सहयोग करने की अपील की। मौके पर सचिव अंजु देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजयंत कुमार, अखिलेश शर्मा, माला शर्मा, वीणा सिंह, संजय सिंह ,डॉ मंजुल, राजेश अग्रवाल दीनबंधु, विमल राय, प्रमोद शर्मा, सहित शांति देवी, तान्या मोदी आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा के आशीर्वाद से होगा विकास : सांसद



कुजू। रांची रोड बीआरएल डेम साइड कॉलोनी में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह भगवती दुर्गा विग्रह प्राण प्रतिष्ठा मंगलवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। आचार्य बालमुकुंद पांडेय, पिंटू पांडेय द्वारा यजमान बने उपेंद्र सिंह, प्रदीप प्रसाद, अरुण दुबे सपत्नीक के हाथों विधि विधान के साथ वैदिक वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। साथ ही भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन किया गया। सोमवार शाम सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान महायज्ञ समिति अध्यक्ष नरेश प्रसाद साहू ने चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। जायसवाल के हाथों में आचार्य ने रक्षासूत्र बांधा। श्री जायसवाल ने मंदिर में मत्था टेक क्षेत्रवासियों के लिए सुखमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। सांसद ने कहा कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से लोकसभा क्षेत्र के सभी जनता का विकास होगा। यज्ञ से क्षेत्र में शांति बनी रहती है। महायज्ञ के सफल आयोजन में आस पास के लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

## एजेकेएसएस ने पीओ को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ विरसा परियोजना शाखा कमीटि ने बुधवार को विरसा पीओ को 22 सुत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर यूनियन के क्षेत्रिय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि प्रबंधन को कोयला मजदुर की संवेदना से कोई लेना देना नहीं है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जल्द से जल्द युनियन के साथ बैठक कर 22 सुत्री मांगो पर अमल करें। नहीं तो बाध्य होकर हमारी युनियन आन्दोलन का रुख अख्तियार करेगी। मांग पत्र सौंपने वालों में शंकर कुमार, मोहन श्रीवास्तव, विनोद सिंह, तेज नारायण, कर्मदेव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# महुदी के दोषियों पर 19 जुलाई तक कार्रवाई करे जिला प्रशासन : सांसद

- रामनवमी मार्ग पर प्रतिबंध को हटाने लेकर धरने पर बैठे अमन और अजय सिंह को सोमवार रात पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- भोला प्रसाद को लाठी-डंडे से विवाद स्थल पर भी पीटा था

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जिले के बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव मे रामनवमी मार्ग पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे आंदोलनकारी अमन कुमार और अजय सिंह को सोमवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है कि इसी घटना को लेकर स्थानीय भोला प्रसाद को घर में सोने के दौरान पुलिस द्वारा उठाकर विवाद स्थल पर ले जाया गया और फिर उनपर बेरहमी से लाठी डंडे बरसाई गई। जिससे भोला महतो बुरी तरह घायल हो गए। महुदी की घटना की जानकारी मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को महूदी पंहुचकर हालात का जायजा लिया। जायसवाल ने महुदी, शिवाडीह, सोनपुरा, हरली, विश्रामपुर, नयाटांड़, चोपदार बलिया सहित आसपास के कई गांवों में स्थानीय लोगों से मिलकर बात की। पुलिस की पिटाई से घायल हुए भोला महतो के पक्ष से बड़कागांव थाने को आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई करने हेतु एफआईआर करने हेतु आवेदन दिया गया ।

सांसद ने प्रशासन को 19 जुलाई तक संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया अन्यथा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर कारवाई नहीं हुई तो 19 जुलाई के बाद बड़कागांव थाने के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

मीडिया से बात करते हुए सांसद ने कहा कि पूरे बड़कागांव क्षेत्र में अराजकता का माहौल है और जिला प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है। यह घटना प्रशासन की विफलता का परिणाम है। पुलिस और प्रशासन के लोग राज्य की सरकार में बैठे अपने आकाओं को खुश करने के लिए एकपक्षीय कार्रवाई कर रहे हैं और एक पक्ष को डराकर दबा रहें हैं। उन्होंने कहा की इसी घटना में गांव के भोला महतो को पुलिस द्वारा बेरहमी से मारा पीटा गया। महुदी में रामनवमी रूट पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे अमन कुमार और अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। चुनाव के दौरान बादम में मोटरसाइकिल रैली के दौरान एक पक्ष के लोगों को दूसरे पक्ष द्वारा पीटा गया, सिरमा छवनिया में एक बिजली का कार्य करने वाले युवक को एक समुदाय विशेष द्वारा मारकर हाथ तोड़ दिया गया, हाल ही में अंबाजित निवासी दो युवक की बादम पहाड़ी के समक्ष एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा बेवजह पीटा गया। बड़कागांव थाने में आवेदन देने के बाद ही इन मामले पर कोई कारवाई नहीं हुई। जायसवाल ने कहा कि महुदी में लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे अमन कुमार और अजय कुमार को गिरफ्तार कर बाजार जेल भेज देने के पीछे प्रशासन का लक्ष्य था कि मोहर्रम का जुलूस पार किया जा सके। एक ही जगह पर रामनवमी मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाता है और दूसरी और मोहर्रम जुलूस प्रशासनिक अधिकारी के संरक्षण में पार कराया जाता है यह झारखंड में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की राजनीति को बखूबी प्रदर्शित करता है। सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अफवाहों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# बरही में शांतिपूर्वक मुहर्रम संपन्न



बरही। मुहर्रम बरही में शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ। आज के दिन ही हजरत हुसैन शहीद हुए थे। उनके शहीद की याद में मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। हजरत हुसैन शहीद होकर यजीद के नपाक इरादे को बर्बाद कर दिया था और इंसानियत के परचम को ऊँचा रखा था।हजरत हुसैन की शहादत को गमगीन याद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने आंसू भरे विदाई दिया, साथ ही उनके कष्ट भरे जीवन को अपने मूलरूप में अनुभव करते हुए और इमाम के घोड़े के रूप में पैकवाहा बनकर सारे नगर में बने इमाम के चौके में झूमते नजर आयें। हजरत इमाम हुसैन की शहादत के अवसर बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के लगभग दर्जनों अखाड़े और उनके खिलाड़ी अपना खेल का प्रदर्शन करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों को देखने के लिए काफी संख्या में हर क्षेत्र के लोग भारी तादात में पहुंचकर खेल व झांकी का आनंद उठाया। इस अवसर पर इमाम हुसैन, या अली के नारे की धूम रही। दसवीं के दिन क्लब के सारे झाकियां व ताजिया रोड चौराहे के चारो तरफ घूमकर आकर्षक प्रदर्शन किया। इस पर्व को मुस्लिम हिन्दू मिलकर बड़ी सौहार्द के साथ मनाएं। जिसको देखकर लोंगो को लगा कि बरही में हिन्दू व मुस्लिम के बीच एकता एक मिसाल है। बरही पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। मल्लाहटोली में भी हिन्दू समाज के लोग तजियां उठाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वें लोग पिछले कई वर्षों से तजियां उठा रहे हैं। वे लोगों का मानना हैं कि मल्लाह टोली में हिन्दू-मुस्लिम भाई आपस में मिलकर गंगा-जमुना के तहजीब को प्रस्तुत करते हैं। न केवल मुसलमान, बल्कि बड़ी तादात में हिंदू भी इमाम के रोजे की ताजिया बनाते हैं। गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश कर बरही के इलाकों में कई हिंदू घरों में ताजिया बनाने का काम होता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह, सुनील साहू, मो वारिस अंसारी, मो सागिर, भगवान केशरी, मो जियायुल, राजेन्द्र स्वर्णकार, मो कयूम, उदय केशरी, मुखीया सिकंदर राणा, मो ताजुद्दीन, कामेश्वर सिंह समेत अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झरपो में जंगली हाथी मचा रहे जमकर उत्पात

टाटीझरिया । झरपो भराजो खैरा पंचायत में इन दिनों लगातार जंगली हाथी मचा रहे उत्पात। अब तक कई गांवों में सैकड़ों घरों को तोड़ फोड़ किया है। कई किसानों के खेत में लगे फसलों को पैरो तले रौंदकर बर्बाद किया। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी भय व्याप्त है लोग डरे सहमें अपने जीवन आपन कर रहे है। मंगलवार रात लगभग 2:00 बजे झरपो पंचायत के समाज सेवी सह किसान छोटन कुमार पिता स्व. तूफानी महतो ,महेश प्रसाद पिता स्व. गल्लू महतो,राधेश्याम प्रसाद कुशवाहा पिता स्व. जागो महतो,अशोक प्रसाद के फसल खेत में बने लाखो रुपए की लागत से सीमेंट ईंट बालू से निर्मित चार दिवारी को तोड़ फोड़ कर दिया। किसानों ने सबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है । झरपो भराजो खैरा जरगा बलिया लोहंडी के किसानो ने बताया कि वन विभाग अधिकारियों को कई बार फोन किया गया।लेकिन वे दो से तीन बार फोन करने पर ।जनता के मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट सूची में डाल देते हैं।

## श्रमिकों को और सशक्त बनायेगा जनता मजदूर संघ : निशि पांडेय



भुरकुंडा (रामगढ़)। जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को बरका सयाल क्षेत्र के बिरसा प्रोजेक्ट, कैंटीन, वर्कशॉप, उरीमारी परियोजना अंतर्गत पोटंगा एवं सयाल ऑफिस में कोयला मजदूरों कर्मचारियों से जनसंपर्क किया। साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए। प्रतिनिधि मंडल में जनता मजदूर संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी निशि पांडेय, केंद्रीय संगठन सचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद उपस्थित थे। निशी पांडेय ने कहा की मजदूरों को मजबूर बनाकर रखा गया है। उन्हें मजबूत एव सशक्त बनाना जनता मजदूर संघ का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की पीड़ा सुनकर काफी दुख होता है। हमारी यूनियन गंभीरता के साथ मजदूरों के हर समस्या का समाधान करेगी।

# झाकोमयू के अध्यक्ष बने अनिल दुबे



भुरकुंडा (रामगढ़)। क्षेत्रीय कार्यालय सौंदा डी में बुधवार को दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (झाकोमयू) का दिवसीय सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रवीर चटर्जी और संचालन यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से दि झाकोमयू भुरकुंडा कोलियरी शाखा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनिल दुबे, उपाध्यक्ष योगेंद्र बड़ाईक, बिंदेश्वर राय, रंजीत यादव व राजकुमार राम, सचिव शिव कुमार यादव, सह सचिव द्रोपती देवी, प्रमोद राय, उमेश सोनी व मिथिलेश दुबे, संगठन सचिव रंजीत एक्का, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार उर्फ रिन्कु वर्णवाल, सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार चुने गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में रामबालक, हरि राजभर, रामबली, राजेंद्र कुमार व बुधलाल शामिल हैं। मुख्य अतिथि अनंत प्रसाद साहू ने सभी चयनित पदाधिकारियों और सदस्यों को सम्मानित करते हुए बधाई दी। इधर नवमनोनित अध्यक्ष अनिल दुबे, सचिव शिव कुमार यादव व कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार उर्फ रिन्कु वर्णवाल ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर यूनियन को और बुलंदियो पर ले जाना हमारा लक्ष्य होगा। सम्मेलन में मुख्य रूप से सुरेश यादव, भुन्नू सिंह, अजय सिंह, दिलीप जायसवाल, नीरज कुमार, कार्तिक उरांव, रामेश्वर राम, रामवृक्ष तुरी, अमन कुमार, शिवपूजन आदि शामिल थे।

# रामगढ़ में निकला मुहर्रम का आकर्षक जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। शहर में बुधवार को कई कमेटियों ने मुहर्रम का जुलूस निकाला। गोलपार नौजवान कमेटी ने आकर्षक ताजिये के साथ जुलूस निकाला। चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड , मेन रोड होते हुए वापस गोलपार कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। ताजिये के आगे कमेटी के युवा बैंड की धून पर आकर्षक कर्तब दिखाते हुए लोगों को अचंभित करते हुए बढ़ रहे थे।

दुसाध मुहल्ला, पुरनी मंडप, नईसराय, सौदागर मुहल्ला सहित विभिन्न कमेटियों की ओर से मुहर्रम को लेकर सुसज्जित वाहन पर आकर्षक ताजिये के साथ जुलूस निकाला गया। मुहर्रम के जुलूस में शामिल विभिन्न कमेटियों के युवाओं में उत्साह का माहौल था। जुलूस में शामिल युवा आकर्षक कर्तब दिखा रहे थे। जिसको देखकर लोग अचंभे में पड़ गए। इधर, मुहर्रम के जुलूस को शांति पूर्वक संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था। साथ ही एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद एवं थाना प्रभारी अजय कुमार साहू घूम घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे थे।

**भुरकुंडा में निकला आकर्षक ताजिया :** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में लोगो ने पारंपरिक लाठी, तलवार सहित अन्य हथियारों के साथ हैरत अंगेज करतब दिखाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। जुलूस में लोग या अली या हुसैन के नारे लगा रहे थें। इस दौरान मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा जगह-जगह अस्त्र-शस्त्र करतब दिखाया गया। साथ ही तकबीर नारे रिशालत की गगनचुंबी नारे भी लगाए गए। सभी अखाडे. भुरकुंडा थाना चौक में जमा हुए। इस दौरान अखाड़ों के खिलाडियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस बिरसा चैक, मस्जिद कॉलोनी, भुरकुंडा बाजार, थाना चैक, हॉस्पीटल कॉलोनी होते हुए वापस थाना चौक पहुंचा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, उपर धौडा, भदानीनगर के चीकोर, लपंगा, चैनगड़ा सहित अन्य जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इधर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित गांधी नगर में शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस भी निकाला गया।

एक नजर में

## मो कयम ने किया लाठी खेल का उदघाटन



बरही। मुहर्रम के अवसर पर गरजामो रेनटांड एवं बेजलाडीह में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने लाठी खेल का उद्घाटन किया। इस दौरान स्थानीय खिलाड़ियों ने कई करतब दिखाए। कयूम ने कहा कि मुस्लिम रीति-रिवाजों से मुहर्रम को अलग माना जाता है, क्योंकि यह महीना शोक का होता है। मुहर्रम के दिन लोग इमाम हुसैन के पैगाम को लोगों तक पहुंचाते हैं। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, उप मुखिया सुखदेव यादव, पंचायत समिति रमजान अंसारी, मंसूर आलम, मो सलामत, महताब आलम, अफजल अंसारी, सुनील ठाकुर, मौलाना सुलेमान, मुख़्तार मियां, इलियास मिंया, नकुल करदेव, अबास अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## टाटीझरिया प्रखंड में शांतिपूर्वक मना मुहर्रम

टाटीझरिया । प्रखंड के झरपो भराजों खैरा डेहरभंगा डूमर धर्मपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के विभिन्न गांवों में मुहर्रम त्यौहार बहुत ही शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। वही टाटीझरिया प्रखंड और थाना क्षेत्र के विभिन्न मुहर्रम मेला अखाड़ा में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ,सीओ निलम टुड्डू , थाना प्रभारी सुजीत कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद थे । मेले परिसर में आए रंग बिरंगे अद्भुत ताजिया देखा गया जो बहुत ही आकर्षक और मनमोहक था। इस्लाम धर्म के लोगों ने इस रोज भाई चारगी का मिशाल कायम किया उन्होंने हिंदुओ से भी गले से गले लगाया हाथ मिलाया और मुहर्रम त्यौहार का मुबारक बाद कहा । हसन हुसैन सरवारिया हुसैन के नारे खूब लगाए गए। वही मेले में आए बच्चो ने समोसा चाट लड्डू चाउमिन अनेकों चटपटा और स्वादिष्ट व्यंजन को चख आनंद लिया। वही बताते चले की झरपो के तिरंगी मोड़ चौक में पूर्व की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम त्यौहार के अवसर पर मेले आखाड़े का आयोजन किया गया । जहां मेले और मुहर्रम त्यौहार को सफल बनाने में तैय्यब मियां,मुख्तार अंसारी,इब्राहिम अंसारी,मनीर आलम सदर,हनीफ मिया, मासूक अंसारी, दिलाबर अंसारी, अनावर अंसारी,अख्तर अंसारी, रशुल मियां,बुधन , युशूफ, अलाउद्दीन,बसीर,सुभानी अंसारी,इमित्याज, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## बरही में ओबीसी कांग्रेस की महापंचायत एक अगस्त को

बरही। बरही ओबीसी कांग्रेस की पूर्वी पंचायत सभागार में बैठक हुई। जिसमें एक अगस्त को बरही टॉउन हॉल में विधानसभा स्तरीय ओबीसी कांग्रेस महापंचायत कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के निर्देश पर जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता और स्टेट कॉर्डिनेटर सुरजीत नागवाला की विशेष उपस्थिति में बैठक हुई। महापंचायत मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता समेत विशिष्ट अतिथियों में स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला, बरकागांव विधायक अंबा प्रसाद एवं मांडू विधायक जेपी भाई पटेल को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महापंचायत कार्यक्रम की अन्य तैयारियों पर भी चर्चा हुई। साथ ही इस कार्यक्रम के मद्देनजर ओबीसी वर्ग को जगाने और राजनीति में उनकी भागीदारी और जागरूकता को बढ़ाने के निमित्त प्रखंडवार बैठकें आयोजित करने एवं जनसंपर्क चलाने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला कॉर्डिनेटर उदय केसरी, यूथ कांग्रेस के बरही विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, ओबीसी कांग्रेस के बरही प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, इंटक के राजेंद्र स्वर्णकार, सुनील चंद्रवंशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दूध विक्रेता की मौत



चौपारण। बुधवार को जीटी रोड के पिपरा में सड़क हादसे में दूध विक्रेता की मौत हो गई। मयूरहंड प्रखण्ड के पेटादरी के निवासी जगदीश यादव (55 वर्ष ) लूना से प्रखंड के कई होटलो में दूध पहुंचाकर वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पिपरा के समीप पीछे से तेज गति से आ रहा एक पिकअप ने जगदीश यादव के लूना में धक्का मार दिया। धक्का लगने से लूना सवार पिकअप में फंस गया। चालक ने उसे घसीटते हुए लगभग 2 किलोमीटर दूर सिंघरावा के टीटही तालाब तक ले गया और फरार हो गया। जिसे टॉल टैक्स के पास पीछा कर कुछ लोगों ने पकड़ लिया। वहीं घायल जगदीश यादव को सामुदायिक अस्पताल बरही ले जाया गया जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुवाबजे की मांग को लेकर जीटी रोड के बीच में गाड़िया लगाकर जाम कर दिया। जिसके बाद चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर जाम को हटवाया। और पिकअप को भी कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। ृतक जगदीश यादव के 2 पुत्र और 3 पुत्री है। सड़क निर्माण में लगी कम्पनी की लापरवाही से आये दिन बेखबर राहगीरों की हो रही मौत बावजूद निर्माण में लगी कम्पनी सुस्त व लापरवाह बनी हुई है।

## सामूहिक विवाह में शामिल हुये पूर्व विधायक



बरही। सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उन्हें उपहार सौंपा। मनोज यादव ने कहा कि अविनाश आर्या ने समाज के लिए प्रेरणाश्रोत कार्य किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलाने का पुनीत कार्य किया है। पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्य प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, शिक्षक संजय दुबे, सुरेन्द्र दास, राजकुमार दास, मनोज सिंह, भाजपा नेता भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, अशोक यादव, युगल यादव, संदीप चनद्रवंशी, सुनील शेखर, राजकुमार केशरी, आकाश जायसवाल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में मुख्य मार्ग पर जल जमाव

विष्णुगढ़। गोमिया कालीकरण सड़क बनने के पूर्व यह मुख्य मार्ग बंशीधर अखाड़ा चौक होकर गुजरती थी। जगह-जगह पर जल जमाव होने के कारण आम जनजीवन त्रस्त है। चेडरा में बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग निवास करते हैं जिस जगह पर मुस्लिम लोग मुहर्रम मना रहे वहां हैं रोजाना महिला एवं पुरुषों का आना-जाना लगा रहता है। चंद कदमों की दूरी पर जल जमाव से लोग दुखी हैं।

स्पीड न्यूज

### नगरपालिका की विफल पानी आपूर्ति व्यवस्था

**चतरा।** चतरा नगरपालिका की पानी आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से विफल है। नगरपालिका बिना पानी दिए ही हर महीने जलकर वसूल रही है। गर्मी के आते ही हरुआ डैम सूख गया और करीब 2 महीने से जलापूर्ति ठप है, लेकिन इसके बावजूद भी नगरपालिका पानी का टैक्स वसूल रही है। शहर के कई ऐसे वार्ड हैं जहां एक साल से अधिक समय से पानी की एक भी बूंद नहीं आई है, लेकिन उनसे भी टैक्स वसूला जा रहा है। कई वार्ड ऐसे हैं जहां लोगों को नए और पुराने कनेक्शन के नाम पर छला जा रहा है।कुछ जगहों पर नए कनेक्शन में पानी दिया जा रहा है तो कुछ जगहों पर पुराने कनेक्शन में।कुछ वार्ड ऐसे भी हैं जहां मिस्त्री की मिलीभगत से पानी की आपूर्ति सिर्फ कुछ लोगों को ही की जा रही है और बाकी लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की आपूर्ति की जिम्मेदारी पीएचडी विभाग की है, लेकिन टैक्स नगरपालिका वसूलती है। इस समस्या से परेशान होकर कई लोगों ने पानी का कनेक्शन कटवा लिया है या कटवाने का मन बना रहे हैं। लेकिन नगरपालिका कार्यालय और उसके अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### मुहर्रम पर्व शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटहाडीह, खेसकरी, सतडीहा, ककरचोली, रघुनियाडीह, गड़गी तेतरौन, परसाबाद सहित कई क्षेत्रों में मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। स्थानीय जयनगर स्थित इमामबाड़ा से ताजिया उठाकर मस्जिद रोड, बेला मुहल्ला, हाजी मुहल्ला, थाना रोड होते हुए जयनगर थाना पहुंचा, जहां से लोग कर्बला के लिए रवाना हुए एवं कर्बला पहुंचकर ताजिया दफन किया गया। मुहर्रम पर्व को शांति सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी भी मुस्तैद रहे।

### आकर्षक जुलूस के साथ निकाला गया ताजिया

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत नावाडीह, महूंगाय, दरदाही, मुरकमनाय, खेशमी, विंडोमोह, देवीपुर, नादकरी, कर्बला नगर, भोजपुर, शाहगंज, कारीखोखो, बेला, कुंवरडीह, मंगलानगर, पूर्णानगर, नरियायाही, पपलो, दशारो आदि समेत प्रखंड के दर्जनों गांवों में मोहर्रम की दसवीं तारीख को मुहर्रम कमेटियों ने अपने-अपने अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाला जो विभिन्न मार्गो से होते हुए कर्बला मैदान स्थित रैनीटांड पहुंची। जहां शाम को कर्बला में फातिहा के साथ मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

### मौसी बाड़ी से लौटे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र

**गुमला।** मौसी बाड़ा से बुधवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलराम रथ में सवार होकर मंदिर परिसर लौटे। रथ में भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर तीनों प्रतिमाओं को रखा गया और रथ खींचकर भक्तों द्वारा मौसी बाड़ी से भगवान की प्रतिमा को मंदिर परिसर तक लाया गया। बुधवार को गुमला के करौंदी व नागफेनी में घूरती रथ यात्रा मेला का आयोजन किया गया। अहले सुबह से ही लोग मौसी बाड़ी पहुंचकर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगा।

त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न, आकर्षक ताजिया व निशान के साथ जुलूस पहुंचा कर्बला

# या अली या हुसैन के नारों से गूंजा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण से सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि मोहर्रम का पर्व इमाम हुसैन के कर्बला के मैदान में कुर्बानी और उनकी शहादत को याद कर मनाया जाता है। बुधवार को जलवाबाद, दर्जिचक, पाण्डेयडीह, छतरबर, लोहासिकड सहित अन्य जगहों से आकर्षक ताजिया व निशान निकाले गए। पारम्परिक हथियारों से लैस युवा वर्ग या हुसैन या अली के नारे लगाते हुए ताजिये के साथ चलते हुए स्थानीय गांधी चौक पहुंचे जहां विभिन्न अखाड़ों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान या अली या हुसैन के नारों से पूरा शहर गूंज रहा था। अखाड़ों द्वारा लाठी, भाला, तलवार सहित कई खेल का प्रदर्शन किया गया। बाद में ताजिया और निशान के साथ जुलूस कर्बला पहुंचा। कर्बला में मोजाबर मो. जहिर मो. बलाल साह के द्वारा फातिहा पढ़ा और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी।

**कर्बला मैदान में मेले का माहौल** : कर्बला मैदान में मेले जैसा माहौल देखा गया, जहां छोटे छोटे बच्चे, युवतियां व महिलाएं जरूरी सामान खरीदते देखे गए।

**मुस्तैद दिखा प्रशासन :** मुहर्रम को लेकर जिला मुख्यालय व आस पास के विभिन्न चौक चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद दिखे। वहीं स्थानीय गांधी चौक, कर्बला और जुलूस के साथ भी पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जमे दिखे। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी, एसआई बमबम कुमार, पैंथर के जवान अनंत राणा, कपिलदेव प्रसाद, पंकज कुमार, मुकेश कुमार व पुलिस बल के जवान तैनात दिखे।

## त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम शांति व सौहार्द के साथ संपंन

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम डोमचांच में शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ। हजरत इमाम हुसैन की शहादत के अवसर पर डोमचांच प्रखंड के विभिन्न पंचायतों बगड़ो, बगरीडीह, नावाडीह, जानपुर, ढाब आदि सहित नगर पंचायत में विभिन्न अखाड़े कमिटी और उनके खिलाड़ियों ने अपना खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान अनेकों किस्म के खेल करतब का प्रदर्शन किया गया। इसे देखने के लिए काफी संख्या में हर क्षेत्र के लोग भारी तादात में पहुंचकर खेल का आनंद उठाए। इस दौरान बच्चे भी खेल करतब का प्रदर्शन किए। इस अवसर पर या अली, या हुसैन, कर्बला दूर है-जाना जरूर है आदि नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। खाश बात रही कि इस पर्व को मुस्लिम हिन्दू मिलकर सौहार्द के साथ मनाये। जो हिन्दू व मुस्लिम के बीच एकता का एक मिसाल बना। डोमचांच के अमन कमिटी व मिल्लत कमिटी ने अखाड़ा जुलुश निकाला जो मस्जिद मुहल्ला से होकर फहीम गुमटी, ढाब रोड, शहीद चौक आदि जगहों पर खेल व करतब दिखाए। वहीं डोमचांच प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। प्रशासनिक स्तर के पदाधिकारी स्वयं निगरानी कर रहे थे। वहीं अखाड़ा जुलुश समाप्त होने के उपरांत लोग कर्बला की ओर रुख किये। कर्बला में फातिहा पढ़ी गई और लोगों ने मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

बता दें कि आज के दिन ही हजरत हुसैन शहीद हुए थे। उनके शहीद की याद में मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। हजरत हुसैन शहीद होकर यजीद के नपाक इरादे को बर्बाद कर दिया था और इंसानियत के परचम को ऊंचा रखा था। हजरत हुसैन की शहादत को गमगीन याद में लोगों ने आंसू से विदाई दिया। साथ ही उनके कष्ट भरे जीवन को अपने मूलरूप में अनुभव करते हुए इस्लाम पर चलने की दुआ मांगी। साथ ही देश मे अमन-चौन और भाईचारे के साथ रहने की दुआ मांगी।

मौके पर मो. हाकिम, शमसुल खान, कादिर परवेज, मो. वारिश, मो. गोल्डन, मो. शाहिद, प्रिंस आलम, मो. इरशाद, परवेज खान, सोएब खान, सलमान खान, मो. नसीम, सलीम अंसारी, हाजी मुस्लिम अंसारी, मो. असलम, परवेज आलम, मो. मिन्हाज, मो. सरफराज, मो. आजाद, मो. नौशाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

एक नजर में

### चतरा में निकला मोहर्रम का जुलूस

**चतरा।** बुधवार को मुस्लिम समुदाय ने मोहर्रम पर्व के अवसर पर जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोग या अली और या हुसैन के नारे लगा रहे थे और डीजे की धुन पर मर्सिया गूंज रहा था।अखाड़ा में शामिल युवक विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज खेलों का प्रदर्शन कर रहे थे। लाइन मोहल्ला खानकाह रोड, नूर नगर, धंगरटोली, बिंड मोहल्ला, अंसार नगर, नगवां मोहल्ला, पांचवां मोहल्ला एवं अव्वल मोहल्ला मोहर्रम कमेटी द्वारा निकाले गए जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल थे। जुलूस का नेतृत्व मोहर्रम कमेटियों के खलीफा कर रहे थे और निशान के साथ जुलूस अपने-अपने मोहल्लों से शुरू हुआ। जुलूस विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए स्थानीय राज्य संपोषित बाल उच्च विद्यालय के समीप पहुंचा और वहां पर निशान मिलान के साथ जुलूस वापस हो गया।पारंपरिक हथियारों से लैस अकीदतमंदों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया और लाठी, डंडा और तलवार के खेलों का प्रदर्शन कर जुलूस की परंपरा का निर्वहन किया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की स्काट पार्टी साथ थी। जुलूस के कारण कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था बाधित रहा, लेकिन राहगीर दूसरे सड़कों से अपने गंतव्य स्थान के लिए आते-जाते रहे। मुहर्रम जुलूस को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया और अखाड़ों को स्कार्ट करने के अलावा सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा बलों को प्रतिनियुक्त किया गया था।

### मोहर्रम पर याद की गई हसन-हुसैन की शहादत



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हसन-हुसैन की शहादत को याद किया। मुहर्रम की दसवीं तारीख को शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में भादोडीह, नवादा बस्ती, असनाबाद, झलपो, असना-इंदरवा, भंडरवा सहित दर्जनों अखाड़ा कमेटियों ने खूबसूरत व नकाशीयुक्त ताजिया एवं निशान के साथ लोगों ने लाठी डंडा और तलवार के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। अखाड़े पर हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के साथ शस्त्रों का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर मुहर्रम को संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी चौकसी बरती गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहे और दंडाधिकारी पूरे शहर का भ्रमण कर रहे थे, जबकि असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने कड़ी नजर रखी हुई थी। जुलूस में भादोडीह अखाड़ा कमेटी के अनवर उल हक, रिजवान कुरैसी, अबरार कुरेशी, शमीम आलम, चुन्नू मंसूरी, नईम आलम, नौशाद अख्तर, जाहिद हुसैन, मो. शब्बीर, गुलाम जिलानी, आरिफ अंसारी, मंजूर आलम समेत कई लोग शामिल थे।

### सौहार्द के बीच मना त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम



**सतगावां (कोडरमा)।** हजरत ईमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम शांति, सौहार्द व भाईचारे के बीच सम्पन्न हुआ। मुहर्रम को लेकर बासोडीह व मोदीडीह अखाड़ों के द्वारा ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान जुलूस में युवाओं के द्वारा परंपरागत हथियारों तथा लाठी, तलवार, फरसा आदि का शानदार प्रदर्शन किया गया। वहीं जुलूस में या अली या हुसैन और नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर के नारे लगे। जुलूस बासोडीह जामा इमामबाड़ा से निकलकर प्रखंड के मुख्य मार्ग बासोडीह बाजार का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड तक गयी। जहां से पुनः उसी रास्ते से होते हुए रामडीह, नौवाचक होकर देर शाम करबला तक पहुंची, जहां ताजिया दफन किया गया। वहीं प्रखंड के रजघटी, जगनीडीह, शिवपुर, माधोपुर, बजनियां, डेबोडीह, राजाबर, अंगार, दोनैया समेत अन्य क्षेत्रों से भी ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। साथ ही जगह-जगह पर दंडाधिकारी नियुक्त किये गए थे। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपने दल-बल के साथ गश्ती करते दिखे। मौके पर मो. अजहर रब्बानी, मो.इकराम, मो. फकरुद्दीन, मो. सलीम, मो. नेयाज, मो. फैयाज आलम, मो. सैकुल मियां, मो. बुल्लू, मो. सफीक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### श्रीकांत यादव की पांचवीं पुण्य तिथि मनी



**जयनगर (कोडरमा)।** समाजसेवी श्रीकांत यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर बुधवार को डुमरी निवास स्थान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने कहा कि श्रीकांत यादव जीवनपर्यंत समाज सेवा से जुड़े रहे, वे हर किसी को अपना समझते थे। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने उनकी पत्नी निर्मला देवी प्रयासरत है। श्रद्धांजलि देने वालों में पत्नी निर्मला देवी, ससुर सुभाष यादव, सुनील यादव, कृष्ण यादव, संदीप यादव, चंद्रदेव यादव, सुनील यादव, ब्रह्मदेव दास, दशरथ यादव, सुभाष यादव, इंद्रदेव यादव, राजदेव दास, संजय यादव, नताशा देवी, अनीता देवी, पूनम देवी समेत कई लोग शामिल थे।

## नकास ट्रांसपोर्ट कंपनी की हाइवा से ग्रामीणों में भय का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** आम्रपाली से नकास ट्रांसपोर्ट कंपनी की हाइवा सड़कों पर आतंक मचा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। नकास ट्रांसपोर्ट की हाइवा खुलेआम चौक-चौराहों में धूल उड़ा रही है और पानी पटाने में आनाकानी कर रही है।जिला प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर यह ट्रांसपोटिंग की जा रही है। प्रगति के साथ-साथ नकास ट्रांसपोर्ट कंपनी की आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

प्राग रूट बदलकर प्रत्येक दिन हजारों टन कोयला की ट्रांसपोटिंग की जा रही है। टंडवा की जनता अब तक कई मौतें देख चुकी है और समाधान की प्रतीक्षा कर रही है।जिला प्रशासन इन ट्रांसपोर्ट कंपनियों पर कार्रवाई करने में विफल क्यों हो रहा है, यह एक बड़ा सवाल है।

## 23 साल बाद भी गुमला जिला के पसंगा गांव में नहीं पहुंची बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना नहीं उतर पायी धरातल पर, कई गांवों में अब तक नहीं पहुंची बिजली

जिला मुख्यालय से महज 15 किलो मीटर दूर बसे पसंगा गांव के लोग आज भी जीते हैं अंधेरे में, विकास के दावों को मुंह चिढ़ा रहा है पसंगा गांव

**गुमला।** अधुनिकता के इस दौड़ में बिजली के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव सा प्रतीत होता है। हम बात कर रहे हैं विकाशसील देश भारत की। जो विश्व में नियत नये कीर्तमान स्थापित कर रही है। लेकिन गांवों के बदहाल जीवन में सुधार आज तक नहीं हुई है। झारखंड राज्य के गुमला जिला का पसंगा गांव जहां आज भी लोग बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं। इस गांव की दूरी गुमला जिला मुख्यालय से महज 15 किलो मीटर है। जहां बिजली नहीं पहुंचना अचरज पैदा कर रहा है। जिसे यह साफ हो गया कि पूर्व में चले राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का कार्य पूर्ण रूप से धरातल पर नहीं उतारा जा सका। जिसके कारण पसंगा जैसे कई गांव के लोग आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जबकि विकास के नाम पर झारखंड में सत्तासीन रहे हर दल दावे ठोकनें से कभी पीछे नहीं रहे। जबकि धरातल पर कार्य सरकार के दावों के बिलकुल विपरीत नजर आती है। यही कारण है कि जिला मुख्यालय से सटे पसंगा गांव की यह हाल है। पसंगा गांव के ग्रामीणों ने कई बार विभाग से शिकायत की। इसके बावजूद भी उनको सुनने वाला कोई नहीं है। राज्य गठन के 23 साल बाद भी झारखंड के गांवों की यह दूरदशा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के कार्य को भी बखूबी दशार्ता है। पसंगा गांव में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण निवास करते हैं। लेकिन वे आज भी बिजली के बिना जीने को मजबूर हैं। इस गांव का मिशन बदलाव के सदस्यों ने बुधवार को दौरा किया तो गांव के ग्रामीणों का दर्द उनके सामने छलक गया। ग्रामीणों ने कहा कि इतने साल बाद भी इस गांव में बिजली की रोशनी नहीं पहुंची है। इसके चलते हमलोंगो को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों को पढ़ाई की समस्या होती है। वहीं किसान भी खेती के लिए पूरी तरह से मौसम पर ही निर्भर हैं। इतना ही नहीं यह गांव जंगल के नजदीक स्थित है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को सांप बिछु का भी मुकाबला करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली ना होने की वजह से रात के समय कई बार लोग सर्पदंश का शिकार भी हो चुके हैं। इस दौरान मिशन बदलाव के भूषण भगत, विनय गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पुराने भूमि विवाद में दो गुटों में हिंसक झड़प

दुसरे गुट ने प्रथम पक्ष के लोगों पर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला,दो सगे भाई सहित महिला घायल, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प की घटना हुई है। इस घटना में दूसरे पक्ष के लोगों ने प्रथम पक्ष के लोगों पर लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया है। हिंसक झड़प की इस घटना में दो सगे भाई सहित महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना थाना क्षेत्र के पदमपुर पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव की है। घटना में प्रथम पक्ष के कैलाश राणा व दुसरे पक्ष के राजेश तूरी सहित अन्य के साथ पिछले कई वर्षों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर महीने-दो महीने में दोनों बच्चों के बीच मारपीट की घटना होते रहती है। मारपीट की इस घटना में घायल दोनों सगे भाई कैलाश राणा व प्रदीप राणा को पुलिस के द्वारा इलाज के लिए टंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मारपीट की घटना को लेकर घायल कैलाश ने बताया कि राजेश तुरी सहित अन्य के द्वारा पिछले कई वर्षों से मेरे पूर्वजों के खरीदें रैयती जमीन में जबरन दखल अंदाजी करने का प्रयास किया जा रहा था जिसको लेकर अक्सर दोनों पक्षों में मारपीट की घटना कारित होते रहती थी। इसी बीच बीते 15 दिनों पूर्व स्थानीय मुखिया व दोनों पक्षों की मौजूदगी अमीन के द्वारा मेरे जमीन की मापी कराई गई। जिसमें जिस जमीन को राजेश तुरी सहित अन्य अपना बताकर हक जमाने की प्रयास कर रहे थे वह जमीन मेरे पूर्वजो का निकला। वही मेरे जमीन के अगले छोर पर सड़क के किनारे सरकारी गैरमजरूआ जमीन निकला। जिस पर सभी गांव वालों की सर्वसम्मति से चबूतरा बनाने का निर्णय लिया गया था। जिससे नाराज राजेश तूरी सहित अन्य तीन लोगों ने जबरन मेरे घर में घूसकर हम दोनों सगे भाईयो व पत्नी के साथ मारपीट किया। वहीं दुसरे पक्ष के द्वारा किये जा रहे मारपीट का विडियो भी सामने आया है।

### विवाद को लेकर सीओ व एसडीओ को करवा चुके हैं अवगत : कैलाश राणा

जमीन विवाद को लेकर घायल प्रथम पक्ष के कैलाश राणा ने बताया कि राजेश तूरी सहित अन्य के साथ चले आ रहे जमीन विवाद के निबटारे को लेकर सीओ व एसडीओ सहित अन्य पदाधिकारियों को आवेदन देकर अवगत भी करवाया,लेकिन उनके द्वारा कोई पहल नहीं किया गया जिसके कारण मारपीट की घटना दोबारा हुई। बहरहाल जमीन विवाद के इस मामले में अब जांच के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि भूमि विवाद मे हिंसक झड़प की घटना फिर दुहराई नहीं जा सके।

स्पीड न्यूज



## सरयू राय ने पेंशन प्रमाणपत्र वितरित किये

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने बुधवार को बारीडीह विधानसभा कार्यालय में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की 200 स्वीकृति प्रमाण पत्र (50 से 59 आयु वर्ग तक) का वितरण किया। गौरतलब है कि अब तक इस कार्यालय से 721 प्रमाण पत्र वितरित किये जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में बारीडीह कार्यालय के प्रभारी अशोक कुमार, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मंजू सिंह, बीरेंद्र सिंह, अमित शर्मा, टी राज कुमार राव, काकोली मुखर्जी, वन्दना नामता, पुतुल सिंह, शिवानी सिंह, मनोरमा देवी, आरती मुखी, विजय नारायण, गौतम धर, दीपक आदि मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री दीपिका पांडेय से मिला कैट का प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर।** कैट का एक प्रतिनिधि मंडल कृषि मंत्री, झारखंड सरकार, श्रीमती दिपिका पांडेय सिंह, से रांची में मिला। उनसे व्यापारियों की समस्याओं पर बृहद विचार विमर्श हुआ। उन्होंने आश्वस्त किया की सभी हितधारकों का ख्याल रखते हुए कार्य किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में कैट के राष्ट्रीय सचिव, सुरेश सोंथालिया, झारखण्ड प्रदेश के मुख्य संरक्षक श्री प्रभात शर्मा, संरक्षक भरत वसानी तथा सत्यनारायण अग्रवाल उपस्थित थे।

## पतंजलि नियमित योग कक्षा ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

**जमशेदपुर।** आदि दुर्गाबाड़ी क्लब परसुडीह, पतंजलि नियमित योग कक्षा ने प्रथम स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसमें तमिलनाडु भारत स्वाभिमान न्यास के राज्य प्रभारी बालासुब्रमण्यम, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनीष डूडिया, भारत स्वाभिमान न्यास पूर्वी सिंहभूम के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार, युवा प्रभारी रवि नंदन, यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा और अन्य कई पदाधिकारी सम्मिलित हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाला सुब्रमण्यम ने कहा कि पतंजलि के योग शिक्षक घर-घर योग और यज्ञ पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। योग और यज्ञ के संस्कृति से ही स्वस्थ, समृद्ध और वैभवशाली भारत का निर्माण होगा। समारोह का समापन वैदिक यज्ञ - हवन के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में योग शिक्षिका तनुश्री दत्ता और रिंकू पटनायक के नेतृत्व में शंकरी दत्ता, रूपाली चौधरी, मिताली घोष, सोमा घोष, मुक्ता सिकदर, विश्वनाथ चौधरी, श्यामली पाल, मंजू अग्रवाल, राजकुमारी, सुप्रिया, अपर्णा और रिमी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भाषणबाजी से नहीं, लीगल एक्शन से टूटने से बच सकते हैं घर : सरयू राय

**इंदिरा नगर और कल्याण नगर के 150 मकान तोड़े जाने का मामला**

**बोले सरयू**
>> मकान टूटने से बचाने की चिंता है तो सभी दलों को एक मंच पर आना चाहिए
>> इंदिरा नगर और कल्याण नगर को पॉलिटिकल टूरिज्म का डेस्टिनेशन न बनाएं
-सांसद लोकसभा में इस मुद्दे को उठाएं, वह विधानसभा में उठाएंगे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने इंदिरा नगर और कल्याण नगर के 150 घरों को टूटने से बचाने के लिए विभिन्न दलों से राजनीतिक रोटी न सेंकने की अपील की है। उन्होंने इंदिरा नगर और कल्याण नगर को राजनीतिक पर्यटन स्थल न बनाने की भी अपील की। सरयू राय ने कहा कि अगर सभी दलों को इन 150 घरों को टूटने से बचाने की चिंता है तो उन्हें एक मंच पर आना चाहिए। उन्हें एक नागरिक समिति बनाने की पहल करनी चाहिए। श्री राय ने कहा कि जब सभी का मकसद एक है, जब सभी इन 150 घरों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो अपनी डफली, अपना राग नहीं चलेगा। सभी को एक मंच पर आना होगा। वह गुरुवार को इस चुनौतीपूर्ण कार्य के संबंध में पहल करेंगे।

बुधवार को यहां फेसबुक लाइव में श्री राय ने कहा कि जो दल सत्ता में हैं, वो मुख्यमंत्री से कहवा कर एनजीटी को दिये जाने वाले हलफनामे (एपीडेविट) में यह लिखवा दें कि कोई घर नहीं टूटेगा। अगर ऐसा हो जाता है तो इससे बेहतर क्या होगा। अगर ऐसा नहीं होता तो राजनीतिक बयानबाजी छोड़ कर लोगों को एक मंच पर आना ही चाहिए। जनहित के मामलों में कोई राजनीतिक हित नहीं देखा जाना चाहिए।

**सरयू राय की नजर में मामले का सच :** श्री राय ने कहा कि 150 घरों को टूटने से बचाने के लिए हर पार्टी के लोग इंदिरा नगर और कल्याण नगर जा रहे हैं और लोगों से कह रहे हैं कि वे एक भी घर को टूटने नहीं देंगे। कई नेता उपायुक्त से मिल रहे हैं तो कुछ लोग मंत्री से मिल रहे हैं। इन्हें दरअसल यह समझना होगा कि मामला क्या है। उन्होंने बताया कि यह मामला न तो मंत्री स्तर का है और न ही उपायुक्त के स्तर का। यह मामला एनजीटी का है जो सुप्रीम कोर्ट के समतुल्य है। जो भी होना है, वह एनजीटी के माध्यम से ही होना है। एनजीटी ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक एफिडेविट फाइल करने को कहा है जिसमें इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि पूरा मामला क्या है और राज्य सरकार इसमें क्या चाहती है? राज्य के मुख्य सचिव ने विगत 15 जुलाई को इस संबंध में एक बैठक की है और उस बैठक से किसी किस्म की रियायत की उम्मीद नहीं दिखी।

**मेरे प्रयास से अधिवक्ता संजय उपाध्याय मुफ्त में लड़ेंगे बस्तीवासियों के केस को :** सरयू राय ने फेसबुक लाइव में कहा कि उन्होंने एक सकारात्मक प्रयास करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजय उपाध्याय से इस संबंध में बात की। उन्होंने (संजय उपाध्याय ने) श्री राय से कहा है कि वह इस मामले को देखेंगे और कोई फीस भी नहीं लेंगे।

**एनजीटी की सुनवाई में बड़े वकील करें,बड़े नेता :** सरयू राय ने कहा कि इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। 12 जुलाई से अब तक सभी दलों के नेता इंदिरा नगर और कल्याण नगर गए और लोगों को गुमराह ही किया कि वे एक भी मकान को टूटने नहीं देंगे। यह सब राजनीतिक गप्पबाजी है। इसका समाधान एनजीटी में ही संभव है। एनजीटी में हर दल के बड़े नेता वकीलों को भेजें, जिरह करने को बोलें, तभी कुछ संभव है। बयानबाजी से इस समस्या का हल निकलने से रहा।

**सांसद मामले को संसद में उठायें,मैं विधानसभा में उठाउंगा :** श्री राय ने कहा कि अगर जमशेदपुर के सांसद वाकई एक भी घर नहीं टूटने देना चाहते तो वह इस मामले को लोकसभा में संजीदगी के साथ उठाएं। वह स्वयं 26 से 30 जुलाई तक चलने वाले विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को पूरी संजीदगी से उठाएंगे। 23 अगस्त को इस मामले की सुनवाई एनजीटी में होनी है।

**विधानसभा चुनाव बाद गायब हो जायेंगे पॉलिटिकल टूर करने वाले नेता 3** सरयू राय ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों के पहले एक भी घर तोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने आशंका जतायी कि विधानसभा चुनावों के बाद ऐसे एक भी नेता उस क्षेत्र में नहीं दिखेंगे, जो आज वहां दिख रहे हैं। नारा लगाने, तख्ती लहराने और राजनीतिक बयान देने से तो कल्याण नगर और इंदिरा नगर के लोगों का कल्याण होने से रहा।

# टाटा पावर वित्त वर्ष 2025 में 20,000 करोड़ रुपये कैपेक्स निवेश करेगी

- कंपनी की 105वीं वार्षिक आम बैठक में चेयरमैन एन चंद्रशेखरन
- छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों और डिस्कॉम के विस्तार के अवसरों का लाभ उठाया जाएगा
- उभरते स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में उपभोक्ता व्यवसायों पर ध्यान बढ़ाया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मुंबई/जमशेदपुर।** भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों की अपनी 105वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की थी।

शेयरधारकों को संबोधित करते हुए चेयरमैन श्री नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि, कंपनी का मजबूत वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन लगातार विकास, वित्तीय विवेक और परियोजना को चलाने में उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

टाटा पावर के चेयरमैन श्री एन चंद्रशेखरन ने कहा, वित्त वर्ष 2025 में 20,000 करोड़ रुपये का कैपेक्स निवेश करने की टाटा पावर की योजना है। यह वित्त वर्ष 2024 में निवेश किए गए 12,000 करोड़ रुपये से अतिरिक्त है। इसका एक बड़ा हिस्सा कंपनी के अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो को गति देने और ट्रांसमिशन और वितरण व्यवसायों की ओर संतुलन बनाने के लिए इस्तेमाल में लाया जाएगा। सरकार द्वारा आवश्यक अनुमति मिलने के बाद, अन्य राज्यों में नए वितरण विस्तार के अवसरों के अलावा, जब भी सरकारी नीतियों के अनुरूप ये अवसर सामने आएंगे तब कंपनी छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों में भागीदारी करेगी।



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन।

### प्रमुख बातें

**ऊर्जा संक्रमण का नेतृत्व :** विशेष रूप से वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे अक्षय ऊर्जा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत की हरित ऊर्जा बदलाव का नेतृत्व करने के लिए टाटा पावर अच्छी स्थिति में है।

**रूफटॉप सोलर विस्तार :** रूफटॉप सोलर में आक्रामक वृद्धि, पीएम सूर्य घर योजना के साथ कदम बढ़ाते हुए बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य

**उपभोक्ताओं पर ध्यान :** वितरण व्यवसाय का विस्तार करते हुए वर्तमान 12.5 मिलियन उपभोक्ताओं से 50 मिलियन उपभोक्ताओं तक पहुंचने का लक्ष्य।

**प्रदर्शन और भविष्य की योजनाएं :** कन्सॉलिडेटेड रेवेन्यू 10% बढ़कर 61,542 करोड़ रुपये हो गया; पीएटी 12% बढ़कर 4,280 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखा और अपनी विकास योजनाओं को फंडिंग करने के बाद भी शुद्ध ऋण से इक्विटी <1 को बनाए रखा।

**नवीकरणीय ऊर्जा :** मौजूदा और चल रही परियोजनाओं दोनों से, मौजूदा 9 जीडब्लु से 5 वर्षों में 15 जीडब्लु स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो का लक्ष्य

**विनिर्माण :** तमिलनाडु में नया 4.3 जीडब्लु सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण प्लांट स्थापित करना।

**इवी चार्जिंग :** 530+ शहरों में 5,500 सार्वजनिक और कैप्टिव चार्जर्स के साथ अग्रणी, और 86,000+ होम चार्जर्स बिठाए।

**रूफटॉप सोलर :** पीएम सूर्य घर योजना के तहत अपनी घर- घर सोलर पहल के जरिए घरों को सोलराइज करने के लिए पूरी तरह तैयार। अब तक 2 जीडब्लु+ रूफटॉप प्रोजेक्ट चलाये गये और 2,800 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है।

**एक नजर में**

## त्याग, बलिदान और वफादारी का संदेश देता है मोहर्रम : विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** हजरत इमाम के शहादत का पर्व मुहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान जुगसलाई विधानसभा के नगर परिषद क्षेत्र में गद्दी मोहल्ला, हुसैनी इस्लामी अखाड़ा हिल व्यू एरिया मल्लिक चौक, शहंसाह ए करबला अखाड़ा हबीब नगर,शहीद ए इस्लाम अखाड़ा इस्लाम नगर महतोपाड़ा रोड, शेरे इस्लाम अखाड़ा,अंजुमन सहदाई इस्लाम अखाड़ा, गौरी शंकर रोड, फि दा ए इस्लाम अखाड़ा, मिल्लते इस्लामिया अखाड़ा, तेल लाइन, गुलिसलानी शहीदाने इस्लामी अखाड़ा न्यू पटना कॉलोनी, होमा लाइन अखाड़ा में आयोजित मोहर्रम के ताजिया जुलूस में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और हजरत इमाम हुसैन साहब की शहादत को नमन और याद किया .अखाड़ा कमेटियों ने विधायक को पगड़ी पहना कर सम्मानित भी किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि शहादत देकर इंसानियत को जिदा रखा हजरत इमाम हुसैन साहब ने। त्याग बलिदान और वफादारी का संदेश देता है मोहर्रम।

## प्रखंड कार्यालय में विधायक सविता ने की बैठक



**चांडिल।** चांडिल प्रखंड कार्यालय में ईंचागढ के विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों का समीक्षा किया गया। प्रखंड स्तर पर चल रहे सभी विकास कार्य का समीक्षा किया गया। बैठक में विधायक सविता महतो ने ग्रामीणों को हो रहे समस्याओं का समाधान का विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास ने किया। बैठक में प्रभारी प्रमुख रामकृष्ण महतो, बिभा सिन्हा, डॉ एच एस शेखर, वनपाल राधा रमन ठाकुर, बिष्णु शरण महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, सुदामा हेंब्रम, राहुल वर्मा उपस्थित थे।

## चांडिल में मोहर्रम पर निकाला गया जुलूस



**चांडिल।** बुधवार को चांडिल के आलिशान मोहर्रम कमिटी चांडिल मशिजिद मोहल्ला के द्वारा मोहर्रम के अवसर पर पुरे चांडिल बाजार में जुलूस निकाला गया। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चौड़ा तथा कपाली में भी मोहर्रम पर जुलूस निकाला गया। इस दौरान ईंचागढ के विधायक सविता महतो चांडिल, कपाली तथा चौड़ा में निकाले गए जुलूस में शामिल हुई। चांडिल बाजार में खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए और कर्बला के शहिदों को अपनी अदीकद पेश किया। इसमें चांडिल के पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो के कद्दावर नेता ओमप्रकाश लायेक सामिल हुए। ओमप्रकाश को मोहर्रम कमिटी के द्वारा माला पहनाकर स्वागत तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सुरक्षा को लेकर जुलूस के दौरान जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती किया गया था। इस मौके पर सबीर अंसारी, मेहताब आलम उर्फ डब्लू, जुम्मन, शेराली, मुस्सू, घासिया, अब्दुल रहूफ सहित कमिटी के लोग उपस्थित थे।

## नौजवान अखाड़ा ने एसएसपी कौशल को किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना क्षेत्र के लाइसेंसी नौजवान अखाड़ा ने वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल को पगड़ी पहनाकर कर बुके देकर सम्मानित किया। लाइसेंसी मोहम्मद अलाउद्दीन ने वेरियस पुलिस अधीक्षक को मोहर्रम के अवसर पर तलवार भेंट किया। इस अवसर पर डीएसपी भोला प्रसाद, डीएसपी बच्चन देव कुजूर, आईडीबीआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देबांकर चौधरी मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी आकिब जावेद, आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, सिदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, सैयद मंजर अमीन को पगड़ी एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। नौजवान अखाड़ा पूरे जमशेदपुर में वर्क 2012 में मोहर्रम शांतिपूर्वक मनाएं जाने पर जिला उपायुक्त एवं सीनियर एसपी के द्वारा सम्मानित किया गया था। इस सभा का संचालन मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान के द्वारा किया गया था। आज के इस प्रोग्राम में मुख्य रूप से नौजवान अखाड़ा के अभिभावक शाहिद प्रवेश, मोइनुद्दीन अंसारी, ताहिर हुसैन आदि मौजूद थे।

## एमजीएम तक नहीं संभाल पाये बन्ना गुप्ता अगला विधायक भाजपा का होगा: मनीष

- जमशेदपुर पश्चिम के कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बोले हजारीबाग के सांसद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में बिस्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, जिला प्रभारी सह कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम एवं प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद मुख्यरूप से शामिल हुए। समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के कार्यकताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें गत लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सबसे अधिक मत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पश्चिम विधानसभा के सातों मंडलों के छह बूथों के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के साथ विधानसभा स्तर पर दस बूथों के अध्यक्ष मौजूद रहे।



समारोह में मनीष जायसवाल, सुधांशु ओझा व सांसद बिद्युतबरण महतो।

## एक्सआईटीइ गम्हरिया में स्नातक सत्र 2024 के छात्रों को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में समारोह आयोजित कर 2022-24 सत्र स्नातक छात्रों को विदाई दी गई। जेवियर्स स्कूल हॉल में आयोजित इस समारोह में विदा लेने वाले छात्रों के लिए वर्षों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास की परिणति को चिह्नित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य फ्रांसिस द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक विदाई नहीं है, बल्कि आपकी यात्रा और आप में से प्रत्येक का इंतजार कर रहे उज्ज्वल भविष्य का उत्सव है। हमें इस बात पर गर्व है कि आप कितनी दूर तक आए हैं और यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि आप कहां जाएंगे। इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट उपलब्धियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व और कॉलेज जीवन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## भालूबासा में निकला मुहर्रम जुलूस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 17 जुलाई 2024 दिन बुधवार को भालू आशा मुस्लिम बस्ती स्थित मोहर्रम अखाड़ा 4 कमेटी की ओर से मोहर्रम का पर्व बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन भोला प्रसाद सिंह सीताराम डेरा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक विनय प्रसाद मंडल अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे सीताराम डेरा थाना समिति समिति के सदस्य रामबाबू सिंह चंद्रशेखर मिश्रा जसपाल सिंह शंभू मुखी डूंगरी संजय नदी संतोष कुमार को मोहर्रम अखाड़ा कमेटी की ओर से पगड़ी एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मोहर्रम अखाड़ा के खिलाड़ियों के द्वारा रतनजीत खेल का प्रदर्शन एवं खिचड़ा लंगर शरबत का वितरण किया गया।

## लोकल ट्रेनों का ठहराव को लेकर डीआरएम से मिले विधायक मंगल



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों के संबंध में आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने चक्रधरपुर पहुँच कर रेल डीआरएम से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जुगसलाई फाटक पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द करवाने,सालगाझुड़ी फाटक के समीप बेरिकेटिंग का निर्माण करवाने,पावर्ती घाट से गरीब नवाज कॉलोनी जाने वाले पथ का निर्माण करवाने, पार्वती घाट से गरीब नवाज कॉलोनी जाने वाले पथ निर्माण करवाने, प्रमथनगर एवं श्यामा प्रसाद स्कूल जाने वाली पथ पर रेलवे फाटक पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाने और टाटानगर से खड़गपुर की और से लोकल ट्रेनों का जो आवागमन लगा रहता है उनका ठहराव गोविदपुर पैसेन्जर हॉल्ट पर अति महत्वपूर्ण है। इसलिए इन सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए निष्पादन कार्य करें।

## अंडर करंट से भयभीत हैं विधायक सरयू राय, खोज रहे आसरा : भानू

- साढ़े चार साल की चुप्पी के बाद अब भाजपा सरयू राय पर हुई हमलावर
- कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बोले भाजपा विधायक, इस बार भाजपा हरायेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा सम्पन्न हुई। सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर के विधायक एवं भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, जमशेदपुर के सांसद बिद्युतबरण महतो एवं जमशेदपुर महानगर प्रभारी सह कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद एवं कार्यक्रम के कोल्हान सह संयोजक दिनेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए।

अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित करते मुख्य वक्ता के रूप में शामिल पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही ने गत लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर पुर्वी से प्राप्त रिकॉर्ड मार्जिन से मिली जीत पर कार्यकताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार से इंडी एलायंस ने साजिश के तहत संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे का बवंडर खड़ा किया। उसे मंसूबे को भाजपा कार्यकताओं ने धराशायी कर दिया, इसके लिए कार्यकताओं की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही होगा। कहा कि पूर्वी विधानसभा में 75% मतदान भाजपा के पक्ष में हुआ, जो पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 52 विधानसभा क्षेत्र में जबकि इंडी गठबंधन को सिर्फ 29 विस क्षेत्र में बढ़त मिली है।






कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित करते भानूप्रताप शाही और पूर्वी जमशेदपुर के भाजपाइयों के सामने सिर नवाते सांसद बिद्युतबरण महतो।

## ट्रांसमिशन और हीट ट्रिटमेंट में 125 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** ट्रांसमिशन और हीट ट्रीटमेंट की ओर से एक ब्लड डोनेशन कैम्प टाटा मोटर्स के ब्लड डोनेशन सेंटर में लगाया गया जिसमें 125 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। 50 बार से ज्यादा रक्तदान करने वाले ट्रांसमिशन के नीरज कुमार झा को सम्मानित भी किया गया। रक्तदान में यूनियन की ओर से अध्यक्ष गुरमीत सिंह जी, महामंत्री आर के सिंह जी के साथ कमिटी मेंबर और आफिस बेयरर भी उपस्थित हुए। प्रबंधन की ओर से जी एम सुभासिष दास, जी एम प्रकाश कुमार सिन्हा, ई आर हेड सौमिक रॉय, डी जी एम अमितेश पांडेय, ई आर ट्रांसमिशन नीरज कुमार, सुनील जैसवाल और बी बी सिंह उपस्थित हुए।

## स्पीड न्यूज

### डोभा में डूबने से बृद्ध की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के रजवार पंचायत के मुंडा टोली में मंगलवार की शाम मनरेगा द्वारा बनाए गए डोभा में डूबने से फिलिप्स केरकेट्टा 70 वर्ष की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार फिलिप्स केरकेटा मंगलवार की शाम शौच के लिए गया हुआ था। जहां मनरेगा द्वारा बनाए गए डोभा में फिसल कर गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि फिलिप्स केरकेटा मंगलवार की शाम अपने घर नहीं पहुंचा तो बुधवार को खोजबीन करने पर उसका शव डोभा में पाया गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई लेकिन गांव वाले पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए इधर गांव की मुखिया उर्मिला देवी ने भी पुलिस को यह लिखकर दे दिया कि यह स्वाभाविक मौत है इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सकता है ।इसके बाद पुलिस वापस लौट गई ।लेकिन कुछ ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि मनरेगा द्वारा जो डोभा बनाया गया था। वह बिल्कुल अवैज्ञानिक तरीके से बनाया गया था और उसमें कई अनियमितता थी जिसको छुपाने के लिए गांव के मुखिया ने मामला को रफा दफा करने के ख्याल से बिना पोस्टमार्टम के ही शव दफना दिया। जबकि बृद्ध का पोस्टमार्टम अगर कराया जाता तो उसे आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा चार लाख मुआवजा मिल जाता।

### दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में तीन घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पाकी मुख्य पथ पर पचपेड़ी ग्राम के समीप बुधवार को दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में जनू उरांव 45 वर्ष पिता लालदेव उरांव ग्राम लावालौंग जिला चतरा एवं दूसरे मोटरसाइकिल में सवार आफताब आलम 18 वर्ष पिता मोहम्मद लतीफ व मोहम्मद शाहनवाज 24 वर्ष पिता सरवर अंसारी दोनों ग्राम हरिजन मोहल्ला रहमत नगर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद तीनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि जनू उरांव तूवैद कोलियरी में एक होटल में काम करता था और वह स्कूटी में सवार होकर अपने घर लावालौंग जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से मुहर्रम पर्व का मेला देखने रोहन ग्राम जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार होने के कारण आमने-सामने टक्कर हो गया।

### संदेहास्पद स्थिति में महिला का शव बरामद


मृतिका महिला का शव।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सधवाडीह स्थित पंडरापानी जंगल के पास दिन बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया है। वहीं मृतिका महिला का उम्र लगभग 40 वर्ष अंदाजा लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सधवाडीह के ग्रामीणों ने मवेशियों को चराने के दौरान जंगल में चकौंधी के पेड़ से लटकता हुआ एक महिला का शव देखा। जिसके बाद इसकी जानकारी मनिका थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा को दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी के द्वारा थाना एसआई सत्येंद्र कुमार, एसआई अनूप कुमार समेत पुलिस बल के अन्य जवानों को घटनास्थल पर भेजा गया। जहां पर पुलिस की टीम ने पेड़ से लटकता हुआ शव को अपने कब्जे में लेते हुए मनिका थाना ले आए। वहीं खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। हालांकि मनिका पुलिस के द्वारा हर बिंदुओं पर नजर रखते हुए पूरे मामले की गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही थी।

### मनिका प्रखंड में शहादत का पर्व मुहर्रम शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ संपन्न


जुलूस में शामिल लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम धमार्लबियों के द्वारा मनाए जाने वाला मुहर्रम पर्व हजरत इमाम हसन व हुसैन की शहादत की याद में दिन बुधवार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ ताजिया जुलूस भी निकाला गया। वहीं क्षेत्र के कई गांव से निकाले गए ताजिया जुलूस का हाई स्कूल मनिका के समीप मिलान किया गया। वहीं जुलूस के दौरान अखाड़े के माध्यम से युवाओं ने एक से बढ़कर एक खेल दिखाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। साथ ही आखाड़ों में जनबल की मजबूती इस वर्ष ज्यादा दिखी,हर अखाड़े के साथ सैकड़ो लोग युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए चल रहे थे। वहीं अखाड़े में मुस्लिम धमार्लबियों के द्वारा लाठी, डंडे, तलवार, भाला, गड़ासा, इत्यादि से आकर्षक कर्तव्य दिखाया जा रहा था। वहीं पर्व के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में ताजिया जुलूस निकालने से लेकर ताजिया मिलान स्थल व क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी प्रकाश शर्मा पुलिस बलों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर खुद से भी निगरानी रख रहे थे।

# मनरेगा में धांधली चरम पर आपसी साठ गांठ कर राशि का किया जा रहा है बंदरबांट

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड में मनरेगा योजनाओं को बिचौलियों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। ऐसा ही एक मामला सदर प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत में सामने आया है। जहां बिचौलिया की मिलीभगत से कई व्यक्तियों के नाम से योजना स्वीकृत कर गुपचुप तरीके से टीसीबी एवं आम बगवानी का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि गांव की जिन लाभुक के नाम पर योजना स्वीकृत की गई है उन्हें पता ही नहीं है कि उनके नाम पर कोई योजना भी चल रहा है। एक भी लाभूक को पता नहीं है कि टीसीबी निर्माण का कार्य कैसे होता है। उन्हें अपना वर्क आर्डर भी पता नहीं है और ना ही योजना के बारे में कोई जानकारी है। बता दें की मनरेगा योजना के तहत बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना में भी गड़बड़ी की गई है कुआं का बांधने का कार्य ईट या पत्थर से करना था लेकिन पीसीसी कर ढलाई कर दिया गया है जो की


कूप निर्माण।

प्राकलन के विरुद्ध है। लेकिन रोजगार सेवक भ्रष्टाचार के पात्र में संलिप्त होने के कारण ऐसा नहीं हो रहा है। जितने भी टीसीबी योजना का कार्य हो रहे हैं उसमें बिना बोर्ड लगाये ही कार्य आरंभ कर दिया गया है। अगर रोजगार सेवक सही तरीके से जांच करते तो इस तरह का खेल नहीं होता। जांच नहीं करने के कारण भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है। बता दे की एक योजना में 60 गड्ढा करना होता है लेकिन यहां पर टीसीबी योजना में 30 से 40 गड्ढा ही कोड़ा गया है। योजना बोड नही होने के कारण बिचौलियों को जियो टैग करने में आसान हो जा रहा है। बार-बार एक ही योजना का जियो टैग कर डिमांड लगाकर पैसे की निकासी कर लेते हैं। बता दे की डिमांड में मनरेगा योजना में काम कर रहे कर्मियों की नाम आईडी नहीं होती है। यह आईडी बिचौलिया अपने सगे संबंधियों के नाम से बनवाते हैं। फर्जी मजदूरों के नाम से डिमांड लगाते हैं। जिससे सरकारी धनराशि का दुरुपयोग कर रहे है।

# पेड़ से लटका शव मिलने से सनसनी

## हेंदेगिर का रहने वाला मृतक राजू गंझू, रिश्तेदार के घर आया था चंदवा के परसाही

- शव को कब्जे में लेकर मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत देवनदिया ग्राम के समीप रेलवे लाइन किनारे स्थित ठुठा बहेरा जंगल में बुधवार की दोपहर एक युवक का शव पेड़ पर फांसी के फंदे देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना के बाद शव को देखने व मृतक की शिनाख्त को लेकर ग्रामीणों की भींड जमा हो गयी, सूचना के बाद पंचायत के मुखिया जतरु मुंडा भी मौके पर पहुंचे व घटना की सूचना चंदवा पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया व पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, सोशल मीडिया पर मृतक का तस्वीर वायरल होने के बाद मृतक की पहचान राजू गंझू पिता लालदेव गंझू (सितम टांड हेंदेगिर थाना केरेडारी हजारीबाग) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक चंदवा के कामता पंचायत अंतर्गत परसाही गांव में रिश्तेदार अजय गंझू के घर आया था।


झूलता शव।

### रिश्तेदार के घर आया रहा चंदवा के परसाही आया था मृतक

मामले में अजय गंझू ने बताया मृतक राजू गंझू का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था, मानसिक रोग के ईलाज के लिए उसे चंदवा लेकर आए थे जहां विगत कुछ दिनों से ईलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह वह अचानक कहीं चला गया, फोन कर पूछे जाने पर उन्होंने निद्रा में होने की बात कही, हमने उसे वापस आने के लिए कहा, तो वह बोला कि वापस आ रहे हैं। इसके बाद उसका फोन उठना बंद हो गया। कुछ देर बाद उसका शव पेड़ लटके होने की सूचना मिली। अजय ने आगे बताया कि मृतक राजू पूर्व में आत्महत्या का प्रयास कर चुका है, इससे संदेह है कि राजू ने आत्महत्या की है। इधर चंदवा पुलिस मृतक की शिनाख्त होने के बाद मामला हत्या का है या आत्महत्या इसकी गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

### ताजिया मिलन कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह हुए शामिल


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक रामचंद्र सिंह।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला, पोखरी चौफाल पर बुधवार को ताजिया का मिलान किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग ताजिया के साथ जुलूस में शामिल हुए। वहीं चौफाल पर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह, बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार, बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, एसआई राहुल कुमार, कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह समेत कई लोगों को पगड़ी बांध कर आयोजन कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर्व शहादत का पर्व है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में एक मिसाल कायम होता है। जो सभी समुदाय से मिलजुल कर आपसी सौहार्द और स्वच्छ वातावरण में पर्व को मनाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील किया की इसी तरह अमन चैन के साथ पर्व मनाए। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का खुद बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा था। सुरक्षा को लेकर के विभिन्न चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी एवं ड्रोन कैमरा से हर पल की नजर रखी जा रही थी। बेतला पोखरी में आकर्षित और सुंदर ताजिया का निर्माण किया जाता है जो दूर-दूर से लोग देखने आते हैं।

# चंदवा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ मुहर्रम का त्योहार, निकली मोहम्मदी जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

- मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद, या हुसैन या अली के नारे से गुंजा शहर

**चंदवा।** चंदवा शहर व मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में बुधवार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का त्योहार सम्पन्न हो गया। मुहर्रम के पहलाम (दशमी) के मौके पर शुक्र बाजार, कामता, कुजरी, तिलैयाटांड़, बेलवाही, बोदा, चकला, सांसग, हुचलु, माल्हन समेत मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में रंग बिरंगी ताजिया के साथ हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहम्मदी जुलूस निकाली गई। जुलूस श्री राम चौक, सुभाष चौक, मुख्य बाजार होते इंदिरा गांधी चौक पहुंची जहां फातिहा पढा गया। इसके उपरांत जुलूस थाना परिसर पहुंची जहां विभिन्न अखाड़ा के द्वारा ताजिया व कला-करतब का प्रदर्शन किया गया। बेहतर ताजिया के लिए बीडीओ चंदन प्रसाद व इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने संयुक्त रूप प्रथम पुरस्कार स्व.मुंशी मियां (शुक्र बाजार) के तजिया को दिया। वहीं दूसरा स्थान ग्यास खान कामता व तीसरा स्थान बेलवाही व चौथा स्थान खान स्पोटिंग शुक्र बाजार कमिटी रही, जिन्हें सीओ जयशंकर पाठक, समाजसेवी रामयश पाठक व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर थाना परिसर में आए बच्चों के बीच टॉफियां बांटी गई एवं अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। थाना पारिसर में कार्यक्रम का संचालन दीपू कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत थाना परिसर से जुलूस निकलकर कामता कर्बला पहुंची, जहां मिट्टी मंजिल का रस अदायगी की गई। इसके पूर्व कामता मैदान में मेला का भी आयोजन किया गया। इधर मुहर्रम त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में सीओ जयशंकर पाठक, इंस्पेक्टर रणधीर कुमार, बीडीओ चंदन प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई। प्रशासन के द्वारा असामाजिक तत्वों पर निगरानी को लेकर ड्रोन कैमरे भी उड़ाए जा रहे थे। इस बार जुलूस के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से शहर में चार पहिया व बड़े वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह से रोक दिया गया व रूट डाइवर्ट कर दूसरे रास्ते वाहनों को गंतव्य के लिए रवाना कराया गया। मौके असगर खान,अयूब खान, शाहिद खान, बाबर खान, इरशाद मुन्ना, मो सरफराज, इशलू खान, मो. सेराज, बबलू खान समेत सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम संप्रदाय के लोग शामिल थे।

### प्रखंड पुलिस प्रशासन व पत्रकार को किया गया सम्मानित


सम्मानित करते कमेटी के लोग।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमु चौक स्थित मोहर्रम कमेटी के खलीफा अलीहसन अंसारी के द्वारा एसडीपीओ वेंकटेश कुमार, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, राहुल कुमार समेत उपस्थित पत्रकार लोगों को गुलदस्ता देखकर स्वागत किया गया। वहीं उन्हें सम्मानित भी किया गया। शांतिपूर्ण वातावरण से कुटमु के टडियाहीटोला से ताजिया निकाल कर कुटमु चौक पर सम्मान समारोह में रोककर अपनी सुंदर व आकर्षित ताजिया बनाकर लोगों को मन मोह लिया। इस दौरान सीडीपीओ वेंकटेश कुमार ने कहा कि आपसी एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व मना कर इस क्षेत्र की मान सम्मान को जो कायम रखे हैं, वह बरकरार रखें, सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन सहयोग के लिए कदम से कदम मिलाकर कार्य करेगी। वहीं लोगों को शांतिपूर्ण, मुहर्रम पर्व में ताजिया निकालने को लेकर बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, राहुल कुमार समेत उपस्थित पत्रकारों ने इसी तरह शांतिपूर्ण व समान समारोह के लिए कमेटी के लोगों को धन्यवाद दिया।

# परियोजना पदाधिकारी ने जूस पिलाकर ट्रक मालिकों की भूख हड़ताल तुड़वायी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी वर्ष 2018 का भाड़ा लागू करने की मांग को लेकर 24 घंटे से भूख हड़ताल पर बैठे ट्रक मालिकों का भूख हड़ताल परियोजना पदाधिकारी एस. सतनारायण ने नारियल पानी पिलाकर समाप्त कराया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम को परियोजना पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी ने नारियल पानी पिलाया। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में ट्रक मालिकों के साथ वार्ता हुई। जिसमें ओम अनंत राज एंटरप्राइजेज कंपनी लिफ्टर औरंगजेब हाशमी डीओ नंबर 625 एवं विजय साव लिफ्टर, डीओ नंबर 531,523,580 524, 538, 599 द्वारा एशोसिएशन के नियमों को मानते हुए एग्रीमेंट पेपर में लिखित दिया कि वे निर्धारित भाड़ा का भुगतान करेंगे ।पेपर का पैसा खर्च नहीं लेंगे अनलोडिंग 700 ऑफिस खर्चा या मुंसियाना के नाम पर 500 रुपया लेंगे। तब जाकर उनके डीओ का काम चालू कर दिया गया। वहीं बाकी अन्य डीओ जो एशोसिएशन को लिखित नही दिया गया जिस कारण उनका कार्य बंद रहेगा। मौके पर ट्रक मालिकों ने जानकारी देते हुए कहा कि जब तक सभी डीओ होल्डर वार्ता के लिए नहीं आ जाते हैं। तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर वार्ता के दौरान भाजपा नेता सह विस्थापित नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि सीसीएल ने हम लोगों की जमीन पर माइंस खोला है। लेकिन अब तक पुनर्वास एवं मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया है। विस्थापित-प्रभावित गांव के लोगों ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा लेकिन ट्रांसपोर्टर की मनमानी के चलते ट्रक मालिक आत्महत्या करने को मजबूर है। लोगों के रोजगार का मुख्य साधन ट्रक है। अगर ट्रक नहीं चलेगा तो मगध में हाईवा भी नहीं चलेगा।

मौके पर विस्थपित नेता त्रिवेणी साव, सतनारायण साव, मिथुन कुमार, मोहन साव, शंभू साव, राजेश राम, दीपू गुप्ता, कमलेश सिंह, बबलू चौरसिया, बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा, केदार साव, रंजीत यादव,मदन साव कुंडी, विनय कुमार, मुकेश कुमार, मो. जुनेद, सुनील यादव, रोहित कुमार पंकज सिन्हा, ए दिनेश कुमार, खुशियाल साव, विशुन यादव, महेंद्र यादव, कुलदीप यादव, संतोष यादव गंगेश्वर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह धरना में शामिल हुए थे और संगठन की मांग को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री से बात करने की बात कही थी और कहा था कि आप लोग एक शिष्टमंडल बनाये और मामले को लेकर रांची चलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात मैं कराऊंगा।

## महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य गांवों में निकाला गया मोहर्रम का जूलूस

# आज महुआडांड़ मुख्यालय में निकाला जाएगा मोहर्रम का जूलूस

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रशासन मुस्ताद।

**महुआडांड़।** प्रखंड में मोहर्रम का त्योहार धूमधाम व शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में से मनाया जा रहा है। वहीं बुधवार को महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्राम लुरगुमी, शाहपुर, परहाहाटोली, ओरसा, कापू, हामी, मायापुर समेत अन्य गांव के ईमाम बाड़ा से मुहर्रम के पहलाम का जुलूस निकला गया जो निर्धारित मार्ग पर होते हुए अपने अपने ईमाम बाड़ा के पास जुलूस पहुंच कर समाप्त हुआ। जूलूस में या अली या हुसैन समेत अन्य नारा लगाए जा रहे थे। जूलूस के दौरान जगह जगह पर खिलाड़ियों के द्वारा लाठी डंडा समेत तलवार समेत अन्य करतब दिखाने वाले सामग्रियों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए जा रहे थे। जूलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। वहीं महुआडांड़ मुख्यालय में सुबह 6:00 बजे से मोहर्रम के पहलाम का जूलूस निकाला गया। वहीं जूलुस में महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिमांशु चंद्र मांझी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, थाना प्रभारी अवनीश कुमार पुलिस प्रशासन के लोगों के द्वारा शान्ति पूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जुलूस में शामिल रहें। बृहस्पतिवार को भी महुआडांड़ मुख्यालय में मोहर्रम का जूलूस निकाला जाएगा।

### हर जगह पुलिस प्रशासन रही मौजूद, कमिटी प्रशासन का जताया आभार

मोहर्रम के जुलूस को लेकर महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देश पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में जूलूस के निर्धारित मार्गों पर व जूलूस के साथ साथ भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकि कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी जूलुस समाप्त होने तक एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य विभाग के टीम को रखा गया था। ताकि खेल करतब दिखाने के दौरान कोई चोटिल हो जाएं तो प्राथमिक उपचार तत्काल हो सके। साथ ही साथ दंडाधिकारी भी नियुक्ति किया गया था। जिसे लेकर महुआडांड़ मोहर्रम कमिटी व अंजुमन कमेटी के द्वारा महुआडांड़ प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### अभाविप ने परियोजना निदेशक सह (आईटीडीए) लातेहार को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते अभाविप सदस्य।

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा मंगलवार को जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह जिला एसएफडी प्रमुख अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में परियोजना निदेशक (आईटीडीए) लातेहार को ज्ञापन सौंप लातेहार जिले में कल्याण विभाग से संचालित छात्रावासो की विभिन्न समस्याओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। अभाविप ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि लातेहार के अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास में बड़ा स्ट्रीट लाइट, पीने का शुद्ध पानी, किचन सेड, लाइब्रेरी, गैस सिलेंडर व नाइट गार्ड आदि काफी कमियां है। वहीं अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास के भवन में बरसात के दिन में पानी सीपेज के कारण परेशानी हो रही है। इसके साथ ही बरवाडीह प्रखंड के अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में शौचालय निर्माण और शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। जहां परियोजना निदेशक ने अविलंब इन समस्याओं को जांच कराते हुए आवश्यक कारवाई करने को लेकर अभाविप सदस्यों को आश्वस्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभावीप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह जिला एसएफडी प्रमुख अतुल कुमार सिंह उपस्थित थे।

# बिहार में तिहरा हत्याकांड, सारण में दो लड़कियों के साथ उनके पिता की हत्या

एजेंसी

**पटना।** दरभंगा में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या के 24 घंटा अंदर अब बिहार में तिहरा हत्याकांड हो गया। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के गांव में अपराधियों ने परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी है। मंगलवार देर रात्रि करीब दो बजे अपराधियों ने पिता और उनकी दो बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं अपराधियों ने मां को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने प्रेम प्रसंग में इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के



लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।

घटना सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फौरन इस मामले में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटनास्थल से दूर कुआं से चाकू जब्त कर लिया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने कहा कि तीन लोगों के हत्या हुई है। इस मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ चल रही है। स्पीडी ट्रायल के तहत दोनों को सजा दिलवाई जाएगी। घायल शोभा देवी द्वारा बताया गया है कि लगभग दो बजे रात्रि को दो युवक मुंह को कपड़े से बांध कर पीछे के दरवाजे से घर में घुसे। इसके बाद छत पर सो रहे मेरे पति तारकेश्वर सिंह और मेरी दो पुत्रियों (15 वर्षीय चांदनी कुमारी और 13 वर्षीय आभा कुमारी) को सोए अवस्था में ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर मार डाला। अपराधियों ने मुझे भी चाकू से वार कर हत्या करने का प्रयास किया गया है। लेकिन, घर से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाने के कामयाब हुई।

बताया जा रहा है कि प्रथम दृष्टया सुधांशु कुमार उर्फ. रोशन और चांदनी कुमारी के बीच काफी दिन पहले प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लेकिन फिलहाल कुछ दिनों से दो के बीच बातचीत हम बंद हो गई थी। कुछ दिन पहले ही सुधांशु कुमार उर्फ रौशन द्वारा घर पर जाकर धमकी दी गई थी। इसके बाद तीन लोगों की हत्या कर दी गई। घटना के बाद दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करा दी गई है ताकि किसी तरह का कोई बवाल नहीं हो।

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

सारण पुलिस ने शोभा देवी के बयान पर रसूलपुर थाना क्षेत्र के हरिजन टोला निवासी संतोष कुमार राम के 22 वर्षीय पुत्र सुधांशु कुमार उर्फ रौशन जबकि सुनील राम के 25 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार को सारण पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिसिया पूछताछ में दोनों अभियुक्तों द्वारा इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया है। साथ ही इन दोनों के हाथ पर किसी धारदार हथियार से बने जख्म भी मिला है। इसके अलावा खून से सने कपड़े भी मिले हैं। इसे फॉरेंसिक जांच के लिए जब्त किया गया है।

## खबर एक नजर में

### बच्चे को धक्का मारकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने किया पुलिस को सुपुर्द

**कांडी।** मझिआंव थाना के खरसोता में एक चार वर्षीय बच्चा को धक्का मारकर भाग रहा एक कार व एक युवक 10 किलोमीटर दूर कांडी थाना के देवडीह में ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। घटना मंगलवार देर शाम की है। घटना के विषय में बताया जा रहा है कि स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर जेएच 01 एफए 5329 जो जपला से खरसोता की ओर आ रही थी उसी दौरान खरसोता तीन मुहान के पास सतीश चौधरी का एक चार साल का बच्चा हिमांशु कुमार अचानक गाड़ी के आगे आ गया जिससे एक पैर गाड़ी के धक्के से बुरी तरह जख्मी हो गया। कार चला रहा युवक गाड़ी को न रोककर गोसांग की ओर तेज गति से भाग गया। दस किलोमीटर दूर आ कर देवडीह गांव की संकीर्ण गलियों में गाड़ी को तेज गति से घुसा दिया। अचानक एक कार को तेज गति से गली में जाते देख लोग डर गए आखिर यह कैसी गाड़ी है जो गांव में गया है। आगे रास्ता बंद पाकर गाड़ी चला रहा युवक फरार हो गया जबकि एक दूसरा युवक जिसको ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम मौके पर पहुंच कर एक युवक व कार को कब्जे में ले लिया।

### हसन और हुसैन की याद में मुस्लिम समुदाय ने मनाया मोहर्रम

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मोहर्रम का पर्व मनाया गया। हसन और हुसैन की याद में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाये गये उक्त पर्व के अवसर पर एक से बढ़कर एक ताजिया का निर्माण किया गया। सभी ताजिया में तिरंगा झण्डा भी लहरा रहा था। वहीं उनके द्वारा रंग विरंग के आकर्षक डिजाइनों में घोड़े का भी निर्माण किया गया। क्षेत्र के डंडई, रारो, लवाही, बेला झगड़ा गयाडीह इत्यादि गांवों में निर्मित सभी तरह के ताजिए को बुधवार देर शाम डंडई लवाही सिवान स्थित मिलनी स्थल पर आपस में मिलान कराया गया। रारो पंचायत के लोगों के द्वारा बनाया गया गोल्डन रंग का ताजमहल के आकार की ताजिया खूब खूबसूरती बटोरा। मिलनी स्थल पर पहुंचे लोग उसकी खूबसूरती निहारते रहे। साथ ही उक्त ताजिए की उक्त लोगों के द्वारा खूब प्रशंसा भी किया गया। इतना ही नहीं ताजिए का निर्माण किए समाज के लोगों की भी उक्त लोगों के द्वारा खूब प्रशंसा किया गया।

## स्पीड न्यूज

### हृदयगति रुकने से पूर्व मुखिया का निधन

**रमना।** मड़वनिया पंचायत की पूर्व मुखिया सुशीला देवी (65 वर्ष) का निधन बुधवार की सुबह हृदयगति रुक जाने के कारण हो गयी। वह 2010 से 2015 तक मुखिया रही थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय लौंगा नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि पति उदय नारायण सिंह ने दी। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर सुशीला देवी के असमायिक निधन पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया स्वीटी वर्मा, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय सिंह सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### विशाखापट्टनम से युवक लापता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव के दूरबिजवाडीह टोला निवासी नन्दलाल प्रसाद गुप्ता के 23 वर्षीय पुत्र विकास गुप्ता पिछले चार दिनों से आंध्रप्रदेश के विसाखापट्टनम से लापता है। विकास रविवार को 11 बजे दिन से लापता है। इस मामले को लेकर 16 जुलाई मंगलवार को विसाखापट्टम के भोगापुरम थाना में ठीकेदार द्वारा गुम होने का मामला दर्ज कराया गया है। वह वहां पर एल एन्ड टी कंपनी में भोगापुरम में एक लोकल ठीकेदार के माध्यम से सुपरवाइजर के पद पर काम करता था। कांडी थाना के सड़की गांव निवासी लोकल ठीकेदार अखिलेश प्रसाद के ठीकेदारी में पिछले डेढ़ महीने से काम कर रहा था। ठीकेदार अखिलेश ने बताया कि मैं रविवार को सुबह 8 बजे उसके एकाउंट में 25 हजार रुपया लेबर को खोराकी के लिए डाला था। वह डेरा से लगभग 10 बजे एटीएम से पैसा निकालने जा रहे हैं बोल कर गया था। डेरा से एटीएम 15 किलोमीटर दूर था। उसके कुछ देर बाद मैंने दो बार फोन किया तो विकास फोन नही उठाया। लेकिन एक घन्टा बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। विकास के पिता नन्दलाल प्रसाद गुप्ता एक गांव से दूसरे गांव जाकर सगुन करा रहे हैं।

### मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यलय सहित खाला, खुटिया, रक्सी, टाटीदीरी, गनियारी कला तथा अन्य जगहों पर हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाला मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया, सीपड़, अखाड़ा के साथ जुलूस निकाला। जहां मुस्लिम समुदाय के बच्चो नवजवानों व बुजुर्गो द्वारा परंपरागत हथियारों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए। इस दौरान लोगों ने डंडा, तलवार, गड़ासा आदि से अपने अपने करतब दिखाए। जुलूस में शामिल लोग हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में या हसन, या हुसैन, या अली, कर्बला दूर है, जाना जरूर है आदि नारे लगा रहे थे। जुलूस में मुस्लिम व हिंदू समुदाय को एकता देखने को मिली। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने खाला में लाठी खेलकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए धुरकी प्रशासन तत्पर रही। थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों के जुलूस में सुरक्षा के मद्देनजर कड़ी नजर बनाए थे।

## केतार में मुहर्रम पर निकाला गया ताजिया

**केतार।** मुहर्रम को लेकर बेलाबार, नावाडीह सहित केतार प्रखंड मुख्यालय में मुस्लिम समुदाय की ओर से ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में झंडे के साथ भारतीय तिरंगे झंडे को मुस्लिम समुदाय के युवाओ ने बड़े शान के साथ तिरंगे झंडे को लहराते हुए देखे गए। ताजिया जुलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। युवाओं ने ताजिया जुलूस में अपने-अपने करतब कला दिखाया। केतार प्रखंड के बेलाबार, नावाडीह पचाडुमर आदि जगहों से ताजिया जुलूस निकाली गई। ताजिया जुलूस को लेकर केतार पुलिस प्रशासन ने प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस जवानों को तैनात किया था। साथ ही केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने सभी चौक चौराहा पर तैनात हुए पुलिस जवानों से जानकारी लेते हुए देखें गए। जबकि एएसआई रौशन तीगा को केतार, पचाडुमर में वेंकटेश शर्मा मोर्चा संभाले, वही थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने अपने स्वयं बेलाबार



जुलूस में उपस्थित लोग।

में मुस्तैद थे। अनजुमन इस्लामिया कमिटी के लोगों ने बताया कि इमाम हसन हुसैन की याद में ताजिया जुलूस निकाली जाती है। मौके पर मजिस्ट्रेट नागेंद्र पाठक, जेई अमर भारती, समाजसेवी अजय वर्मा, मुखिया मूंगा साह, मुखिया प्रमोद प्रसाद, मनोरंजन गुप्ता, अली हुसैन, इम्तियाज आलम, अल्ताफ अंसारी, जसमुदीन अंसारी, समीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, मेराजुदीन अंसारी, साबिर अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र मे हजरत इनाम व इमाम हुसैन की शहादत की याद मे मुहर्रम त्यौहार का जुलूस या हसन या हुसैन के नारे के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुहर्रम का जुलूस अरसली उत्तरी, चौरासी, मकरी, पंडरिया, चपरी मे जुलुस निकाली गई। इस जुलुस मे तिरंगा झंडा, ताजिया, सिफाड़ निकाली गई। मकरी पंचायत के मैदान मे मिलन के बाद अपना कला दिखा कर लोगों का मनोरंजन किया। प्रखंड के सभी अखाडा कमिटियों का मिलन अपने अपने कर्बला मैदान मे हुआ। जुलुस के साथ समुदाय के लोग सजी हुई ताजिया को लेकर चल रहे थे। जुलुस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, प्रभु मेहता सहित अन्य पदाधिकारी शांति व्यवस्था बनाने लगे हुए थे। मकरी मैदान मे मुहर्रम इन्तेजामियां कमेटी मकरी के द्वारा अखाड़ा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कमेटी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, भाजपा नेता उमेन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि चंदन ठाकुर, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक वर्मा, प्यारे मोहम्मद अंसारी, रविपाल, महताब आलम, जयराम, उल्फत अंसारी, शमशेर अंसारी, राजेंद्र पासवान, सुजीत कुमार, राकेश रवि सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सच्चाई और अच्छाई का प्रतीक है मुहर्रम का त्योहार : अनंत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** मुहर्रम का त्योहार दुनिया में सच्चाई और अच्छाई का प्रतीक है। उक्त बातें पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव ने मड़वनिया पंचायत भवन के समीप मुहर्रम के अवसर पर आयोजित मिलनी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज मे शांति और प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि इमामे हुसैन ने धर्म नहीं बल्कि इंसानियत की रक्षा के लिए कर्बला के मैदान मे अपनी कुबार्नी दी थी। ऐसे में मुहर्रम अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि मुहर्रम हमे मानवता, न्याय एवं समता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिशाल है। इस प्रकार के आयोजन से आपसी भाईचारा और अधिक मजबूत होगा। इस दौरान लोगो ने परम्परागत



मंचासीन पूर्व विधायक व अन्य।

हथियारों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। मौके पर थाना प्रभारी अशफाक आलम, एसआई ऋषिकेश सिंह, रमना पंसस सीता देवी, रमना मुखिया दुलारी देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, समाजसेवी अजित सोनी, अनुज चन्द्रवंशी, वीरेंची पासवान, रमेश रवानी, पिंटू पांडेय, रोहित वर्मा, हरिचन्द यादव, चंदन पाल, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के खुर्शीद अंसारी, अनवर अंसारी, जाकिर अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी, सूबेदार अंसारी, तबरेज आलम, हैदर अंसारी, हारून अंसारी, आलमगीर अंसारी, जुल्फिकार अंसारी, फैजल अंसारी, अलीजान अंसारी, नेजाम अंसारी सहित दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

## मुस्लिम समुदाय ने ताजिया व अखाड़ा के साथ निकाला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजिया व अखाड़ा के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग हजरत ईमाम हसन-हुसैन की याद में या हसन, या हुसैन, या अली, कर्बला दूर है, जाना जरूर है.. आदि नारे लगा रहे थे। इसके अलावा जुलूस में शामिल लोग मरसिया भी पढ़ रहे थे। मुहर्रम के मौके पर अकीदतमंदों ने रोजा भी रखा। मगरीब अजान के बाद अकीदतमंदों ने रोजा खोला। रांकी मोहल्ला व टंडवा मोहल्ला के जुलूस का मिलान शहर के रंका मोड़ पर किया गया। जबकि उंचरी, सोनपुरवा, इंदिरा गांधी रोड, शरीफ मोहल्ला, मदरसा रोड, जोबरईया आदि के जुलूस का मिलान मझिआंव मोड़ पर किया



जुलूस में शामिल लोग।

गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न मोहल्लों द्वारा निकाला गया जुलूस गढ़देवी मोड़ के पास इकट्ठा हुआ। जहां मुस्लिम बच्चों, नवजवानों व बुजूर्गों द्वारा परंपरगत हथियारों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए। इसके बाद जुलूस मझिआंव मोड़ होते हुए कर्बला के मैदान में पहुंचकर मिलनी के बाद समाप्त हो गया। इसके बाद सभी ताजियादार व अखाड़ेदार अपने-अपने ताजिया व अखाड़ा को लेकर चौक के पास पहुंचे। इसके बाद लोगों ने चौक पर सिरनी फातिहा किया। जुलूस के दौरान अप्रिय घटना से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा जुलूस के समय शहर में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। वहीं जुलूस में शांति व्यवस्था कायम रखने विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस जवान तैनात थे।

### मुहर्रम पर विभिन्न गावों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री हुए शामिल

## जो लोग समाज मे विभेद पैदा करते हैं वे न तो हिंदु हैं, न मुसलमान हैं, वे हैं शैतान : मंत्री मिथिलेश

▶▶ मुहर्रम से अन्याय के विरूद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलती है

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मुहर्रम के मौके पर बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित की गई। विभिन्न गावों में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मुहर्रम इंतजामिया कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम ग्राम दरमी, सिदे, कादरी नगर चमरही, संग्रहे खुर्द, कल्याणपुर, छतरपुर, चरका पत्थर मेराल, बीरबंधा तथा जिला मुख्यालय स्थित कर्बला के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान कमिटी के लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। कमिटी के लोगों ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, तलवार देकर एवं तीर-धनुष प्रदान कर मंत्री को सम्मानित किया।



संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।



तीर-धनुष देकर मंत्री का स्वागत करते लोग।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुहर्रम महीने का हर दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए अहम होता है। इस महीने का 10वां दिन बहुत ही खास माना जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मुस्लिम समुदाय मुहर्रम को गम के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन साहब ने अन्याय, बुराई के विरूद्ध घुटने नहीं टेके। बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे वे झुके नहीं। यदि वे हार मान जाते या समझौता कर लेते तो आज इस्लाम का वजूद नहीं रहता। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने हक अधिकार के लिए हमें बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे झुकना नहीं चाहिए। बल्कि आगे बढ़कर अपना हक अधिकार लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जो लोग समाज को कमजोर करते हैं, अधर्म के रास्ते पर ले जाते हैं, समाज में विभेद पैदा करते हैं वैसी ताकतों से डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गढ़वा आपसी, एकता एवं भाईचारा का मिशाल है। यहां सभी जाति, धर्म के लोग आपस में मिलजुलकर एक-दूसरे के पर्व त्यौहार एवं सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं। जो लोग इसमें खलल डालने की कोशिश करते हैं सभी लोग मिलकर मुंहतोड़ जवाब देते हैं। मंत्री ने कहा कि जो लोग समाज में एक-दूसरे को आपस में लड़वाने, बांटने एवं विभेद पैदा करने का काम करते हैं वे न तो मुस्लिम हैं, न हिंदु हैं, न सिक्ख हैं, न इसाई हैं। वैसे लोग शैतान होते हैं। वैसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मिथिलेश पासवान, सोनल पासवान, संजय चौधरी, अनिल पासवान, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, साकिर अंसारी, एनुल खान, सुलतान अंसारी, कमालु, सरपरस्त मो. इब्राहिम अंसारी, सदर नौजवान कमिटी इरफान अंसारी, सदर शमीम अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अयूब अंसारी, सदर अख्तर खां, शेख रहमतुल्लाह हाजी, शेख फहीम, शेख मंसूर हाजी, शेख एजाजुल, एकबाल खां, हाजी जसीमुद्दीन खां, परिखन विश्वकर्मा, जैदुल्लाह, शफीक खां, तहजीब खां, उपेंद्र सिंह, डॉ बीरबल विश्वकर्मा, निसार खान, सत्येंद्र सिंह, तहजीब आलम, प्रेम कुमार, मुंद्रिका राम, सदर रहमत खान, सेक्रेटरी युनूस खान, बाबर खान, मोजम्मिल अंसारी, शहंशाह आलम, अनवर हुसैन सरपरस्त, खुसमुद्दीन खां, सलाहुद्दीन खान, इश्फाक खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अपराध नियंत्रण में...

इस योजना को शुरू करने तथा लाभुकों के चयन की सभी प्रक्रिया अविलंब पूरी करें, ताकि राज्य की महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये मिशन मोड में काम करें। इन कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम दिखना चाहिए।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी आरके मलिक, सुमन गुप्ता, सचिव मनोज कुमार, आईजी प्रभात कुमार एवं आईजी पंकज कंबोज मौजूद थे ।

### गठबंधन सरकार से ...

**झारखंड में अपराध चरम पर :** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कर दी हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार की नित्य नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है। राज्य में घोटालों और भ्रष्टाचार से जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध भी चरम सीमा पर है।

**घुसपैठिये जमीन कब्जा कर रहे हैं :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सरकार में घुसपैठिये जनजाति बेटियों से शादी कर जमीनें हड़प कर हकदार भी बन रहे हैं और उनके नाम से चुनाव तक लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले गठबंधन सरकार ने जनता से सैकड़ों वादे किये थे, लेकिन मिला कुछ नहीं। युवाओं को नौकरी देने के नाम पर सिर्फ ठगा। गरीब बहनों को 2 हजार रुपये घर खर्च देने का वादा किया पर आज तक नहीं मिला।

**केंद्र का पैसा भी खा जाते हैं :** उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने यहां करोड़ों रूपये भेजे। केंद्र के पैसे भी ये लोग खा गये। ये गठबंधन केवल रोटी नहीं खाते। ये बालू भी खाते हैं। ये खनिज भी खाते हैं, ये पहाड़ भी खाते हैं। ये केंद्र का भेजा पैसा खाते हैं और ये गरीबों के मकान खा जाते हैं।

**महाविजय का संकल्प लें :** उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की जीत के बाद आब झारखंड विधानसभा चुनाव में महाविजय का संकल्प लेना है। आज का दिन नेताओं के स्वागत का नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के सम्मान का दिन है। भाजपा के कार्यकर्ता नींव के पत्थर है। उन्हीं से पार्टी को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा, मैं अतिथि नहीं आपके परिवार का सदस्य हूं। हम सब एक परिवार है इसलिए हमें आत्मीयता से काम करना है।

**मोदी अदभुत नेता :** श्री चौहान ने कहा कि आपके पीएम मोदी जी अद्भुत नेता हैं। 62 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है किए कोई लगातार तीसरी बार पीएम बना हो। मोदी के कामों के प्रति जनता के बीच में विश्वास, उनकी गारंटी के प्रति विश्वास, उनके प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव और इसी कारण आज भाजपा नेए एनडीए ने तीसरी बार सरकार बनायी है

### पकड़ा गया साइबर...

इस वजह से वादी शशि शंकर और अमित जायसवाल पर भरोसा करने लगे। भरोसा जीतने के बाद अमित जायसवाल और शशि शंकर ने वादी को अपने झांसे में लेकर क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने को कहा। साइबर अपराधियों के झांसे में आकर वादी ने अमित जायसवाल द्वारा बनाये गये फर्जी वेबसाइट के जरिए निवेश करना शुरू कर दिया। अपने फर्जी काम को वास्तविक दिखाने के लिए अमित जायसवाल और शंकर ने झारखंड के बड़े शहरों में कई कार्यक्रम भी किये। जैसे ही निवेश की रकम करोड़ों में पहुंची, वेवसाइट बंद कर अमित जायसवाल और शंकर दोनों गायब हो गये। तब लोगों को यह समझ आया कि उनके साथ बड़ी ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। शंकर की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

### गिरिडीह में तजिया में ...

विदेशी झंडा फहराने और नारेबाजी करने के मामले में लोहरदगा के पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां ने कहा कि यह मामला पुलिस के संज्ञान में है। दो-तीन बच्चे वीडियो में नारेबाजी करते दिख रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच करवा रही है। पुराने कानून में विदेशी ध्वज फहराने और विदेश के पक्ष में नारा लगाना देशद्रोही के श्रेणी में आता था। नये कानून में इसे और स्पष्ट तरीके उल्लेखित किया गया है। उसके मुताबिक देशद्रोह का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। वीडियो की पड़ताल की जा रही है।

**11 हजार वोल्ट की चपेट में आया तजिया :** जमुआ थाना क्षेत्र के चकमंजो गांव में बुधवार की दोपहर ताजिया निशान 11 हजार वोल्ट के के बिजली तार से सट गया। यह हादसा गांव का भ्रमण करने के दौरान हुआ। गांव का ही हैदर अंसारी (26 वर्ष) पिता ताजउद्दीन अंसारी ताजिया लेकर गांव का भ्रमण कर रहा था। करंट लगने से घटनास्थल पर ही हैदर की मौत हो गयी। बिजली विभाग से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया है। हादसे से इलाके में मातम पसर गया है। हैदर घर का अकेला कमानेवाला थाष वह बावर्ची का काम करता था। मृतक के पिता ताजुद्दीन अंसारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर चकमंजो कर्बला में दफन किया जाये।

**बड़कागांव में पथराव, सुरक्षा बल तैनात :** हजारीबाग के बड़का गांव दो गुट 48 घंटे से आमने-सामने हैं। बुधवारको भी पथराव और कई वाहनों में तोड़फोड़ की घटना सामने आयी। स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाया। ग्रामीणों ने बुधवार को बड़कागांव डेली मार्केट की दुकानें बंद कर दी है। जिला के वरिय पदाधिकारी भी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। पूरा माजरा महुदी रामनवमी जुलूस मार्ग से जुड़ा हुआ है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनाती है।

# पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक का डर

## डोडा में हमले के बाद बढ़ायी लड़ाकू हवाई गश्त

एजेंसी

- जम्मू रीजन में 78 दिन के भीतर 11 आतंकी हमलों में 11 जवान हुये शहीद
- चार साल से एलओसी पर सीजफायर बंद होने से उठने लगे हैं सवाल
- आतंकियों की तलाश में डोडा के जंगलों में हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है सेना



**नयी दिल्ली।** डोडा के घने जंगलों में आतंकवादियों के घात लगाकर किए गए हमले में एक कैप्टन समेत चार जवानों के शहीद से एक बार फिर पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक का डर सताने लगा है। यही वजह है कि पाकिस्तान की वायु सेना ने अपनी लड़ाकू हवाई गश्त बढ़ा दी है। जम्मू रीजन में 78 दिन के भीतर 11 आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें 11 जवान शहीद हुए हैं। चार साल से एलओसी पर सीज फायर बरकरार रहने और पीर पंजाल की पहाड़ियों के दक्षिणी ओर आतंकी हमले बढ़ने से खुफिया एजेंसियों पर सवाल उठने लगे हैं।

**सेना ने चला रखा है तलाशी अभियान :** भारतीय सेना ने मंगलवार सुबह से ही डोडा के जंगलों में तलाशी अभियान चला रखा है, क्योंकि माना जा रहा है कि पहाड़ की सबसे ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस क्षेत्र में आतंकवादियों की तलाश में भारतीय सेना डोडा के जंगलों में हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के एक वन क्षेत्र में चार घंटे के अंतराल में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच दो बार गोलीबारी हुई है। जिले के भट्टा इलाके में बुधवार की देर रात को पाकिस्तानी आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इसके बाद अतिरिक्त बल ऑपरेशन स्थल पर पहुंचे हैं।

### पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद

आतंकवादी हमलों के बीच पिछले माह एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं।

अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर सीमा लांघ रहे हैं। इस क्षेत्र में मौजूद विदेशी आतंकवादी छोटी-छोटी टीमों में काम कर रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक में दो-तीन आतंकवादी हैं। आतंकवादियों की संख्या का आकलन खुफिया एजेंसियों और जमीन पर काम कर रहे बलों से मिले इनपुट पर किया गया है।

इसे जम्मू क्षेत्र के राजौरी, पुंछ और कठुआ सेक्टरों में आतंकवाद को पुर्नजीवित करने की कोशिश के रूप में माना जा रहा है। पीर पंजाल पर्वतमाला के दक्षिण में आतंकवाद-रोधी ग्रिड को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई गई है।

**आतंकियों ने दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया :** जम्मू रीजन में 78 दिन के भीतर 11 आतंकी हमलों में 11 जवानों की शहादत के लिए चार साल से एलओसी पर सीजफायर होने को बड़ी वजह माना जा रहा है, जिसकी वजह से सीमा पार इलाके से घुसपैठ बढ़ी है।

दरअसल, पीर पंजाल पहाड़ियों के उत्तरी ओर कश्मीर घाटी में आतंकवाद का लगभग सफाया होने के बाद अब सीमा पार से घुसपैठ के लिए दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के दक्षिणी पीर पंजाल के इलाके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी, कठुआ के पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकी हमले हो रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### ओमान में तेल टैंकर पलटा, 13 भारतीयों समेत 16 लापता

**दुबई।** ओमान में बंदरगाह पर तेल टैंकर (जहाज) के पलट जाने से 13 भारतीयों सहित 16 लोगों का पूरा दल लापता है। किसी का भी अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। लापता लोगों में चालक दल के तीन सदस्य श्रीलंकाई हैं। समुद्री सुरक्षा केंद्र (एमएससी) ने एक्स पर यह सूचना साझा की है। केंद्र के अनुसार, कोमोरोस के झंडे वाला एक तेल टैंकर बंदरगाह शहर दुकम के पास रस मदरका से 25 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में पलट गया। यह बंदरगाह ओमान के दक्षिण-पश्चिमी तट पर है। यह सल्तनत की प्रमुख तेल और गैस खनन परियोजनाओं के करीब है।

### ओली संसद में रविवार को पेश करेंगे विश्वास मत



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में रविवार को विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे। नेपाल के संविधान में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 30 दिनों के अंदर विश्वास का मत हासिल करने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से संसद सचिवालय को भेजे गए पत्र में रविवार (21 जुलाई) को विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करने की जानकारी दी गई है। सीपीएन (यूएमएल) के प्रमुख सचेतक महेश बतौर्ला ने बताया कि मंगलवार को ही संसद सचिवालय में मौखिक जानकारी दी गई थी। बुधवार को लिखित पत्र भी भेज दिया गया है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर नौ करोड़ का सोना जब्त

मुंबई। सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर 13 .24 किलो सोना के अलावा 1.38 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 45 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त किया है। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 9 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने सभी से पूछताछ कर गहन छानबीन की जा रही है।

### निक्की हेल्ली ने ट्रंप को किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राह और आसान हो गई। ट्रंप की अंतिम, प्राथमिक और प्रमुख प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली ने मिल्वौकी में मंगलवार को रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के प्रारंभिक संबोधन में ट्रंप का समर्थन किया। यह सुनते ही ट्रंप और उनके साथी जेडी वेंस के चेहरे पर मुस्कान उभरी। हेली ने रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन की दूसरी रात कहा कि राष्ट्र की खातिर पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को उनका 'मजबूत समर्थन' है। उल्लेखनीय है कि सुश्री हेली को ट्रंप का सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

### असम : बाल विवाह में 81 प्रतिशत कमी

नयी दिल्ली। असम सरकार की सख्त और त्वरित कार्रवाई से राज्य में बाल विवाह में 81 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां जारी की गई। रिपोर्ट टूवाड्र्स जस्टिस इंडिंग चाइल्ड मैरेज के अनुसार असम में कानूनी कार्रवाई से बाल विवाह में 81 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य के 30 प्रतिशत गांवों में बाल विवाह के पूरी तरह खत्म हो गए हैं और 40 प्रतिशत गांवों में इसमें उल्लेखनीय कमी आई है।



### 36 घंटे काम कर श्रुति हेगड़े ने जीता मिस यूनिवर्सल का खिताब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के एक छोटे से शहर हुबली से संबंध रखने वाली श्रुति हेगड़े ने मिस यूनिवर्सल पटीट का खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि आप एक अस्पताल में 36 घंटे काम करें और फिर अगले दिन चुस्त-दुरुस्त होकर ब्यूटी क्वीन प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंच जाएं। हेगड़े ने कुछ ऐसा ही किया। पेशे से चिकित्सक हेगड़े 2018 से ही इसके लिए तैयारी कर रही थीं और उनकी यह मेहनत रंग लाई। एक महीने से कुछ समय पहले 10 जून को श्रुति हेगड़े भारत की पहली मिस यूनिवर्सल पटीट बनीं। साल 2009 से दिए जा रहा यह खिताब निर्धारित मानकों से छोटे कद की महिलाओं के लिए विश्व सुंदरी बनने का एक मौका देता है। मिस यूनिवर्सल पटीट प्रतियोगिता हर साल अमेरिका के फ्लोरिडा में स्थित टेम्पा में आयोजित की जाती है।

## सेवानिवृत्त अग्निवीरों को 10 % आरक्षण देगी हरियाणा सरकार

एजेंसी

- पुलिस, माइनिंग व फोरेस्ट गार्ड में मिलेगा आरक्षण
- ग्रुप-सी के पदों में भी पांच और ग्रुप-डी में एक प्रतिशत
- प्राथमिकता के आधार पर मिलेंगे आर्म लाइसेंस
- प्राइवेट नौकरी देने वाले उद्योगपतियों को सरकार देगी सब्सिडी



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को राज्य के चार विभागों में दस प्रतिशत आरक्षण देने और प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने का एलान किया है। साथ ही सैनी सरकार ने सेवानिवृत्ति के बाद अग्निवीरों को नौकरी देने वाले उद्योगपतियों को सब्सिडी देने और अपना उद्योग लगाने वाले अग्निवीरों को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त कर्ज देने की घोषणा की है। बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि सेना से चार वर्ष की सेवा के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को

हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल, फोरेस्ट व माइनिंग गार्ड, जेल वार्डन और एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) की सीधी भर्ती में दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकारी नौकरियों में तय उम्र सीमा में भी अग्निवीरों को छूट मिलेगी। सैनी ने बताया कि अग्निवीरों के पहले बैच को उम्र में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद के बैच के लिए यह छूट तीन वर्ष के लिए होगी। इतना ही नहीं, सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप-डी यानी तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों में भी अग्निवीरों के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस बड़ा दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकहित की योजना है और इसके माध्यम से स्किल और एक्टिव युवा तैयार होंगे। 14 जून, 2022 को लागू की गई इस योजना के तहत भारतीय सेनाओं में चार वर्षों के लिए अग्निवीर भर्ती किए जा रहे हैं। चार वर्ष की सर्विस के बाद कुल अग्निवीरों में से 25 प्रतिशत स्थाई होंगे और बाकी के रिटायर हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीरों को ग्रुप-सी के सिविल पदों के लिए सीधी भर्ती में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। वहीं ग्रुप-डी के पदों में एक प्रतिशत आरक्षण की सुविधा होगी। ग्रुप-सी

**हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने की कई घोषणायें**

और ग्रुप-डी के पदों में निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट किया कि अगर कोई उद्योगपति अग्निवीरों को सेना से वापस आने पर 30 हजार रुपये से अधिक मासिक वेतन पर नौकरी देता है तो ऐसे उद्योगपतियों को सरकार की ओर से सालाना 60 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए विस्तृत योजना का ड्राफ्ट तैयार करके जारी किया जाएगा। अग्निवीरों को सेना से लौटने के बाद प्राइवेट सेक्टर में आसानी से नौकरी मिल सके। इसके लिए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस मिलेंगे। अगर कोई अग्निवीर अपना खुद का उद्योग लगाना चाहता है तो सरकार उसे पांच लाख रुपये तक का ब्याज रहित ऋण मुहैया कराएगी।

## कर्नाटक में स्थानीय को 100 फीसदी आरक्षण, उद्योग जगत ने जतायी चिंता

नयी दिल्ली। कर्नाटक सरकार स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए विधेयक लायी है। इसके तहत निजी संस्थानों में स्थानीय लोगों को गैर-प्रबंधन भूमिकाओं में 70 प्रतिशत और प्रबंधन भूमिकाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण तय किया गया है। कर्नाटक सरकार के फैसले के बाद उद्योग जगत ने अपनी नाराजगी जताना शुरू कर दिया है। कर्नाटक राज्य उद्योगों, कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार विधेयक, 2024 शीर्षक वाला विधेयक गुरुवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को सोशल मीडिया पर घोषणा की कि सरकार ने कन्नड़ लोगों के लिए निजी कंपनियों में आरक्षण अनिवार्य करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह

**आज विधानसभा में विधेयक पेश करेगी सरकार**

कर्नाटक में निजी कंपनियों को स्थानीय कन्नडिगाओं के लिए सी और डी ग्रेड पद 100 प्रतिशत आरक्षित करने का आदेश देता है, जिसका प्रभावी अर्थ इन पदों पर केवल कन्नड़ भाषी लोगों की भर्ती है। बाद में उद्योग जगत ने सरकार के फैसले की आलोचना की, जिसके बाद उन्होंने यह पोस्ट हटा दी। इसके बाद कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष एस. लाड ने स्पष्ट किया कि स्थानीय लोगों के लिए गैर-प्रबंधन भूमिकाओं में 70 प्रतिशत और प्रबंधन भूमिकाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण तय किया गया है। कर्नाटक सरकार के फैसले पर नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) का कहना है कि बिल तकनीकी उद्योग के विकास में बाधा डालेगा और नौकरियों को प्रभावित करेगा। इससे कंपनियों को दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। नैसकॉम उद्योग प्रतिनिधियों की राज्य प्राधिकारियों के साथ तत्काल बैठक चाहता है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में उद्योगों, कारखानों और अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानीय उम्मीदवारों के कर्नाटक राज्य रोजगार विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी गई। विधेयक में यह अनिवार्य किया गया है कि उद्योग, कारखाने और अन्य प्रतिष्ठान 50 प्रतिशत प्रबंधन पदों पर और 70 प्रतिशत गैर-प्रबंधन पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियुक्त करे। अधिनियम के तहत स्थानीय उम्मीदवार की यह परिभाषा की गई है।

### जेलों में समलैंगिक समुदाय से भेदभाव नहीं करे राज्य : केंद्र

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जेलों में बंद सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार किया जाए और किसी भी व्यक्ति, विशेष रूप से समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू+) से संबंधित व्यक्ति के साथ किसी भी तरह का भेदभाव न किया जाए। गृह मंत्रालय ने गृह सचिवों और जेल प्रमुखों को इस संबंध में एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में निदेशक (जेल सुधार) अरुण सोबती ने कहा कि गृह मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि समलैंगिक समुदाय (एलजीबीटीक्यू+) के सदस्यों के साथ अक्सर उनकी लैंगिक पहचान या यौन रूझान के कारण भेदभाव किया जाता है तथा उन्हें अक्सर हिंसा और अनादर का सामना करना पड़ता है।

## केजरीवाल की जमानत पर फैसला 29 जुलाई को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से जुड़े केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मुकदमे को चुनौती देने के साथ ही इस मामले में अंतरिम जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिकाओं कर सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता केजरीवाल की दोनों याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही कहा कि आरोपी की मुख्य जमानत याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। एकल पीठ ने श्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश डी. पी. सिंह की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि सीबीआई ने इस संभावना के मद्देनजर 26 जून को उनके मुवक्किल (केजरीवाल) को गिरफ्तार किया कि कहीं वह जेल से रिहा न हो जाए। यह बिना कोई आधार के एक प्रकार से तय गिरफ्तारी थी। उन्होंने इस मामले में अंतरिम जमानत की भी गुहार लगाई।

सीबीआई का पक्ष रखते हुए श्री सिंह ने श्री सिंघवी के आरोपों का खंडन करते हुए अंतरिम जमानत याचिका का विरोध किया। उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल कोधनशोधन के मामले में 12 जुलाई को अंतरिम जमानत की राहत दी थी, लेकिन 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुरू की लाडला भाई योजना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनाव नजदीक आते ही एकनाथ शिंदे सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए सरकारी खजाना खोल दिया है। लाडली बहना योजना की तर्ज पर अब लाडला भाई योजना लाई गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पंढरपुर के विट्ठल मंदिर में महापूजा के बाद मीडिया को इसकी जानकारी दी। लाडला भाई योजना के तहत बारहवीं पास करने वाले युवाओं को छह हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इस योजना के तहत डिप्लोमा करने वाले युवाओं को आठ हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। वहीं, ग्रेजुएट युवाओं को दस हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। शिंदे ने कहा कि इस योजना के तहत हमारी सरकार हमारे राज्य के युवाओं को कारखानों में अप्रेंटिस करने के लिए पैसे देने जा रही है।

## 22 भाषाओं में 22000 पुस्तकें प्रकाशित करेगी यूजीसी

एजेंसी

- सरकार ने छात्रों को अपनी मातृभाषाओं में विभिन्न विषयों की किताबें उपलब्ध कराने के लिए अस्मिता परियोजना की शुरूआत



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने छात्रों को अपनी मातृभाषाओं में विभिन्न विषयों की किताबें उपलब्ध कराने के लिए अस्मिता परियोजना की शुरूआत की है। इसके तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को अगले पांच वर्षों में 22 भारतीय भाषाओं में 22,000 पुस्तकें प्रकाशित करने का लक्ष्य दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 अन्य भाषाओं के साथ-साथ मातृभाषाओं या क्षेत्रीय भाषाओं को सीखने को प्रोत्साहित करके भारतीय शिक्षा में बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है। एनईपी 2020 के इस विजन को साकार करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति ने मंगलवार को उच्च शिक्षा के लिए भारतीय भाषा में पाठ्यपुस्तक लेखन पर यूजीसी कार्यशाला के समापन सत्र के दौरान तीन प्रमुख पहलों अस्मिता, बहुभाषा शब्दकोष और तत्काल अनुवाद के उपाय का शुभारंभ किया।

उच्च शिक्षा सचिव मूर्ति ने कहा कि अस्मिता परियोजना का उद्देश्य अनुवाद और अकादमिक लेखन के माध्यम से भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री का संवर्धन करना है। यूजीसी के नेतृत्व में भारतीय भाषा समिति (बीबीएस) के सहयोग से अस्मिता का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 22 अनुसूचित भाषाओं में 22000 पुस्तकें तैयार करना है। वहीं बहुभाषा शब्दकोष को लेकर मूर्ति ने कहा कि भारतीय भाषा समिति (बीबीएस) के सहयोग से केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) के नेतृत्व में बहुभाषा शब्दकोष, बहुभाषी शब्दकोशों का एक विशाल भंडार बनाने की एक व्यापक पहल है।

तत्काल अनुवाद के उपाय परियोजना को लेकर मूर्ति ने कहा कि भारतीय भाषा समिति के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच (एनईएफटी) के नेतृत्व में तत्काल अनुवाद के उपाय, भारतीय भाषा में तत्काल अनुवाद क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक तकनीकी ढांचे के निर्माण की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इन सभी परियोजनाओं को आकार देने में प्रमुख भूमिका प्रौद्योगिकी की होगी, और एनईटीएफ व बीबीएस की इसमें बहुत बड़ी भूमिका होगी। कार्यशाला में देश भर से 150 से अधिक कुलपतियों ने भाग लिया। कुलपतियों को 12 मंथन सत्रों में बांटा गया था, जिनमें से प्रत्येक 12 क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों की योजना बनाने और विकसित करने के लिए समर्पित था। प्रारंभिक फोकस भाषाओं में पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बंगाली, उर्दू, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु और ओडिया शामिल थीं। समूहों की अध्यक्षता नोडल विश्वविद्यालयों के संबंधित कुलपतियों द्वारा की गई और उनके विचार-विमर्श से बहुमूल्य परिणाम सामने आए।

### फिर आई हसीन दिलरुबा का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी स्टारर फिर आई हसीन दिलरुबा का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी स्टारर हसीन दिलरुबा , हसीन दिलरूबा का सीक्वल है। पहले पार्ट का निर्देशन विनील मैथ्यू ने किया था, जबकि दूसरे पार्ट का निर्देशन जयप्रद देसाई ने किया है।फिर आई हसीन दिलरुबा में सनी कौशल और जिमी शेरगिल की भी अहम भूमिका है।इस फिल्म की कहानी वहीं शुरू होती है जहां से हसीन दिलरुबा खत्म हुई थी। निर्माताओं ने फिल्म फिर आई हसीन दिलरूबा के किरदारों की पहली झलक साझा की है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !